**
वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच

शुक्रवार, 05 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 151, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 14 अंकों की उछाल
पश्चिम एशिया में जारी तनाव और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के बीच सेंसेक्स में 14 अंक और निफ्टी में 11 अंक की मामूली बढ़त रही। } 10

भारत-वेनेजुएला ने लिया ऊर्जा साझेदारी का संकल्प
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ व्यापक वार्ता की। दोनों देशों ने अपनी जरूरतों पर आधारित दीर्घकालिक ऊर्जा साझेदारी स्थापित करने का संकल्प भी लिया। } 12

यूपी में रोक के बावजूद बढ़ा बिजली का बिल
बिजली बिलिंग सॉफ्टवेयर में 10 फीसदी ईंधन अधिभार शुल्क की वसूली लागू

वरिष्ठ संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने बिजली ग्राहकों को नियामक आयोग के रोक के बाद भी बिजली बिलिंग सॉफ्टवेयर में 10 फीसदी ईंधन अधिभार शुल्क की वसूली लागू कर दी गई है। इसे लेकर उपभोक्ता परिषद ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। नियामक आयोग में विधिक के साथ ही अवमानना प्रस्ताव दायर करते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की है। मुख्यमंत्री व ऊर्जा मंत्री से इस पर तत्काल रोक लगाने और बिल जमा कर चुके उपभोक्ताओं का अतिरिक्त पैसा लौटवाने का अनुरोध किया है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि आयोग द्वारा 10 फीसदी ईंधन अधिवर शुल्क के आदेश को नियमों के विपरीत बताया गया। इसके बावजूद भी पावर कारपोरेशन गुपचुप तरीके से बिलिंग सॉफ्टवेयर में बदलाव करके वसूली चालू कर दी है, जिससे पूरे प्रदेश के 3 करोड़ 73 लाख उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है जो बड़े आंदोलन का रूप ले सकती है। उन्होंने कहा पावर कॉरपोरेशन भले ही मनमाने तरीके से 10 प्रतिशत पैसे की वसूली कर रहा है लेकिन उसे यह याद रखना पड़ेगा कि उसे सभी पैसा वापस करना पड़ेगा। विद्युत ...शेष पृष्ठ 10 पर

सौर ऊर्जा के क्षेत्र में यूपी ने रचा इतिहास, कई श्रेणियों में प्रथम स्थान
◐ लखनऊ बना देश का नंबर-1 सोलर जिला ◐ सौर ऊर्जा क्रांति का अग्रदूत बना उत्तर प्रदेश

लखनऊ। नई दिल्ली में आयोजित पीएम सूर्य घर पुरस्कार समारोह में उत्तर प्रदेश ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल कर देशभर में अपना परचम लहराया। राज्य को विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष स्थान प्राप्त हुए, जिससे स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के क्षेत्र में उसकी अग्रणी भूमिका और मजबूत हुई है। पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत देशभर में हुए सोलर इंस्टॉलेशन के आधार पर उत्तर प्रदेश ने टॉप थ्री स्टेट इंस्टॉलेशन श्रेणी में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस श्रेणी में गुजरात प्रथम स्थान पर रहा। उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि राज्य में सौर ऊर्जा के प्रति बढ़ती जागरूकता एवं प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमाण है।

पुरस्कार सूची के अनुसार सौर ऊर्जा माह (मई 2026) में उच्च स्तरीय उपभोक्ता आधार श्रेणी में उत्तर प्रदेश ने सर्वाधिक उपभोक्ता आवेदन (1,02,035), सर्वाधिक सौर संयंत्र स्थापना (64,734) तथा सर्वाधिक विक्रेता पंजीकरण (779) के लिए देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त डिस्कॉम निरीक्षणों की श्रेणी में राज्य को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त जनपद लखनऊ ने देश में कुल रूफटॉप स्थापना (1 लाख से अधिक) में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में अब तक 5.64 लाख से अधिक रूफटॉप सोलर संयंत्रों की स्थापना हो चुकी है, जिससे राज्य देश के अग्रणी सौर ऊर्जा राज्यों में शामिल हो गया है। यह उपलब्धि केंद्र एवं राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों तथा जनभागीदारी का परिणाम है। जिला स्तर पर सोलर इंस्टॉलेशन के मामले ...शेष पृष्ठ 10 पर

देश के लिए रोल मॉडल बना यूपी का पंचायती राज विभाग

लखनऊ। उत्तर प्रदेश का पंचायती राज विभाग ग्रामीण सुशासन और डिजिटल क्रांति की नई परिभाषा लिख रहा है। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय की ओर से देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की सर्वश्रेष्ठ पहलों पर जारी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संकलन 'नेशनल कंपेंडियम' में उत्तर प्रदेश की तीन अत्यंत महत्वपूर्ण और अभिनव पहलों को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। केंद्र सरकार की ओर से इन पहलों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा जाना इस बात का जीवंत प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश जमीनी स्तर पर तकनीकी बदलाव, ग्रामीण सुरक्षा और राजकोषीय हस्तांतरण में पूरे देश का नेतृत्व कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों को उत्तर प्रदेश सरकार ने अत्याधुनिक तकनीक ...शेष पृष्ठ 10 पर

अर्थव्यवस्था को गति देने में पर्यटन की अहम भूमिका
सांस्कृतिक पर्यटन से स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, खानपान, संस्कृति व सेवा क्षेत्र को मिलेंगे अवसर

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, आध्यात्मिक परंपरा और ज्ञान विरासत का प्रतिनिधि प्रदेश है। पर्यटन विकास को केवल आधारभूत संरचना निर्माण तक सीमित न रखते हुए उसे सांस्कृतिक पुनर्जागरण, स्थानीय अर्थव्यवस्था, रोजगार सृजन और वैश्विक पहचान से जोड़कर आगे बढ़ाया जाना चाहिए। गुरुवार को पर्यटन विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक अर्थव्यवस्था को नई गति देने में पर्यटन की महत्वपूर्ण भूमिका है। पर्यटन विकास के माध्यम से स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, पारंपरिक कला, खानपान, संस्कृति और सेवा क्षेत्र को भी व्यापक अवसर प्राप्त होंगे।

भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण से जुड़े ज्ञान भारतम मिशन की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की प्राचीन पांडुलिपियां हमारी सभ्यता, दर्शन, विज्ञान और सांस्कृतिक चेतना की अमूल्य धरोहर हैं। इनका संरक्षण और डिजिटलीकरण केवल अभिलेखीकरण का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम है। बैठक में अब तक 13 लाख 70 हजार से अधिक पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, डिजिटलीकरण और संरक्षण की प्रगति की जानकारी दी गई। पर्यटन नीति-2022 में प्रस्तावित संशोधनों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश को निवेश, नवाचार और अनुभव आधारित पर्यटन का अग्रणी केंद्र बनाया जाए। बैठक में नीम करोली बाबा सर्किट तथा बुंदेलखंड फोर्ट सर्किट के रूप में नए क्षेत्रों के विकास पर चर्चा हुई। साथ ही परंपरा विरासत अनुभव केंद्र, कृषि पर्यटन तथा वाइनयार्ड पर्यटन जैसी नई अवधारणाओं को बढ़ावा देने पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन नीति ऐसी हो जो निवेश आकर्षित करे, रोजगार बढ़ाए और पर्यटकों को विशिष्ट अनुभव प्रदान करे। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में नव लोकार्पित नौसेना शौर्य वाटिका और निमार्णाधीन आईएनएस गोमती शौर्य संग्रहालय की समीक्षा करते हुए कहा कि यह परियोजना राष्ट्रभक्ति, सैन्य गौरव और भारत की समुद्री विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। उन्होंने कहा कि इसका संचालन लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से किया जाना चाहिए। बैठक में बताया गया कि निर्माणाधीन आईएनएस गोमती शौर्य संग्रहालय में भारतीय नौसेना के गौरवशाली इतिहास, समुद्री शक्ति, नौसैनिक अभियानों, आईएनएस गोमती की यात्रा, नौवहन परंपरा और भारत की समुद्री विरासत को आधुनिक तकनीक, इंटरैक्टिव गैलरियों, सिम्युलेटर, युवा कैडेट एरीना तथा विविध ...शेष पृष्ठ 10 पर

एक पेड़ मां के नाम : 5 करोड़ पौधे लगायेगी योगी सरकार

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल वन क्षेत्र से इसकी शुरुआत करेंगे। उनके नेतृत्व में पूरे राज्य में एक दिन में पांच करोड़ पौधे लगाये जाएंगे। इसके लिए सभी विभागों एवं मंडलों के लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। एक बयान के मुताबिक पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की तरफ से मुख्य आयोजन इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुकरैल वन क्षेत्र में वृहद पौधरोपण होगा। सबसे पहले यहां ...शेष पृष्ठ 10 पर

डीजी फायर ने परखी होटलों की फायर सेफ्टी
सभी इमारत, अस्पताल, होटल, मॉल व अन्य प्रतिष्ठानों में चेक होगी फायर सुरक्षा

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। दिल्ली के मालवीय नगर में हुए भीषण अग्निकांड के बाद फायर विभाग एलर्ट मोड पर है। डीजी फायर सुजीत पांडेय ने प्रदेश में सभी हाईराइज इमारतों, अस्पतालों, होटलों, मॉल और अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की जांच और गहन परीक्षण के निर्देश दिए। गुरुवार को गोमतीनगर स्थित होटल क्लासिको पहुंचकर उन्होंने फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीजी फायर ने होटल में मौजूद अग्निशमन उपकरणों, फायर अलार्म सिस्टम, इमरजेंसी एग्जिट, फायर फाइटिंग सिस्टम और अन्य सुरक्षा मानकों की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। डीजी फायर सुजीत पांडेय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले से ही आगजनी की घटनाओं को लेकर अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दे चुके हैं। उनके निदेर्शों के अनुसार प्रदेशभर में नियमित फायर ड्रिल और सुरक्षा ऑडिट कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। इसके तहत ...शेष पृष्ठ 10 पर



बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता व प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास व सोनाक्षी दास ने की पूजा-अर्चना

बीबीडी कैम्पस में मना श्री सिद्धि गणेश मंदिर का 18वां स्थापना दिवस

फोटो : अमित वर्मा

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। बी.बी.डी. कैम्पस स्थित श्री सिद्धि गणेश मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। महाप्रभु श्री गणेश जी के विशेष पूजन, पूणार्हूति एवं महाआरती में बी.बी.डी. एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बी.बी.डी. ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास, वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती देवांशी दास एवं सोनाक्षी दास ने भाग लिया। महाप्रभु श्री गणेश जी की पूजा सुबह 9:00 बजे से शुरू हुई जिसमें षोडशोपचार पूजन के बाद महाप्रभु श्री गणेश जी का विशेष पूजन सहस्त्रार्चन दूर्वा, खीर व मोदक द्वारा किया गया। इस पूजा में बी.बी.डी. परिवार के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर बी.बी.डी. एजुकेशनल ग्रुप के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भगवान श्री गणेश जी की पूजा में भाग लिया। सायंकाल 4 बजे से विशेष पूजन, हवन की पूणार्हुति के बाद महाप्रभु को भोग लगाकर सार्वजनिक भण्डारा शुरू हुआ, जिसमें आस-पास के गांव के हजारों भक्तों के साथ ही बी.बी.डी. शिक्षण समूह के फैकल्टी, स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद रात्रि 8:30 बजे से महाप्रभु श्री गणेश जी की महाआरती, जय गणेश जय गणेश देवा से हुई और भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

हजारों लोगों ने ग्रहण किया भंडारे का प्रसाद

18 मंडलों में मां के नाम लगेंगे 5 करोड़ पौधे

विशेष पौधरोपण अभियान चलाने का विभागों को मिला लक्ष्य

विशेष संवाददाता (vol)

- कुकरैल में होगा वृहद पौधरोपण, मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विश्व पर्यावरण दिवस पर शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कुकरैल वन क्षेत्र से इसका शुभारंभ करेंगे। उनके नेतृत्व में पूरे राज्य में एक दिन में 5 करोड़ पौधरोपण किए जाएंगे। इसके लिए सभी विभागों व मंडलों के लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। पर्यावरण दिवस पर वन विभाग की तरफ से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कुकरैल वन क्षेत्र में वृहद पौधरोपण होगा। सबसे पहले यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पौधरोपण करेंगे। यहां 200 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में वन मंत्री अरुण सक्सेना, प्रभारी मंत्री, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके पश्चात प्रदेश के 17 नगर निगमों, 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों समेत सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान पूरे दिन चलेगा। वन विभाग के संयोजकत्व में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान, नगर विकास आदि विभागों के सहयोग से अमृत सरोवर, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों, नहरों आदि के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि की भी सहभागिता होगी।

लखनऊ मंडल में 62 लाख, बरेली में 32.21 लाख व प्रयागराज में लगेंगे 32.17 लाख पौधे

मंडल	लक्ष्य	मंडल	लक्ष्य
मेरठ	19,06,000	गोरखपुर	24,75,000
सहारनपुर	14,86,000	बस्ती	16,01,000
आगरा	24,67,000	आजमगढ़	18,93,000
अलीगढ़	18,97,000	लखनऊ	62,77,000
मुरादाबाद	27,60,000	अयोध्या	30,41,000
बरेली	32,21,000	देवीपाटन	29,34,000
प्रयागराज	32,17,000	कानपुर	31,83,000
वाराणसी	24,83,000	झांसी	31,67,000
मीरजापुर	28,63,000	चित्रकूट	31,29,000

ग्राम्य विकास तथा कृषि विभाग लगाएगा पौधे

विभाग	लक्ष्य
ग्राम्य विकास विभाग	3 करोड़
कृषि विभाग	75 लाख
वन विभाग	50 लाख
उद्यान विभाग	50 लाख
पंचायती राज विभाग	20 लाख
नगर विकास	5 लाख
कुल	5 करोड़

विश्व पर्यावरण दिवस पर लखनऊ से उठेगी हरित क्रांति की नयी आवाज

- बायोप्लास्टिक अपनाने की बड़ी पहल का होगा शुभारंभ
- रक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री की मौजूदगी में बीसीएमएल और लखनऊ कैंटोनमेंट बोर्ड लॉन्च करेंगे बायोयुग ग्रीन कमांड-2026

लखनऊ। पर्यावरण संरक्षण, सर्कुलर इकोनॉमी और हरित औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में उत्तर प्रदेश एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने जा रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को लखनऊ छावनी स्थित दिलकुशा लॉन में आयोजित होने वाले ₹बायोयुग ग्रीन कमांड-2026 में पारंपरिक प्लास्टिक के विकल्प के रूप में बायोप्लास्टिक को बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने की पहल का शुभारंभ किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

उत्तर प्रदेश को देश का एथेनॉल हब बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही योगी सरकार अब गन्ना आधारित उद्योगों से निकलने वाले नवाचारों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ रही है। प्रदेश में एथेनॉल उत्पादन, जैव ऊर्जा और हरित उद्योगों को प्रोत्साहन देने वाली नीतियों के बीच बायोप्लास्टिक का यह अभियान सस्टेनेबल डेवलपमेंट की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

भारत की अग्रणी इंटीग्रेटेड शुगर एवं एथेनॉल कंपनियों में शामिल बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड (बीसीएमएल) और लखनऊ कैंटोनमेंट बोर्ड के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में नीति निर्माताओं, उद्योग जगत, रक्षा क्षेत्र, शोध संस्थानों और पर्यावरण विशेषज्ञों का संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में बायोप्लास्टिक को बड़े पैमाने पर अपनाने की रणनीति, उत्पादन क्षमता, निवेश अवसरों और बाजार विस्तार पर विस्तृत चर्चा होगी। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण दो उच्चस्तरीय पैनल चर्चाएं होंगी। पहली चर्चा ₹मैंडेट टू मार्केट: अनलॉकिंग द बायोप्लास्टिक्स वैल्यू चेन इन उत्तर प्रदेश विषय पर केंद्रित होगी, जिसमें राज्य में बायोप्लास्टिक्स उद्योग के विकास, निवेश संभावनाओं और सरकारी सहयोग पर विमर्श किया जाएगा। वहीं दूसरी चर्चा ₹फ्रॉम मेस मिशन : बायोप्लास्टिक्स फॉर डिफेंस में रक्षा क्षेत्र में बायोप्लास्टिक के उपयोग, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरणीय लाभों पर विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे।

यूपी में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के समाधान पर होगी चर्चा

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) पर वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग की तरफ से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्य महोत्सव होगा, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। क्लीन यूपी, ग्रीन यूपी के तहत यहां उत्तर प्रदेश में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के समाधान विषय पर राज्य स्तरीय संगोष्ठी भी होगी। इसमें वैज्ञानिक, पर्यावरण विशेषज्ञ, शिक्षाविद्, उद्योग प्रतिनिधि, युवा संगठन, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं व समाज के प्रतिनिधियों की भी सहभागिता रहेगी। यह जानकारी वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने दी। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल पर विशिष्ट प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें उत्तर प्रदेश की अग्रणी पर्यावरणीय पहल, जलवायु परिवर्तन से संबंधित तकनीकी को नवाचार, सतत विकास की सफल परियोजनाओं व संरक्षण के उत्कृष्ट उदाहरणों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। कई तकनीक सत्रों में भी महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। कार्यक्रम में विश्व बैंक के सहयोग से 2741 करोड़ की लागत वाली भारत की पहली एयरशेड आधारित उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट परियोजना की लॉन्चिंग करेंगे। पौधरोपण महाभियान-2026 के अंतर्गत 35 करोड़ पौधरोपण महाभियान के लोगो का अनावरण, उत्तर प्रदेश के रामसर स्थलों के डॉकेट का विमोचन भी होगा। सीएम योगी उत्तर प्रदेश स्वच्छ वायु प्रबंध परियोजना की वेबसाइट का अनावरण, वीडियो लॉन्चिंग, लोगो डिजाइन प्रतियोगिता व उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत करेंगे। साथ ही वेटलैंड वाले गांवों के प्रधानों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया जाएगा।

अमृत सरोवरों से पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के सभी अमृत सरोवर स्थलों पर 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस तथा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर केवल जल संरक्षण के केंद्र नहीं हैं, बल्कि इन्हें पर्यावरण संरक्षण, जनजागरूकता और सामाजिक सहभागिता के प्रभावी मंच के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य के निर्देशों के क्रम में ग्राम्य विकास विभाग की ओर से सभी जनपदों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि विश्व पर्यावरण दिवस पर अमृत सरोवरों के आसपास वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण एवं जैव विविधता संरक्षण संबंधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। साथ ही पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने वाली अन्य गतिविधियों को भी प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अमृत सरोवर स्थलों पर योग सत्र आयोजित कर स्थानीय समुदाय, स्कूली छात्र-छात्राओं, स्वयं सहायता समूहों, आजीविका मिशन की महिलाओं, पंचायत प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों तथा अन्य हितधारकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। श्री मौर्य ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अमृत सरोवर उपयोगकर्ता समूहों, स्वयं सहायता समूहों, पद्म पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों, स्वतंत्रता सेनानियों एवं उनके परिजनों, युवा समूहों, शिक्षण संस्थानों तथा जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रमों से जोड़ते हुए व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इन अवसरों पर ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष संवाद कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन तथा ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया जाए। आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग जी एस प्रियदर्शी ने सभी जनपदों को निर्देश दिए हैं कि आयोजित कार्यक्रमों की फोटोग्राफ तथा गतिविधियों का विवरण मिशन अमृत सरोवर पोर्टल पर अपलोड किया जाए तथा कार्यक्रम सम्पन्न होने के दो दिवस के भीतर राज्य मुख्यालय को विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

जनगणना और शिक्षा व्यवस्था में संतुलन बनाते हुए तय की गयी स्थानांतरण नीति : संदीप सिंह

लखनऊ। योगी सरकार शिक्षकों की वास्तविक एवं मानवीय समस्याओं के समाधान के प्रति संवेदनशील है। इसी दृष्टिकोण से शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के अंतर्जनपदीय स्थानांतरण के लिए विशेष नीति निर्धारित की गई है। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बताया कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार जनगणना 2026-27 का कार्य संचालित किया जा रहा है, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं दायित्व निभा रहे हैं। इसी कारण इस वर्ष केवल विशेष परिस्थितियों में ही अंतर्जनपदीय स्थानांतरण की अनुमति प्रदान की गई है। अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा द्वारा जारी नीति के अनुसार शिक्षक अथवा शिक्षिका स्वयं, उनके पति या पत्नी अथवा अविवाहित पुत्र-पुत्री के दिव्यांग होने की स्थिति में स्थानांतरण का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त शिक्षक अथवा उनके अविवाहित पुत्र-पुत्री के कैंसर से पीड़ित होने या डायलिसिस पर होने की दशा में भी स्थानांतरण के आवेदन पर विचार किया जाएगा।

राजनाथ सिंह तीन दिवसीय लखनऊ दौरे पर, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

लखनऊ। लखनऊ से सांसद एवं केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 5 जून से 7 जून तक तीन दिवसीय संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न सामाजिक, संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नागरिकों एवं पार्टी पदाधिकारियों से संवाद करेंगे।

भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री 5 जून को पूर्वाह्न 11:05 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से प्रस्थान कर वह पूर्वाह्न 11:15 बजे हिंद नगर, कानपुर रोड स्थित स्वर्गीय अशोक मोतियानी के आवास पर जाएंगे। इसके बाद पूर्वाह्न 11:35 बजे कृष्णा नगर स्थित स्वर्गीय दर्शन लाल के आवास पहुंचेंगे तथा पूर्वाह्न 11:55 बजे कैंट क्षेत्र की बड़ी लाल कुर्ती स्थित रूपा देवी के आवास पर मुलाकात करेंगे। अपराह्न 12:15 बजे विश्व पर्यावरण दिवस पर कैंट स्थित कस्तूरबा पार्क में एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण करेंगे। अपराह्न 12:40 बजे उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव के आवास पहुंचेंगे। इसके बाद कालिदास मार्ग स्थित आवास जाएंगे। सायं 4:00 बजे दिलकुशा लॉन में आयोजित ₹बायोयुग ग्रीन कमांडर₹ कार्यक्रम तथा सायं 5:25 बजे सेवा अस्पताल, सीतापुर रोड में आयोजित ₹राम कथा महोत्सव₹ में सहभागिता करेंगे। 6 जून को रक्षा मंत्री पूर्वाह्न 11:45 बजे गोमतीनगर के वास्तु खंड स्थित प्रशांत सिंह अटल के आवास पहुंचेंगे। इसके उपरांत अपराह्न 12:10 बजे निराला नगर स्थित स्वर्गीय भगवती शुक्ला के आवास पर जाकर परिजनों से मुलाकात करेंगे। सायंकाल 6:00 बजे हरदोई रोड स्थित मिलेनियम पैलेस में पश्चिम मंडल-2 के प्रबुद्ध नागरिकों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ संवाद एवं बैठक करेंगे। 7 जून को रक्षा मंत्री पूर्वाह्न 12:00 बजे आलमबाग के टेढ़ी पुलिया स्थित जीपी होटल एंड बैंक्वेट में कैंट मंडल-1 के प्रबुद्ध नागरिकों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के उपरांत दोपहर 1:10 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए 7 से शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

लखनऊ। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 के लिए चयन प्रक्रिया, दिशा-निर्देश एवं समय-सारिणी जारी कर दी गई है। पात्र शिक्षक एवं शिक्षिकाएं 07 जून से 30 जून 2026 तक विभाग के प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि राज्य अध्यापक पुरस्कार शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों, नवाचारों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनके योगदान को सम्मानित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। पुरस्कार के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी तथा किसी भी प्रकार के ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इच्छुक शिक्षक निर्धारित अवधि में प्रेरणा पोर्टल पर अपना आवेदन एवं ऑनलाइन पोर्टफोलियो प्रस्तुत कर सकेंगे। राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए केवल नियमित रूप से कार्यरत शिक्षक एवं शिक्षिकाएं ही पात्र होंगे। आवेदनकर्ता के लिए न्यूनतम 15 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण होना आवश्यक है तथा सेवानिवृत्ति में कम से कम पांच वर्ष की अवधि शेष होनी चाहिए। संविदा शिक्षक, शिक्षामित्र, सेवानिवृत्त शिक्षक अथवा पूर्व में राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत शिक्षक इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगे। शिक्षा निदेशक (बेसिक) अनिल भूषण चतुर्वेदी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 01 जुलाई से 20 जुलाई तक जनपद चयन समितियां प्राप्त आवेदनों का परीक्षण, अभिलेखीय सत्यापन एवं मूल्यांकन करेंगी। इसके बाद चयनित आवेदनों को राज्य चयन समिति को प्रेषित किया जाएगा। राज्य स्तर पर 01 अगस्त से 14 अगस्त तक पुनर्मूल्यांकन, प्रस्तुतीकरण एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए शिक्षकों का मूल्यांकन 100 अंकों की निर्धारित प्रणाली के आधार पर किया जाएगा।

टीजीटी परीक्षा का दूसरा दिन भी शांतिपूण सम्पन्न

विशेष संवाददाता (vol)

- वाराणसी में एक फर्जी परीक्षार्थी दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया
- 36 जिलों के 504 एवं 471 परीक्षा केन्द्रों पर सात विषयों की परीक्षा आयोजित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा प्रशिक्षित स्नातक (टीजीटी) संवर्ग के 15 विषयों की लिखित परीक्षा का दूसरा दिन गुरुवार को प्रदेशभर में शांतिपूर्ण, पारदर्शी, नकलविहीन एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुआ। परीक्षा के दौरान आयोग के मुख्यालय में स्थापित एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी परीक्षा केन्द्रों की सतत निगरानी की गई।

उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में प्रदेश के 504 परीक्षा केंद्रों पर अंग्रेजी, गृह विज्ञान, जीव विज्ञान एवं संगीत वादन विषयों की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि द्वितीय पाली में 471 परीक्षा केंद्रों पर संस्कृत, वाणिज्य एवं कला विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा प्रदेश के 36 जिलों में निर्धारित केन्द्रों पर आयोजित की गई। आयोग के सदस्यगण, सचिव, परीक्षा नियंत्रक एवं वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एआई आधारित कैमरों और अत्याधुनिक निगरानी तंत्र के माध्यम से सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों की गतिविधियों पर निरंतर नजर रखी गई। सघन निगरानी एवं सत्यापन के दौरान वाराणसी में एक फर्जी परीक्षार्थी दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए पकड़ा गया। उसे तत्काल स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया तथा उसके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

03 जून 2026 को आयोजित परीक्षा में कुल 2,21,489 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे, जबकि 04 जून 2026 को आयोजित परीक्षा में 2,12,975 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इस प्रकार दोनों दिनों में कुल 4,34,464 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जो कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों का 50.02 प्रतिशत है।

डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि आयोग द्वारा परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए तकनीक आधारित निगरानी व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया गया है। एआई आधारित मॉनिटरिंग, बायोमेट्रिक सत्यापन एवं बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के कारण परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष एवं विश्वसनीय रही। उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन में सहयोग प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, केन्द्र व्यवस्थापकों एवं आयोग के अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सीएम धामी ने 'कृष्णा' वट का किया रोपण

उत्तराखंड में जैव विविधता संरक्षण को मिलेगा नया आयाम

प्रमुख संवाददाता

- मधुमक्खियों, तितलियों और पक्षियों के लिए तैयार होगा विशेष प्राकृतिक आवास

देहरादून। पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता संवर्धन की दिशा में एक अभिनव पहल करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास परिसर स्थित राजकीय उद्यान, सर्किट हाउस में विकसित किए जा रहे 3-बी गार्डन की शुरूआत की। इस अवसर पर उन्होंने 'कृष्णा' वट का पौधा रोपित कर परियोजना का शुभारम्भ किया।

3-बी गार्डन का उद्देश्य मधुमक्खियों, तितलियों और विभिन्न पक्षी प्रजातियों के लिए अनुकूल प्राकृतिक वातावरण तैयार करना है। इस उद्यान को ऐसे पौधों और वृक्षों से विकसित किया जा रहा है जो परागण प्रक्रिया को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय जैव विविधता को भी मजबूत करें। प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए पूरे क्षेत्र में रासायनिक कीटनाशकों और हानिकारक तत्वों के उपयोग से परहेज किया जाएगा।

इस पहल से न केवल परागण करने वाले जीवों के संरक्षण को बल मिलेगा, बल्कि मधुमक्खी पालन जैसी आजीविका गतिविधियों को भी प्रोत्साहन प्राप्त होगा। साथ ही यह उद्यान पर्यावरण शिक्षा और

प्रकृति के प्रति जनजागरूकता का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने की दिशा में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उद्यान विभाग ने पूर्व में ही इस परियोजना की रूपरेखा तैयार कर उपयुक्त पौधों के चयन और रोपण का कार्य शुरू कर दिया था। उद्यान में फलदार, औषधीय, पुष्पीय एवं सुगंधित प्रजातियों को शामिल किया जा रहा है, जिनमें जामुन, शहतूत, अमरूद, सहजन, नीम, कदम्ब, कपूर, बांस, गुड़हल, सूरजमुखी, तुलसी, लैवेंडर, रोजमेरी, पुदीना सहित अनेक प्रजातियां शामिल हैं। इसके अतिरिक्त तितलियों और मधुमक्खियों को आकर्षित करने वाले विशेष फूलों एवं झाड़ियों का भी रोपण किया जा रहा है। परिसर में मौजूद पुराने एवं क्षतिग्रस्त वृक्षों के आसपास नई हरियाली विकसित करने की योजना के तहत व्यापक पौधारोपण अभियान भी संचालित किया जा रहा है। वहीं हिमालयी पारिस्थितिकी से जुड़े बांज, बुरांश, तेजपत्ता और पया जैसी प्रजातियों के पौधे भी लगाए गए हैं, जो अब परिसर की प्राकृतिक सुंदरता और पारिस्थितिक समृद्धि में उल्लेखनीय वृद्धि कर रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने परिसर में संचालित पर्यावरणीय गतिविधियों की सराहना करते हुए उद्यान विभाग को मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहलें पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय आजीविका और पारिस्थितिक संतुलन को भी सुदृढ़ करेंगी। कार्यक्रम में सचिव शैलेश बगौली, उद्यान निदेशक डॉ. आरके सिंह तथा नरेंद्र यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

केंद्र सरकार के 12 वर्ष जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय : भूपेन्द्र चौधरी

आगरा/लखनऊ। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री तथा आगरा के प्रभारी मंत्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष भारत के विकास, सुशासन, सेवा और जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हुए हैं। इन वर्षों में गरीब, किसान, युवा, महिला और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इन योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर जनसामान्य तक लाभ पहुंचाया गया है। नवीन सर्किट हाउस सभागार आगरा में आयोजित समीक्षा बैठक एवं प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून तक प्रदेशभर में सेवा, सुशासन, संस्कार एवं सम्मान अभियान चलाया जाएगा।

चखनी घाट के निर्माणाधीन पुल में आयी दरार, डीएम सख्त

अधिशासी अभियंता को नोटिस जारी, पुल की जांच के लिए समिति गठित, खामियां मिलने पर शासन को देंगे रिपोर्ट

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। देवरिया के भाटपाररानी क्षेत्र स्थित चखनी घाट पर खंनुवा नदी पर बन रहे 16 करोड़ रुपये की लागत वाले निमार्णाधीन पुल का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुल के पिलर और स्लैब में कई फीट लंबी दरार पड़ने के बाद कंक्रीट का हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जिले के खनुआ नाला के चखनी घाट पर बन रहे पुल के एक पिलर व स्लैब में खामियां आने के बाद डीएम मधुसूदन हुल्गी अब सख्त हो गए हैं। उन्होंने गुरुवार को सेतु निगम के अलावा तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। टीम दो दिनों में जांच रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को सौपेंगी। इसके बाद निलंबन व अन्य कार्रवाई अधिकारियों के विरुद्ध की जा सकती है। उधर डीएम ने तत्काल प्रभाव से अधिशासी अभियंता सेतु निगम को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। डीएम के सख्त रुख के बाद विभाग में खलबली मच गई है।

यूपी-बिहार बार्डर को जोड़ने वाले चखनी घाट पर अभी तक आवागमन के लिए लकड़ी का पुल का लोग सहारा लेते रहे हैं। कई बार लकड़ी का पुल होने के चलते हादसे भी हो जाते थे। इसको देखते हुए भाटपाररानी विधायक सभाकुंवर कुशवाहा के प्रयास से सरकार ने यहां पुल बनाने की मंजूरी दे दी। इस पुल के बनने के बाद यूपी-बिहार की यात्रा सुगम हो जाएगी और लोगों को आने-जाने में दिक्कत नहीं होगी। शासन ने इसके लिए कुल 16 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। पुल का निर्माण कार्य तेजी से शुरू हुआ लेकिन इन दिनों पुल के स्लैब टूटा हुआ नजर आने लगा है, जबकि एक पिलर में भी दिक्कत आने की बात कही जा रही है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होते प्रशासन सख्त हो गया है। गुरुवार को डीएम मधुसूदन हुल्गी ने सेतु निगम के अधिशासी अभियंता को तलब किया और जानकारी ली। साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी किया है। वहीं लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर, जिला विकास अधिकारी समेत तीन अधिकारियों की कमेटी गठित की गई है, यह टीम दो दिनों के अंदर अपनी जांच कमेटी देगी। अगर गुणवत्ता में कमी मिली तो सख्त कार्रवाई की तैयारी है। डीएम मधुसूदन हुल्गी ने कहा कि पुल की गुणवत्ता में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले की जानकारी मिली है। सेतु निगम के अलावा एक अलग तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है। यह टीम जल्द ही अपनी रिपोर्ट दे देगी। अगर गुणवत्ता व पुल निर्माण में खामियां मिली तो अधिशासी अभियंता समेत अन्य के विरुद्ध कार्रवाई के लिए शासन को संस्तुति की जाएगी।

बता दें कि घटना 1 जून को उस समय हुई, जब पुल पर निर्माण कार्य चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अचानक तेज आवाज हुई और पुल के ऊपरी हिस्से में दरारें दिखाई देने लगीं। देखते ही देखते स्लैब का हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। उस समय नीचे मजदूर काम कर रहे थे, लेकिन सभी समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंच गए। हादसे के बाद निर्माण कार्य तत्काल रोक दिया गया।

यूपी-बिहार को जोड़ने वाली अहम परियोजना

चखनी घाट पर बन रहा यह पुल उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच संपर्क को बेहतर बनाने वाली महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल है। पुल बनने के बाद दोनों राज्यों के हजारों लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने की उम्मीद थी। हालांकि निर्माण के दौरान ही पुल में दरार आने से पूरी परियोजना की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण शुरू होने के बाद से ही गुणवत्ता संबंधी शिकायतें की जाती रही हैं। उनका दावा है कि कई जगह मानकों की अनदेखी की गई और घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ।

हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल गिरने की जांच कर रही आईआईटी बीएचयू

विशेष संवाददाता (vol)

- जांच के आधार पर की जायेगी कार्रवाई

लखनऊ। हमीरपुर में बेतवा नदी पर बन रहे निमार्णाधीन पुल का स्लैब गिरने के बाद अब उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम की गठित टीम ने जांच तेज कर दी है। इस सम्बन्ध में टीम ने हादसे की जगह का मुआयना किया और वहां से इक्ठ्ठा की गयी निर्माण सामग्री की जांच के लिए आईआईटी बीएचयू को भेजा गया है। निगम के एमडी धर्मवीर सिंह ने कहा कि अभी प्रारम्भिक जांच में प्रथम दृष्टया दोषी पाये गये अधिकारियों पर कार्रवाई की गयी है और फर्म को ब्लैकलिस्ट किया गया है। जांच रिपोर्ट आने पर जहां पर कमी पायी जायेगी, उसके आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

बता दें कि हमीरपुर में बेतवा नदी पर बन रहे निमार्णाधीन पुल का स्लैब 29 मई की देर रात 2 बजे गिरने से 6 मजदूरों की मौत हो गई। मृतकों में 4 बांदा और 2 हमीरपुर के रहने वाले थे।

निगम के एमडी धर्मवीर सिंह ने बताया कि आंधी-बारिश के कारण स्लैब गिरा और नीचे सो रहे मजदूर दब गए। हादसे के बाद सहायक अभियंता गजेंद्र कुमार चौधरी को निलंबित कर दिया गया है। डीपीएम दिलीप कुमार पर विभागीय कार्रवाई शुरू की जा रही है।

जानकारी के अनुसार, पुल पर दो शिफ्ट में काम होता है। जिस वक्त आंधी आयी, पहली शिफ्ट के लोग पुल के नीचे थे, जबकि दूसरी शिफ्ट के मजदूर पुल पर काम कर रहे थे। इसी बीच हादसा हो गया। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम पुल का निर्माण करवा रहा है। 700 मीटर लंबा दो लेन का ब्रिज मोराकांड से कुरारा गांव के बीच बनाया जा रहा है। इसका निर्माण मार्च 2024 में शुरू हुआ था। दिसंबर 2026 तक इसे पूरा किया जाना है। इसकी लागत 90 करोड़ रुपये है। सूत्रों के अनुसार सीएम की सख्ती के बाद सेतु निगम के एमडी धर्मवीर सिंह ने सहायक अभियंता को सस्पेंड किया। डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिये। साथ ही मामले में विभागीय जांच के लिए कमेटी गठित की है। प्रदेश में निगम की ओर से बनाये जाने वाले पुलों की थर्ड पार्टी ऑडिट आईआईटी बीएचयू से करायी जाती है। इस ब्रिज की भी थर्ड पार्टी ऑडिट आईआईटी बीएचयू ही कर रहा है।

अनुभवहीन ठेकेदारों से कराया जा रहा काम, हो हर पिलर की जांच : इशरत जहां

`उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम इम्प्लाईज यूनियन के मुख्य संरक्षक इशरत जहां ने हमीरपुर में निर्माणाधीन पुल के स्लैब गिरने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सेतु निगम में अनुभवहीन ठेकेदारों से काम कराया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार नियमानुसार 30 प्रतिशत से अधिक कपलर नहीं लगना चाहिए जबकि प्रत्येक लिफ्ट में यही पद्धति अपनायी गयी है इसलिए यह पिलर तीन-चार जगह से टूटा है। सेतु निगम के 40 वर्ष तक कार्य करने वालों का कहना है कि हमीरपुर में पुल के हर पिलर का निर्माण इसी फार्मूले से किया गया है। जब यह सेतु चालू होगा तो भारी वाहन के ओवर लोडिंग और वाइब्रेशन होने से सारे पिलर इसी प्रकार से टूटेंगे, जिससे बड़ी दुर्घटनायें होने की पूर्ण संभावना होगी। वर्तमान सरकार की बदनामी होगी और राजकोष सरकार का धन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जायेगा। इससे अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त संस्था की प्रतिष्ठा और उप्र राज्य की छवि धूमिल हो रही है इसलिए जरूरी है कि इसके हर पिलर की जांच की जाये।

संक्षेप

चार वांछित धरे गये

प्रतापगढ़। अलग अलग घटनाओं में वांछित चल रहे चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। सांगीपुर थाना के उप निरीक्षक सुमित सिंह गुरूवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर भाटन का पुरवा शाहबरी निवासी वांछित सचिन गौतम पुत्र सुखराज गौतम को उसके घर के पास से धर दबोचा। वहीं उदयपुर थाने के उप निरीक्षक नदीम खान ने पुलिस बल के साथ तीन वांछितों आहर बीहर निवासी संतलाल कोरी पुत्र रामेश्वर कोरी, देवरी निवासी शोभ नाथ यादव पुत्र रामनरेश तथा प्रेमा देवी पत्नी रामप्यारे को उनके घर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियो को जेल भेज दिया गया।

अपहरण में तीन पर केस

प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने पिता पुत्र समेत तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीड़ित पिता का आरोप है कि बीती सत्ताईस मई को उसकी पन्द्रह वर्षीया पुत्री को गांव का ही सत्येन्द्र उर्फ नान पुत्र कल्लू शादी करने का झांसा देकर भगा ले गया। पीड़ित की पत्नी पूछतांछ के लिए आरोपी के घर गयी तो उसके पिता व भाई ने गाली व धमकी देते हुए भगा दिया। जांच के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

वकीलों ने कामकाज का किया बहिष्कार

प्रतापगढ़। साथी अधिवक्ता की गिरफ्तारी से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने दूसरे दिन गुरूवार को भी न्यायिक कामकाज का बहिष्कार किया। अधिवक्ताओं ने तहसील के अधिवक्ता रामकृष्ण दुबे उर्फ पण्डित दुबे को पुलिस द्वारा जबरन बिना सही जांच किये हिरासत मे लेने को उत्पीड़क कार्रवाई कहा। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद खान, उपाध्यक्ष नामवर सिंह व महामंत्री शिवरंजन यादव की संयुक्त अगुवाई में हुई बैठक में उत्पीड़न की घटना को लेकर न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। इस मौके पर अमन द्विवेदी, विपिन शुक्ल, शैलेन्द्र सिंह, विकास मिश्र, प्रमोद सिंह, रामअभिलाष यादव, शिव नारायण शुक्ल, केके शुक्ला, शहजाद अंसारी, रमेश पाण्डेय, जान्हवी प्रताप सिंह आदि अधिवक्ता रहे।

इंसाफ के लिए अफसरों के चक्कर लगा रही वृद्ध मां

प्रतापगढ़। बेटे की मौत को लेकर आरोपियों पर कार्रवाई न होने से परेशान वृद्धा मां अफसरों के चक्कर लगा रही है। घटना के तीन दिन बाद भी कार्रवाई न होने से ग्रामीणों ने पुलिसिया कार्य प्रणाली पर चर्चा भी होती देखी सुनी जा रही है। स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से मृतक की वृद्ध मां ने एसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगायी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के बासूपुर पौड़िया गांव में बीती एक जून की सुबह गांव निवासी आनन्द जोशी 25 पुत्र स्व0 बैजनाथ जोशी का शव घर से करीब पांच सौ मीटर दूर आम के पेड़ से लटकता मिला था। घटना को लेकर मृतक की मां ने गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाया। पीड़ित मां का आरोप है कि आरोपियों ने उसके इकलौते बेटे की हत्या कर दी और शव फंदे से लटका दिया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसके बेटे के हाथ में मौजूद चांदी का कड़ा व मोबाइल तथा करीब पांच हजार की नकदी भी गायब है। पीएम के बाद पुलिस ने दबाव बनाकर शव को दफन करवा दिया। नामजद तहरीर के बावजूद पुलिस कार्रवाई नही कर रही है। पीड़िता ने एसपी से इंसाफ की गुहार लगायी है। सीओ आशुतोष मिश्र का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में फंदे से लटकने से मौत की पुष्टि हुई है, मामले की आगे जांच कराकर सच्चाई के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

रंजिश में महिला को पीटा, दी तहरीर

प्रतापगढ़। मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पीड़ित महिला ने सांगीपुर पुलिस से शिकायत की है। रामगंज बाजार भोजपुर गांव की कोमल पत्नी संतोष ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अटठाईस मई की रात करीब ग्यारह बजे गांव के पड़ोसी उसके घर में पत्थर फेंकने लगे। मना करने पर आरोपियों ने घर पर पहुंचकर गालीगलौज करते हुए पीड़िता को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

वांछित बदमाश पुलिस मुठभेड़ में ढेर

गाजीपुर। जिले में एक व्यापारी की हत्या के मामले में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश बुधवार देर रात पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस के अनुसार, मृतक आरोपी की पहचान कमलेश चौधरी उर्फ कमलेश बिंद के रूप में की गई, जो 29 मई को एक स्थानीय व्यवसायी विनीत राय (29) की हत्या के मामले में वांछित था। पुलिस ने बताया कि कमलेश इस मामले के चार नामजद आरोपियों में से एक था। पुलिस अधीक्षक डॉ. इरज राजा ने पत्रकारों को बताया कि हत्या के बाद से ही आरोपियों की तलाश में पुलिस दल छापेमारी कर रहे थे। कुर्था क्षेत्र में पवहारी बाबा आश्रम के पास कमलेश के छिपे होने की गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस और स्वॉट इकाई के कर्मियों ने बुधवार रात इलाके को घेर लिया। जब टीम ने बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया, तो उसने दूर से पुलिस पर गोलियां चला दीं। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ में संदिग्ध घायल हो गया।

पुलिस ने बाद में घायल व्यक्ति की पहचान कमलेश बिंद के रूप में की और उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान स्वाट टीम प्रभारी और उपनिरीक्षक रोहित मिश्रा के कंधे में गोली लगी और उनका इलाज हो रहा है। एसपी ने बताया कि मौके से एक अवैध .32 बोर पिस्तौल, एक कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। कमलेश के खिलाफ सात आपराधिक मामले दर्ज थे, जिनमें हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, हमला, आपराधिक धमकी और शस्त्र अधिनियम के तहत अपराध शामिल थे। उसका 2017 से आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। एक दिन पहले ही पुलिस ने हत्याकांड के चारों नामजद आरोपियों पर इनाम की घोषणा की थी। मुख्य आरोपी शंकर पांडे और कमलेश पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था, जबकि दो अन्य आरोपियों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम था। जांचकर्ताओं के अनुसार, विनीत राय की कथित तौर पर एक करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग को लेकर 29 मई की रात को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मामले में तीन अन्य आरोपी शंकर पांडे, सोनू यादव और मोनू त्रिपाठी फरार हैं। पुलिस ने कहा कि गाजीपुर शहर में एक होटल का प्रबंधन करने वाले विनीत राय पर रात को होटल परिसर के बाहर हमला किया गया। कथित तौर पर चार हमलावर दो मोटरसाइकिलों पर आए और बीयर खरीदने के बहाने होटल के गेट के पास पहुंचे और फिर उन पर गोलियां चला दीं। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भागने की कोशिश के दौरान विनीत को कई बार गोली मारी गई और बाद में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

करंट से महिला को बचाने की कोशिश में पति और पुत्र की मौत

मऊ। मऊ के एक गांव में बृहस्पतिवार को पानी के पंप में आ रहे करंट के संपर्क में आई एक महिला को बचाने की कोशिश में उसके पति एवं पुत्र की मौत हो गई। घटना मधुबन तहसील के रामपुर थाना क्षेत्र के प्यारेपुर मिश्र गांव में हुई। महिला की पहचान मीना देवी (45) के रूप में की गई है, जो झुलस गई लेकिन बच गई और खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, कथित तौर पर परिवार के घर में लगे पानी के पंप में बिजली का करंट आ गया तथा मीना देवी उसके संपर्क में आ गयी। मीना के पति देवेन्द्र मिश्रा (48) उन्हें बचाने के लिए दौड़े लेकिन खुद भी करंट की चपेट में आ गए। उनके बेटे, नीरज मिश्रा (26) ने अपने माता-पिता को बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह भी करंट के संपर्क में आ गया। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने कहा कि करंट लगने से देवेंद्र और नीरज दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

डाक विभाग के अधिशासी अभियंता रिश्वत लेते गिरफ्तार

प्रयागराज। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को प्रयागराज के प्रधान डाकघर में छापेमारी कर डाक विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) आशीष अग्रवाल को डेढ़ लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

सूत्रों के अनुसार, सिविल लाइंस स्थित प्रधान डाकघर के निर्माण विभाग में तैनात आशीष अग्रवाल विभिन्न निर्माण परियोजनाओं की निगरानी कर रहे थे। वर्तमान में वाराणसी, गोरखपुर सहित कई जिलों में डाक विभाग से संबंधित निर्माण कार्य चल रहे हैं। आरोप है कि गोरखपुर में निर्माण कार्य कर रही एक एजेंसी के संचालक से आशीष अग्रवाल ने 20 लाख रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद मामला सीबीआई तक पहुंचा, जिसके बाद एजेंसी ने जांच शुरू की।

प्रतापगढ़ जिला जेल में उम्रकैद भुगत रहे बंदी की मौत

प्रतापगढ़। जिला कारागार में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 72 वर्षीय बंदी राधेश्याम की गुरुवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई।

जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि राधेश्याम को लगभग 43 वर्ष पुराने हत्या के एक मामले में नौ दिन पूर्व न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। वह लंबे समय से तपेदिक (टीबी) और गंभीर श्वास संबंधी बीमारी से पीड़ित था। गुरुवार तड़के उसकी तबीयत अधिक बिगड़ने पर उसे जिला कारागार से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया था। जहां सुबह करीब सात बजे इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई

खिड़की की ग्रिल से लटका मिला दरोगा का शव

बदायूं। जिले में न्यायालय सुरक्षा में तैनात एक उपनिरीक्षक (दरोगा) का शव गुरुवार को उनके किराए के कमरे में खिड़की की ग्रिल से फंदे के सहारे लटका मिला। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मान रही है, हालांकि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मूल रूप से मथुरा जिले के गोविंद नगर थाना क्षेत्र के सकना गांव निवासी मेघ श्याम गौतम (55) वर्तमान में बदायूं में न्यायालय सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। वह सिविल लाइन थाना क्षेत्र की मधुबन कॉलोनी में किराए के मकान में रहते थे।

पुरूषोत्तम मास में बाबा घुइसरनाथ धाम में उमड़ रही भीड़

प्रतापगढ़। पुरूषोत्तम मास में पौराणिक शिवालय बाबा घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। बाबा धाम में गुरूवार को भी जलाभिषेक को लेकर बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। भक्तों ने जलाभिषेक कर बाबा घुइसरनाथ से मंगलकामना की। वहीं धाम में रूद्राभिषेक करने के लिए भी भक्तों की खासी भीड़ जुट रही है। जलाभिषेक के साथ ही श्रद्धालु धाम परिसर में लगे मेले का भी भरपूर लुत्फ उठा रहे हैं। वहीं गंगा सागर में स्नान का आनन्द भी युवा उठा रहे हैं। मंदिर के महन्त मयंक भाल गिरि ने बताया कि पुरूषोत्तम मास में भगवान श्रीशिव का दर्शन पूजन विशेष फलदायी हुआ करता है। यहां जलाभिषेक के लिए प्रतिदिन पहुंच रहे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की व्यवस्था को लेकर मंदिर समिति के लोग भी तन मन से डटे रहते हैं।

जनता दर्शन में एसएसपी ने सुनीं फरियाद



सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान फरियादियों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। जनसुनवाई में कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 3 भूमि विवाद, 5 मारपीट तथा 11 अन्य मामलों से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है।

पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर अधिकारियों को किया गया ब्रीफ

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने अंबेडकर सभागार में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों को ब्रीफ किया। बैठक में परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा शासन के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने तथा आपसी समन्वय के साथ परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने पर जोर दिया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ने पीपीटी के माध्यम से परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

युवा जोड़े को पीटा, वीडियो वायरल

अयोध्या। अयोध्या के एक उद्यान में भगवाधारी लोगों के एक समूह ने एक युवा जोड़े के साथ कथित तौर पर मारपीट की जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना की जांच की जा रही है। यह घटना कथित तौर पर अयोध्या के तुलसी उद्यान में हुई, जहां कुछ दिन पहले एक युवक और युवती एक साथ बैठे थे तथा उनका सामना साधुओं के वेश में व्यक्तियों के एक समूह से हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों और वीडियो के अनुसार, लोगों ने कथित तौर पर जोड़े के साथ दुर्व्यवहार किया, युवक के साथ मारपीट की तथा पास की सड़क पर उसका पीछा किया। हमले के दौरान युवती को हस्तक्षेप करते और उसे बचाने का प्रयास करते देखा गया। इस घटना में शामिल व्यक्तियों ने कथित तौर पर दावा किया कि सार्वजनिक स्थानों पर एक साथ समय बिताने वाला युवा जोड़ा इस शहर के धार्मिक चरित्र को अपमानित कर रहा था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस युवा जोड़ों पर इस तरह के हमलों के बारे में रिपोर्टों से अवगत थी। हमने मामले का संज्ञान लिया है और जांच के आदेश दिए हैं। जांच का जिम्मा अयोध्या के कोतवाल को सौंपा गया है। जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गंगा नदी में नहा रहे दो लड़कों की डूबने से मौत

बिजनौर। जिले के मंडावर क्षेत्र में गंगा नदी में नहाते समय डूबने से दो लड़कों की मृत्यु हो गयी। पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि मंडावर थाना क्षेत्र के भरूका गोपालपुर गांव निवासी शाहबाज (17) और दिलशाद (16) बुधवार की शाम बालावाली पुल के नीचे गंगा नदी में नहाने गये थे। उन्होंने बताया कि दोनों लड़के नहाते समय गहरे पानी में जाने से डूब गये। गोताखोरों की मदद से दोनों के शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गये हैं। बताया जा रहा है कि शाहबाज और दिलशाद चंडीगढ़ में फर्नीचर बनाने का काम करते थे और ईद-उल-अजहा पर घर आये थे।

पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने की बैठक

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की अध्यक्षता में पुलिस भर्ती परीक्षा-2025 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक तथा पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा 8, 9 और 10 जून 2026 को दो पालियों में आयोजित होगी। जिले में श्री अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज, भिनगा को एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जहां कुल 480 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा की निगरानी के लिए स्टेटिक एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं तथा अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ललित कुमार को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समय से परीक्षा केंद्र पहुंचकर प्रश्नपत्र खुलवाने, परीक्षा समाप्त होने के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को सीलबंद कर कोषागार के डबल लॉक तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा तथा ड्यूटी पर तैनात सभी कर्मचारियों को आधार कार्ड और ड्यूटी कार्ड साथ रखना अनिवार्य होगा। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने कहा कि परीक्षा को पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए खुफिया पुलिस को भी सक्रिय किया गया है तथा केंद्र पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

बैठक के बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने श्री अलक्षेन्द्र इंटर कॉलेज, भिनगा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था सहित सभी आवश्यक सुविधाएं पहले से सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ललित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज, क्षेत्राधिकारी भिनगा, जिला विद्यालय निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मरीजों को नया जीवनदान दे रहे डॉ. अश्वनी चौधरी, परिजनों ने की सराहना

बांसी, सिद्धार्थनगर। 50 शैयायुक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी में तैनात डॉ. अश्वनी चौधरी चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारियों का उत्कृष्ट निर्वहन कर रहे हैं। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और समुचित उपचार उपलब्ध कराकर उन्होंने अनेक मरीजों को स्वस्थ किया है, जिससे उन्हें नया जीवनदान मिला है। डॉ. चौधरी की कार्यशैली, समर्पण और मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार की अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों ने सराहना की है। लोगों का कहना है कि उनके प्रयासों से अस्पताल में उपचार व्यवस्था बेहतर हुई है और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।

पुलिस को मिलीं 2 नई पीआरवी स्कॉर्पियो और 4 बाइकें

एसपी राहुल भाटी ने दिखायी हरी झंडी

श्रावस्ती। जिले में पुलिस व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए उत्तर प्रदेश शासन ने श्रावस्ती पुलिस को 2 नई पीआरवी स्कॉर्पियो और 4 दोपहिया वाहन उपलब्ध कराए हैं। इन वाहनों के माध्यम से आम लोगों को आपात स्थिति में और तेजी से पुलिस सहायता मिल सकेगी।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी तथा भरत पासवान ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय से इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

नई पीआरवी स्कॉर्पियो और बाइक जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तैनात की जाएंगी, जिससे गश्त बढ़ेगी और घटनाओं पर पुलिस की प्रतिक्रिया पहले से अधिक तेज होगी।

इन वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, वायरलेस संचार व्यवस्था, बॉडी वॉर्न कैमरा, मोबाइल डाटा टर्मिनल (एमडीटी) और सीयूजी मोबाइल फोन जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा मेडिकल किट और अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण भी लगाए गए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इन नए वाहनों के संचालन से कानून-व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी तथा सड़क दुर्घटना, आपदा या अन्य आपात परिस्थितियों में लोगों को तत्काल सहायता प्रदान की जा सकेगी।

दहेज हत्या के आरोपी को 72 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर भेजा गया जेल: सीओ

शोहरतगढ़ (सिद्धार्थनगर)। थाना शोहरतगढ़ पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। यह जानकारी क्षेत्राधिकारी (सीओ) शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी ने दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण एवं सीओ शोहरतगढ़ के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, मुकदमा अपराध संख्या 97/26, धारा 80(2), 85 बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित वांछित आरोपी दिनेश यादव उर्फ बुडाऊ पुत्र मन्नु यादव, निवासी ग्राम पडरिया, थाना शोहरतगढ़, जनपद सिद्धार्थनगर को 4 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर परसा स्टेशन रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी को घटना के 72 घंटे के भीतर पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक परमानन्द राय एवं हेड कांस्टेबल मनोज प्रसाद शामिल रहे। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया।

खेसरहा साइबर पुलिस की बड़ी सफलता, ऐप्स फ्रॉड के 46,500 रुपये पीड़िता को वापस करायें

बांसी/सिद्धार्थनगर। जिले के थाना खेसरहा साइबर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए ऐप्स फ्रॉड की शिकार महिला के 46,500 रुपये उसके खाते में वापस कराकर सराहनीय कार्य किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में चलाए जा रहे साइबर अपराध एवं धनराशि रिकवरी अभियान के तहत यह सफलता प्राप्त हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अकालमती पत्नी रंगीलाल यादव निवासी मकनाखोर, थाना खेसरहा ने 20 अप्रैल 2026 को एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके खाते से ऐप्स के माध्यम से 46,500 रुपये की धोखाधड़ी हो गई है। शिकायत के बाद थाना खेसरहा साइबर सेल टीम ने बैंक के साथ समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्रवाई की, जिसके परिणामस्वरूप 6 मई 2026 को पूरी धनराशि पीड़िता के खाते में वापस करा दी गई। इस सराहनीय कार्य में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में साइबर सेल प्रभारी राघवेंद्र प्रताप यादव, उपनिरीक्षक रवि प्रताप सिंह सेंगर, कांस्टेबल देवेश मिश्रा, नीरज कुमार, शरद शर्मा एवं महिला कांस्टेबल रम्भा यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।

5 से 21 जून तक चलेगा जन-कल्याण और जन जागरूकता अभियान

श्रावस्ती। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद श्रावस्ती में 5 से 21 जून, 2026 तक समेकित जन-कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि अभियान के तहत जिले के सभी विकास खंडों, नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी आम जनता तक पहुंचाना, पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना, जन समस्याओं का त्वरित समाधान करना तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। 5 जून- विश्व पर्यावरण दिवस एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जिलेभर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 8 से 14 जून - विशेष जनसंपर्क एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा चिकित्सकों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, व्यापारियों, उद्यमियों और सामाजिक कार्यकताओं से संवाद स्थापित कर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

11 से 14 जून - मीडिया संवाद कार्यक्रम प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री द्वारा सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद जनपद स्तर पर प्रभारी मंत्री एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी प्रेस वार्ता कर सरकार की उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण करेंगे। 14 से 16 जून - जन-कल्याण शिविर एवं स्वास्थ्य मेले विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण कर लाभ दिलाया जाएगा।

16 से 17 जून - विकसित भारत संकल्प सम्मेलन प्रबुद्धजन एवं विषय विशेषज्ञ विभिन्न विकास खंडों में जाकर सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर व्याख्यान देंगे।

स्काउट प्रशिक्षण में सेवा भावना का दिया प्रशिक्षण

इकौना श्रावस्ती। जगतजीत इंटर कॉलेज, इकौना में चल रहे स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन प्रतिभागियों को आत्मरक्षा, आपदा प्रबंधन और सामाजिक जिम्मेदारियों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम में डॉ. ज्योति प्रकाश पांडे, प्रधानाचार्य, अलक्षेद इंटर कॉलेज एवं जिला मुख्य आयुक्त, श्रावस्ती ने कहा कि स्काउट-गाइड का शस्त्र प्रशिक्षण हथियार चलाने के लिए नहीं, बल्कि आत्मरक्षा, सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए होता है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान लाठी संचालन, प्राथमिक उपचार तथा प्राकृतिक आपदाओं के समय बचाव के तरीके सिखाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि स्काउटिंग में लगभग 5 फीट लंबी लकड़ी की लाठी का उपयोग किया जाता है, जिसके माध्यम से आत्मरक्षा और बचाव के विभिन्न पैंतरे सिखाए जाते हैं। इसके अलावा रस्सियों की मदद से विभिन्न प्रकार की गांठें बांधकर आपातकाल में अस्थायी पुल, मचान और स्ट्रेचर बनाने का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। डॉ. पांडे ने कहा कि स्काउट-गाइड के प्रमाण पत्र का विभिन्न क्षेत्रों में लाभ मिलता है और इससे युवाओं के व्यक्तित्व विकास में भी मदद मिलती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राम बिहारी वाजपेई ने कहा कि प्रशिक्षण में जंगल या अपरिचित स्थानों पर टेंट लगाने, बिना गैस के भोजन तैयार करने तथा दिशा सूचक यंत्र और तारों की सहायता से दिशा पहचानने का अभ्यास कराया जाता है। साथ ही अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और ट्रैफिक नियंत्रण से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी कामाछा प्रसाद पाठक, हनुमान प्रसाद तथा स्काउट-गाइड के प्रशिक्षार्थी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

जलाभिषेक से ही प्रसन्न होकर भक्तों का संकट दूर करते हैं भगवान शिव

प्रतापगढ़। विकासखण्ड लालगंज क्षेत्र के गौखाड़ी डगरारा स्थित श्री बूढ़ेश्वर महादेव धाम में चल रहे श्री शिवशक्ति नारायण महायज्ञ में गुरूवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का समागम हुआ। कथाव्यास पं0 शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि भगवान शंकर ही एक मात्र ऐसे देवता हैं जो सिर्फ जलाभिषेक करने से ही प्रसन्न होकर भक्तों का संकट दूर करते हैं। उन्होने कहा कि भगवान शिव संहार, पालक और सृजनकर्ता के रूप में पूजे जाते हैं। भगवान शिव का पूजन अर्चन करने से प्रगति का मार्ग सशक्त हुआ करता है। वहीं कथाव्यास मृत्युंजय द्विवेदी प्रखर जी महराज ने बताया कि भगवान शिव की सच्चे भाव से आराधना करने से घर परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होने कहा कि भगवान शिव सर्व कल्याणकारी हैं। आयोजक धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने वैदिक मंत्रोचार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर पूर्व प्रधान राजू पाण्डेय, डॉ0 शंभूनाथ वर्मा, शिव बहादुर सिंह, जीतलाल गुप्ता, विद्याधर ओझा, कमलाकांत पाण्डेय, कप्तान सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

युवती को कीड़े ने काट लिया, मौत

बांगरमऊ, उन्नाव। थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के अंतर्गत एक ईंट भट्ठे पर सो रही युवती को जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन कानपुर ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, हरदोई जनपद के शाहाबाद क्षेत्र निवासी आसमां पत्नी नईम अपने परिवार के साथ थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के गांव तकिया निगोही स्थित अपना ब्रिक फील्ड ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर जीवनयापन कर रही थी। बताया जाता है कि मंगलवार रात वह भट्ठे पर सो रही थी, तभी उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। कीड़े के काटने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से भी बेहतर उपचार के लिए उसे कानपुर भेजा गया, लेकिन रास्ते में ही आसमां ने दम तोड़ दिया।

करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

पुरवा, उन्नाव (बीओएल)। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत, विद्युत करंट लगने से एक अधेड़ की आज सुबह अचानक मौत हो गई, जिससे परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। बताते चले त्रिपुरारपुर के मजरे कोदयाखेड़ा में, गुरुवार सुबह करंट से मौत हो गई, वह अपने घर में फर्राटा पंखा हटाते समय इसका शिकार हो गए, मृतक की पहचान, हरिपाल पुत्र सिद्धनाथ उम्र लगभग 50 वर्ष के रूप में हुई है, सुबह करीब 6 बजे हरिपाल अपने घर में लगे फर्राटे पंखे को हटा रहे थे, इसी दौरान पंखे में अचानक करंट आ गया, जिसकी चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए, परिजनों ने देखा तो वह चिल्लाए जिससे मोहल्ले के लोग भी इकट्ठा हो गए, परिजन उन्हें तुरंत आनन-फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया, मृतक हरिपाल अपने पीछे पत्नी, सुनीता और पुत्री निर्मला सहित पूरा परिवार छोड़ गए हैं, ग्रामीणों के अनुसार हरिपाल, मेहनतकश और मिलनसार व्यक्ति थे, उनकी अचानक मौत से गांव में शोक का माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, कोतवाली प्रभारी भुवन सिंह मौर्य ने बताया कि, उन्हें घटना की सूचना मिली है, तथा पंचायतनामा भर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है, वहीं क्षेत्राधिकारी पुरवा अरविंद चौरसिया के अनुसार, विद्युत उपकरणों के साथ, कार्य करते समय सावधानी बरतने की अपील की गई है।

घूरा विवाद में युवक पर हमला

मौरावां (बीओएल)। थाना क्षेत्र के शिवराजखेड़ा गांव में गोबर के घूरे को लेकर हुए विवाद में एक युवक पर हमला किया गया। पीड़ित राजकुमार यादव ने आरोप लगाया है कि 31 मई 2026 को हुए इस हमले के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। राजकुमार यादव ने अपर पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वे अपने खेतों में काम कर रहे थे। उसी दौरान गांव के गुलाब सिंह यादव, उनके बेटे सुधांशु यादव और नौकर शोभनाथ जबरन उनके गोबर के घूरे को ट्रैक्टर-ट्रॉली में भर रहे थे। जब राजकुमार की पत्नी ने उन्हें रोका, तो तीनों ने गाली-गलौज की। राजकुमार के मौके पर पहुंचने और गोबर उठाने से मना करने पर गुलाब सिंह यादव ने उनके मुंह पर घूंसा मार दिया, जिससे उनका एक दांत टूटकर गिर गया। सुधांशु और नौकर ने भी लात-घूंसों से राजकुमार को पीटा, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। हमलावरों ने जाते समय राजकुमार को जान से मारने की धमकी भी दी।

5 से 21 जून तक जनसंपर्क व सेवा कार्यक्रमों की श्रृंखला, भाजपा की व्यापक तैयारी

प्रभारी मंत्री ने कोर कमेटी संग बैठक कर दी रूपरेखा

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के मंत्री व जनपद के प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सर्किट हाउस सभागार में भाजपा महानगर और जिला कोर कमेटी के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने, प्रदेश सरकार के 9 वर्ष तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 5 जून को जन्मदिन के अवसर पर 5 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की गई।

प्रभारी मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इन अवसरों को बारह साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के के रूप में मनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि देश में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, समर्पण और संकल्प की राजनीति को नया आयाम मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि अब देश में सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के कार्यकाल एक नया इतिहास रच रहा है, जो समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए समर्पित है।

बैठक में बताया गया कि 5 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिन के अवसर पर पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद सहित पूरे देश में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत 8 जून से 12 जून तक मीडिया संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों को जनता के सामने विस्तार से रखेंगे। साथ ही इन उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिकाओं (बुकलेट) का भी विमोचन किया जाएगा, जिससे आमजन तक योजनाओं और नीतियों की जानकारी सरलता से पहुंच सके। इसके अतिरिक्त 8 जून से 14 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर नागरिकों से सीधे संवाद करेंगे और सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी देंगे। इस दौरान वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, प्रगति पथ यात्राएं तथा ह्वविकसित भारत संकल्प सम्मेलनह्व जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी मंत्री ने कहा कि इस अभियान के तहत प्रत्येक जिले में संपर्क साधने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि समाज के विभिन्न वर्गों–किसान, युवा, महिलाएं, व्यापारी और श्रमिक–तक सरकार की योजनाओं का लाभ और संदेश पहुंच सके। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ इन कार्यक्रमों को सफल बनाएं। बैठक में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी, महानगर अध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता, दर्जा प्राप्त मंत्री पुष्पदंत जैन, सांसद रवि किशन, विधायकगण तथा कोर कमेटी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए अपने-अपने स्तर पर तैयारी करने का संकल्प लिया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल उत्सव नहीं, बल्कि जनता के बीच जाकर संवाद स्थापित करने और विकास की यात्रा को साझा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने विश्वास जताया कि गोरखपुर जनपद में इन कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की उपलब्धियां और जनकल्याणकारी योजनाएं व्यापक स्तर पर जन-जन तक पहुंचेंगी।

5 से 21 जून तक भाजपा के विशेष अभियानों की सफलता पर हुई चर्चा

गोला गोरखपुर। उपनगर गोला के वार्ड नंबर 6 तहसील चौराहे के समीप स्थित एक प्रतिष्ठान पर गुरुवार को चिल्लूपार विधानसभा गोला मंडल के कार्यकर्ताओं की आयोजित हुई बैठक।

बैठक में आगामी 5 से 21 जून तक चलने वाले कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री जी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर एक पेड़ मां के नाम से शुरू होकर विश्व योग दिवस तक चलने वाले कार्यक्रमों की तैयारी बैठक पर हुई विस्तार से चर्चा। बैठक में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी संजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आप सभी कार्यकर्ता गण 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम लगाने का कार्य करें और 8 से 14 जून के बीच विशेष स्वच्छता अभियान एवं सरकार की उपलब्धियां को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें।

बैठक को भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन, भाजपा के वरिष्ठ नेता नित्यानंद मिश्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष देवेश निषाद ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोला अजय राजभर व संचालन जयशंकर तिवारी ने किया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, अंकुर चंद, सुमित सिंह, आलोक तिवारी, वीरेंद्र मालाकार, संजय मद्धेशिया, राजू सिंह, अनिल कुमार, पंकज सोनकर, गुलाब गुप्ता, अशोक कुमार, जोखन राजभर सहित अधिक संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

इटावा किसी की बपौती नहीं, यह बदलाव की धरती है: मोहम्मद गुलशेर

इटावा। सपा के खोखले डर और वोट बैंक की राजनीति पर एआईएमआईएम यूथ के जिलाध्यक्ष मोहम्मद गुलशेर का करारा पलटवार करते हुए कहा कि इटावा किसी की बपौती नहीं, यह बदलाव की धरती है। जो लोग हमें वोट काटने वाली मशीन कह रहे हैं, असल में उनकी अपनी राजनीतिक जमीन खिसक चुकी है। सपा नेता फरहान शकील का बयान उनकी राजनीतिक हताशा और इस डर को दिखाता है कि अब मुस्लिम समाज जाग चुका है और वह किसी का बंधुआ मजदूर या मूक वोट बैंक बनकर नहीं रहेगा। जसवंतनगर और भरथना का सच सपा ने सिर्फ वोट लिया, नेतृत्व क्यों नहीं दिया सपा नेता कहते हैं कि इटावा उनका गढ़ है। हम पूछना चाहते हैं जसवंतनगर और भरथना की जनता ने दशकों तक सपा को एकतरफा वोट दिया। लेकिन बदले में अल्पसंख्यक समाज को क्या मिला जब विकास की बात आती है, जब युवाओं को रोजगार की बात आती है, या जब दंगों और अन्याय के खिलाफ खड़े होने की बात आती है, तो सपा के बड़े नेता जमीन से गायब क्यों हो जाते हैं इटावा और भरथना का मुसलमान अब सिर्फ दरी बिछाने और जिंदाबाद के नारे लगाने के लिए तैयार नहीं है। हम यहाँ वोट काटने नहीं, बल्कि मुस्लिम-दलित-पिछड़ा गठबंधन बनाकर अपना हक और राजनीतिक नेतृत्व डीलरशिप छीनने आए हैं। सपा का यह पुराना रोना है कि एआईएमआईएम लड़ेगी तो भाजपा जीतेगी। जवाब सीधा है जब प्रदेश में एआईएमआईएम मजबूती से नहीं लड़ रही थी, तब लोकसभा और विधानसभा चुनावों में सपा भाजपा से क्यों हार गई क्या सपा के बड़े नेताओं के परिवार के लोग खुद चुनाव नहीं हारे तब वोट किसने काटा था सच तो यह है कि सपा की कमजोर, डरी हुई और अवसरवादी राजनीति की वजह से ही भाजपा को फलने-फूलने का मौका मिला। जब संसद में यूएपीए जैसे काले कानूनों पर वोटिंग होती है, तो सपा के सांसद मैदान छोड़ देते हैं, और अकेले असदुद्दीन ओवैसी अल्पसंख्यकों और मजलूमों के हक की आवाज बुलंद करते हैं।

इटावा जंक्शन पर चला जल सेवा अभियान

इटावा। भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से राज कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा गुरुवार को इटावा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर एकदिवसीय जल सेवा अभियान चलाया गया। अभियान के तहत परिषद के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ट्रेनों के प्रत्येक डिब्बे में पहुंचकर यात्रियों को शीतल जल, बिस्किट और फल वितरित किए। परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि गर्मी के मौसम में लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को पेयजल और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना मानवीय सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। इसी भावना के तहत यह अभियान संचालित किया गया, जिसे यात्रियों ने भी सराहा। अभियान में परिषद के संरक्षक प्रदीप सक्सेना, जिलाध्यक्ष राजेश मिश्रा, जिलामंत्री पवन श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय मिश्रा एवं वीरेंद्र कुमार, रेलवे शाखा मंत्री दलील सिंह यादव, भूतपूर्व शाखा मंत्री रामावतार यादव, उपाध्यक्ष विपिन धनगर, राजेश तिवारी, प्रवीण पांडेय, मनीष चतुर्वेदी, माध्यमिक शिक्षक जिला मंत्री मनोज त्रिपाठी, आशीष शुक्ला, राहुल सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा पंचायत विभाग के मनोज कुमार, महिपाल सिंह, मनीष बाबू, इंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, राजेश, राजकुमार, प्रहलाद कुमार, नीरज, राजवीर, मोहित, रत्नेश कुमार और अजय समेत दर्जनों कर्मचारियों ने अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्टेशन प्रबंधक पी.एम. मीणा का विशेष सहयोग रहा। परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि जनसेवा के ऐसे कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेंगे ताकि जरूरतमंद लोगों को राहत और सहायता मिलती रहे।

ऊसराहार में अतिक्रमण पर गरजेगा बुलडोजर

ऊसराहार, इटावा। कस्बे में पिछले एक दशक से लंबित पड़ी नालियों की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासन ने अब पूरी तरह से कमर कस ली है। नालियों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के कारण हर साल होने वाले जलभराव से गुस्साए नागरिकों और व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए एसडीएम श्वेता मिश्रा और थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने व्यापारियों के साथ थाने मे बैठक की। बैठक में सख्त लहजे में चेतावनी दी गई कि नालियों के ऊपर किए गए सभी प्रकार के अतिक्रमण को तीन दिन के भीतर हटा लिया जाए, अन्यथा प्रशासन बलपूर्वक कार्रवाई करेगा। ऊसराहार कस्बे में पिछले दस वर्षों से नालियों की सुचारू रूप से सफाई नहीं हुई है, जिसके कारण पूरे बाजार की नालियां पूरी तरह से चोक हो चुकी हैं। पिछले सप्ताह हुई मूसलाधार बारिश के बाद कस्बे की स्थिति नारकीय हो गई थी। नालियों का गंदा पानी लोगों के घरों और दुकानों में घुस गया, जिससे स्थानीय निवासियों और व्यापारियों को लाखों रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस आपदा के बाद जागे प्रशासन ने अब आर-पार की लड़ाई का मूड बना लिया है। एक सिरे से दूसरे सिरे तक होगी सफाई, बर्दाश्त नहीं होगा अतिक्रमण बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम श्वेता मिश्रा ने दोटूक कहा कि कस्बे की नालियों की सफाई अब किसी भी कीमत पर नहीं रुकेगी। सफाई का काम एक सिरे से शुरू होकर दूसरे सिरे तक बिना किसी भेदभाव के किया जाएगा। थानाध्यक्ष बलराज भाटी ने व्यापारियों को सचेत करते हुए कहा कि अतिक्रमण हटाने और सफाई कार्य में सभी का सहयोग अपेक्षित है। यदि किसी ने भी सफाई कर्मचारियों के काम में बाधा डालने की कोशिश की या विरोध दर्ज कराया, तो उसके खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने साफ किया कि नियम सबके लिए समान हैं और पूरी निष्पक्षता से एक छोर से दूसरे छोर तक नालियां साफ कराई जाएंगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष रवि चक्रवर्ती, अनिल कौशल, भारतीय किसान संगठन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, व्यापारी शिवम गुप्ता, लक्ष्मीकांत गुप्ता, अभिलाष सिंह यादव, सुरेश चंद्र गुप्ता, विक्की कौशल, सचिन गुप्ता, आबिद, सदानंद गुप्ता, राजीव, प्रांसू गुप्ता, राघव, गौरव राठौर और सुचेंद्र चैहान सहित भारी संख्या में स्थानीय व्यापारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सरयू नहर कैनाल सूखी, किसानों में हाहाकार

गोला, गोरखपुर। गोला विकास खंड के किसानों ने बारानगर से निकलने वाली चौधरी चरण सिंह बारानगर सरयू पंप कैनाल में पिछले 1 माह से अधिक समय से पानी न छोड़े जाने पर गहरी चिंता जताते हुए सिंचाई विभाग से तत्काल पानी छोड़े जाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि नहर सूखी रहने से धान की नर्सरी सब्जी एवं अन्य फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।किसान भाइयों के अनुसार दक्षिणांचल क्षेत्र में कृषि विकास की रीढ़ मानी जाने वाली यह नहर बारानगर स्थित सरयू नदी के पंप स्टेशन से निकलकर भेड़ीताल तक जाती है। अपनी मुख्य शाखाओं और उपशाखाओं के माध्यम से यह हजारों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई करती है तथा हजारों किसान प्रत्यक्ष रूप से इस पर निर्भर हैं। नहर के आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पानी उपलब्ध रहने के कारण बड़े पैमाने पर सब्जी और अन्य नकदी फसलों की खेती की जाती है। किसान भाइयों ने बताया कि नहर में पानी नहीं होने के कारण उन्हें निजी नलकूपों और अन्य वैकल्पिक साधनों से सिंचाई करनी पड़ रही है।जिससे लागत बढ़ रही है। वहीं नहर सूखी होने से ताल तलैया और पोखरों में भी पानी की कमी हो गई है। इसके चलते पशु पक्षियों और अन्य जीव जंतुओं के सामने भी पेयजल का संकट उत्पन्न हो गया है। यह नहर गोपालपुर देवकली भवनियापुर अतरौरा रानीपुर सुअरज कटया बनकटा भड़सड़ा सरया सुरदापार सेमरी सहित गोला क्षेत्र के दर्जनों गांवों की कृषि भूमि को सिंचित करती है। भवनियापुर और अतरौरा जैसे गांवों में बड़े पैमाने पर सब्जी की खेती होती है तथा पूरे क्षेत्र में यहा से सब्जियों का कारोबार संचालित होता है। किसान भाइयों ने क्या कहा किसान निशीथ राय बबलू राय जय प्रकाश राय अशोक तिवारी दिवाकर दूबे गुड्डू राय ब्रह्मानंद राय अतुल तिवारी विवेकानंद तिवारी और उमेश मौर्य ने बताया कि धान की बेहन तैयार हो चुकी है और उसकी आयु 15 से 20 दिन के बीच हो गई है। किसी तरह अन्य साधनों से पानी उपलब्ध कराकर नर्सरी को बचाया गया है।लेकिन यदि शीघ्र ही नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो धान की रोपाई प्रभावित हो सकती है। आगे कहा कि गोला क्षेत्र में सरयू नदी से निकलने वाली यह नहर खेती की लाइफलाइन है। जिससे हजारों एकड़ फसलों की सिंचाई होती है।

मासिक बैठक में बीते संगठनात्मक अभियानों की समीक्षा

इटावा। कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बैठक मे मुख्य अतिथि के रुप मे सम्बोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष, महिला कल्याण बोर्ड अध्यक्ष कमलावती सिंह ने बताया कि 5 जून पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूरे जनपद में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया जाएगा। 13-14 जून को जिला स्तर पर केंद्र सरकार की उपलब्धियों से संबंधित प्रेसवार्ता का आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर 14-16 जून जन-कल्याण शिविर लगाए जाएंगे, 16-17 जून विकसित भारत संकल्प सम्मलेन का आयोजन किया जाएगा, 17- 20 जून तक सरकार की उपलब्धियों से संबंधित प्रदर्शनी लगाई जाएगी, 18-19 जून किसान मोर्चा द्वारा, प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा, 8- 14 जून विशेष जनसम्पर्क अभियान चलाया जाएगा। जिसके अन्तर्गत भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनसंपर्क के माध्यम से लोगों को मोदी सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में किए गए कल्याणकारी उपायों, विकास पहलों और अन्य उपलब्धियों के बारे में जानकारी देंगे। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मंडल स्तर पर योग शिविर का आयोजित किए जाएंगे। जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की मासिक बैठकें पार्टी संगठन को मजबूत करने और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं। संचालन जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत ने किया।

हिलौली ब्लॉक के कई गांवों में नालियां जाम, ग्रामीण कर रहे सफाई

हिलौली, उन्नाव। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान को लेकर समय-समय पर बड़े स्तर पर अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन हिलौली ब्लॉक के कई गांवों में इसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। गांवों में नालियों की नियमित सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई स्थानों पर उन्हें अपनी नालियां स्वयं साफ करनी पड़ती हैं, क्योंकि सफाई कर्मी समय पर नहीं पहुंचते। वहीं ग्राम प्रधानों का कहना है कि ग्राम पंचायत स्तर पर समय-समय पर सफाई कार्य कराया जाता है और आवश्यकतानुसार व्यवस्थाएं की जाती हैं। इस संबंध में हिलौली ब्लॉक के बीडीओ से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र में लगभग 65 सफाई कर्मी नियुक्त हैं, लेकिन वर्ष 2008 के बाद नई भर्ती नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मियों की कमी पूरे प्रदेश में एक बड़ी समस्या है। यदि किसी गांव से सफाई की मांग आती है तो टीम भेजकर सफाई कराई जाती है। बीडीओ ने यह भी बताया कि ग्राम प्रधानों को अधिकार दिए गए हैं कि आवश्यकता पड़ने पर निजी कर्मियों के माध्यम से सफाई कार्य कराकर ग्राम पंचायत के खाते से भुगतान किया जा सकता है।

प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों के लिए उपार्जित अवकाश की मांग

उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ, के जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान शिक्षकों ने विशाल पुष्पमाला पहनाकर मंत्री का सम्मान किया। प्रतिनिधिमंडल ने प्रभारी मंत्री को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए जनगणना कार्य में संलग्न शिक्षकों को उपार्जित अवकाश प्रदान किए जाने की मांग उठाई। शिक्षक नेताओं ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में शिक्षक पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपनी भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनके अतिरिक्त कार्य एवं योगदान को देखते हुए उपार्जित अवकाश दिया जाना न्यायोचित है। जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं और सरकार को उनके हितों एवं अधिकारों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि संगठन शिक्षक सम्मान, अधिकार और स्वाभिमान से जुड़े मुद्दों को लगातार मजबूती से उठाता रहा है और आगे भी शिक्षकों की न्यायोचित मांगों के लिए संघर्ष जारी रहेगा। कार्यक्रम में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कनौजिया, शिक्षक नेता अरविंद सिंह, मंडल अध्यक्ष दिलीप अवस्थी, सुजीत गुप्ता, वीरेंद्र कुमार, रवींद्र रावत, पवन पांडेय, वीर बहादुर, विजय ज्ञानेंद्र, शैलेन्द्र, किशनलाल, मदन गोपाल, विनोद लोधी, पवन सोनकर, अरविंद सिंह पिंडोखा, सुरेंद्र वर्मा, श्याम बाबू एवं भीम प्रताप सहित जनपद के सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे। कृष्ण शंकर मिश्र ने कहा, राष्ट्र सेवा में जुटे शिक्षकों को सम्मान और अधिकार दोनों मिलने चाहिए। जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को उपार्जित अवकाश प्रदान करना उनके योगदान का उचित सम्मान होगा।

श्री रामचन्द्र नारायण शिक्षण एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय
माधवपुर, बौरा जगदीशपुर, जनपद सुलतानपुर (उ.प्र.)

(कॉलेज कोड- 688)

निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है।

1. स्नातक स्तर (विज्ञान संकाय)-भौतिक विज्ञान-01 पद, गणित -01 पद, रसायन विज्ञान-01 पद, जन्तु विज्ञान-01 पद, वनस्पति विज्ञान-01 पद।
2. स्नातक स्तर (कला संकाय)-गृह विज्ञान-01 पद, प्राचीन इतिहास- 01 पद, राजनीति शास्त्र-01 पद।
3. परास्नातक स्तर (कला संकाय)-भूगोल-02 पद, समाजशास्त्र-02 पद।
4. परास्नातक स्तर (विज्ञान संकाय)-जन्तु विज्ञान-02 पद, रसायन विज्ञान-02 पद।

अहर्ता वेतन :- विश्वविद्यालय/यूजीसी/एनसीटीई की परिनियमावली के अनुसार देय होगा।

इच्छुक योग्य एवं अनुभवी प्रवक्ता अपना आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्व प्रमाणित छाया प्रति व फोटो के साथ 15 दिन के महाविद्यालय के पते पर भेजें।

हरिश्चन्द्र सिंह
प्रबंधक
श्री रामचन्द्र नारायण शिक्षण एवं प्रशिक्षण महाविद्यालय
माधवपुर
बौरा जगदीशपुर, सुलतानपुर (उ.प्र.)
मो. 8449555000

जनगणना के साथ प्रकृति प्रेम का दिया संदेश

पाटन। तहसील बीघापुर के ग्राम मलयपुर के प्रगणक सहायक शिक्षक आशीष कुमार दीक्षित व मुकेश सचान जनगणना प्रगणकों ने जनगणना के साथ साथ मलयपुर मे मकान गणना के साथ साथ ग्रामीणों के दिलों में प्रकृति प्रेम से जोड़ कर वृक्षारोपण के प्रति जागरूक कर रहे हैं। दोनों प्रगणक मकान गणना के बाद परिवार के मुखिया और बच्चों को एक साथ बैठ कर वृक्षारोपणक्ष कर पेड़ लगाने के महत्व को समझा कर वृक्षारोपण के लिए प्रेरित कर रहे है। प्रगणक आशीष कुमार दीक्षित अपना एक संकल्प पत्र भेंट करते हैं। जिसके माध्यम से परिवार के मुखिया सहित उपस्थित सभी सदस्यों से वृक्ष लगाने का संकल्प दिलवाते है। इस कार्य मे सुपरवाइजर अजीत कुमार सिंह भी प्रगणकों का साथ मुहिम मे लगे हैं। मलयपुर के इन प्रगणकों की इस अपील पर ग्रामीण एक छायादार या फलदार पौधा लगाने का संकल्प ले रहे हैं। उनकी इस पहल पर गांव के युवा भी जुड़ रहे है। आशीष ने बताया कि हमारी इस पहल पर परिवार के मुखिया सहित हर सदस्य तैयार है और साथ जुड कर वृक्षारोपण के पहल का स्वागत कर रहा है।

पुलिस ने लगाये चेतावनी बैनर, माइक से किया जागरूक

जसवंतनगर, इटावा। गर्मी के मौसम में नहर और झाल पर बढ़ रही भीड़ तथा डूबने की आशंका को देखते हुए सीओ के नेतृत्व में बलरई थाना पुलिस ने जागरूकता अभियान शुरू किया है। सीओ आयुषी के नेतृत्व में थानाध्यक्ष बलरई कृपाल सिंह ने भोगनीपुर गंग नहर और खारजा झाल समेत उन स्थानों पर चेतावनी संबंधी बैनर लगवाए गए हैं, जहां स्थानीय और बाहरी लोग स्नान करने पहुंचते हैं और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

पुलिस ने सरकारी वाहन में लगे लाउडस्पीकर के माध्यम से क्षेत्र के पीहरपुर, नगला तौर, घुरा, जाखन, बहादुरपुर, नसीरपुर, नगला रामसुंदर, बलरई, कोकाबली, अंडावली, कीरतपुर और सरामई, नगला सलहदी सहित आसपास के गांवों में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को बताया गया कि नहर और झाल में स्नान करना खतरनाक है तथा तेज बहाव के कारण कभी भी हादसा हो सकता है। सीओ आयुषी सिंह ने बताया कि इन दिनों नहर और खारजा झाल में पानी का स्तर अधिक है। ऐसे में लोगों को अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नहर और झाल में स्नान करने से बचना चाहिए। पुलिस द्वारा लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/ इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है :– (1) ई–निविदा संख्या: NER-LJN-2026-180, कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल:– नौतनवां – स्टेशन भवन में सुधार, जिसमें रिटायरिंग रूम, वेटिंग रूम (महिलाओं और पुरूषों के लिए), स्टेशन शौचालय के साथ पैसेंजर हॉल, PP शेल्टर 02 बे (PF–02) और स्टेशन साइनेज आदि शामिल हैं, तथा नौतनवां में नई क्रू लॉबी का प्रावधान।, अनुमानित लागत (रू) : 33877554.95, अग्रिम धन (रू) : 677600.00, समापन अवधि – 12 माह। 1. उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2026-180 के लिये ई–निविदा दिनांक 28.07.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम् अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,
मुजाधि/डब्ल्यू–151 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरायी बाइक, युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। थाना मैलानी क्षेत्र में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्राम सुंदरपुर निवासी विमल गौतम (18) पुत्र द्वारिका प्रसाद बुधवार शाम अपनी बाइक से महेशापुर से घर लौट रहा था। शाम करीब साढ़े सात बजे अंबरपुर भट्टे के पास उसकी बाइक आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराते हुए शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

करंट लगने से युवक की मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मैलानी थाना क्षेत्र के कस्बा बांकेगंज मेंघर में पंखे का तार जोड़ रहे एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कस्बा बांकेगंज निवासी अनिल कुमार (40) बुधवार सुबह अपने घर में पंखे का तार जोड़ रहे थे। इसी दौरान तार पास में लगे लोहे के दरवाजे से छू गया, जिससे उसमें करंट दौड़ गया। अनिल कुमार करंट की चपेट में आ गए और जोरदार झटका लगने से जमीन पर गिर पड़े। घटना होते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत, दो घायल

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के धौरहरा-कफारा मार्ग पर टापरपुरवा गांव के पास गुरुवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार टापरपुरवा गांव के निकट दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार नीरज (22) पुत्र ओमकार निवासी देवीदीन पुरवा तथा विमल (28) पुत्र छन्नू की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक पर सवार त्रिपुरेश (35) पुत्र मदन सिंह निवासी लखाही और देवेंद्र प्रताप सिंह (62) पुत्र विभूति सिंह निवासी लखाही गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

डीएम ने किया अंबरपुर तटबंध का निरीक्षण

लखीमपुर-खीरी। जनपद में बाढ़ नियंत्रण एवं आपदा न्यूनीकरण हेतु शासन के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रशासन पूर्णतः संवेदनशील है। इसी क्रम में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने गुरुवार दोपहर शारदानगर बाढ़ खंड के अंतर्गत ऐरा पुल से अम्बरपुर तटबंध के किमी 2.600 पर क्रियान्वित किए जा रहे स्पर पुनरोद्धार कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बन्धित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने परियोजना की अद्यतन वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की। ?393.58 लाख (अनुबंधित लागत ?336.00 लाख) की इस महत्वपूर्ण परियोजना की प्रगति का आंकलन करते हुए, आसन्न मानसून सत्र को दृष्टिगत रखते हुए कार्य की गति को और तीव्र करने के कड़े निर्देश निर्गत किए। मौके पर उपस्थित अधिशासी अभियंता (बाढ़ खंड) अजय कुमार ने डीएम को अवगत कराया कि उक्त परियोजना के अंतर्गत 165.00 मीटर की निर्धारित लंबाई में स्पर के पुनरोद्धार का कार्य प्रगति पर है, जिसका लगभग 60 प्रतिशत भाग पूर्ण कराया जा चुका है। परियोजना के तकनीकी प्राविधानों के अनुसार, स्पर के अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम दोनों ओर मिर्जापुर स्टोन बोल्डर को जीआई वायर क्रेट में भरकर स्लोप पिचिंग तथा लॉन्चिंग एप्रन डालने का कार्य किया जा रहा है। डीएम ने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु स्टोन बोल्डर तथा वायर क्रेट के नमूनों का सूक्ष्म तकनीकी निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में मानक एवं गुणवत्ता के प्रति किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान डीएम ने संबंधित कार्यदायी फर्म और बाढ़खंड के उत्तरदायी अधिकारियों को निर्देशित किया कि मानसून जनित जलभराव अथवा नदी के जलस्तर में वृद्धि से पूर्व, अवशेष 40 प्रतिशत कार्य को युद्धस्तर पर पूर्ण किया जाए।नगर पालिका बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों एवं सौंदर्यीकरण पर हुई चर्चा हुई।

मनरेगा हाट बाजार की कराई गई वीडियोग्राफी

धौरहरा खीरी। विकास खण्ड धौरहरा क्षेत्र के मनरेगा हाट बाजार में गुरुवार को खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) संदीप कुमार तिवारी के नेतृत्व में बाजार की व्यवस्थाओं एवं गतिविधियों की वीडियोग्राफी कराई गई। इस दौरान अधिकारियों की टीम ने हाट बाजार का निरीक्षण कर वहां संचालित दुकानों, विक्रेताओं तथा उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने बाजार में साफ-सफाई, दुकानदारों की उपस्थिति, ग्राहकों की सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। वीडियोग्राफी के माध्यम से हाट बाजार की वर्तमान स्थिति का दस्तावेजीकरण किया गया, जिससे भविष्य में आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। बीडीओ संदीप कुमार तिवारी ने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिए कि हाट बाजार में आने वाले किसानों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि मनरेगा हाट बाजार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है और इसकी व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान विभागीय कर्मचारी, तकनीकी टीम तथा बाजार के दुकानदार एवं ग्रामीण भी मौजूद रहे। इस संदर्भ में बीडीओ धौरहरा संदीप कुमार तिवारी ने बताया कि शासन से टीम आई है पूरी हाट बाजार की वीडियो ग्राफी कराई गई है।

रोमांचक मुकाबलों में तीन टीमों ने दर्ज की शानदार जीत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम, पब्लिक इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित 19वें गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट में बुधवार रात खेले गए मुकाबलों में गोला इंडियन, ज्ञान वाटिका और मुन्नूगंज वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैच जीत लिए। पहले मुकाबले में अधिवक्ता संघ और गोला इंडियन की टीमें आमने-सामने रहीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए अधिवक्ता संघ ने चांद के 11 और सूरज के 20 रनों की मदद से 10 ओवर में 55 रन बनाए। जवाब में गोला इंडियन ने नफीस (18) और मनोज (25) की उपयोगी पारियों के दम पर लक्ष्य हासिल कर सात विकेट से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में ज्ञान वाटिका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रेरक (21) और सुमित (33) की शानदार पारियों की बदौलत 91 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिंद बाबा क्रिकेट क्लब की टीम कबाली के 16 रनों के बावजूद निर्धारित लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी और 47 रन से मुकाबला हार गई। तीसरे मुकाबले में मुन्नूगंज वॉरियर्स ने मानस की विस्फोटक 53 रन की पारी और सगुण के 13 रनों की मदद से 112 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में त्रिलोकीनाथ क्रिकेट क्लब की ओर से न्यूज (15), आकाश (11) और प्रियम (11) ने संघर्ष किया, लेकिन टीम 87 रन ही बना सकी और 25 रन से मुकाबला गंवा बैठी। मैचों में अंपायरिंग सौरभ शुक्ल, रोहित गुप्त, पवन कश्यप और सोनू ने की, जबकि कमेंट्री का दायित्व राजेंद्र निषाद और कमाल अहमद ने निभाया। खिलाड़ियों से परिचय अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रामकुमार गौतम, मंत्री संदीप अवस्थी तथा गोल्डन लाइफ वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष प्रमोद साहनी ने प्राप्त किया। इस अवसर पर अधिवक्ता राकेश त्रिपाठी, आशीष मिश्रा, अवधेश कुमार, टूनार्मेंट कमेटी के पदाधिकारी, खिलाड़ी तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

मेधावी बीएचएमएस छात्रों और चिकित्सकों का होगा सम्मान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोला के पूर्व होम्योपैथिक प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ओपी श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2025-26 में प्रदेश के सभी राजकीय एवं निजी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों के बीएचएमएस पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को लखनऊ में आयोजित समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र को 21 हजार रुपये नकद, गोल्ड मेडल, मेडिकल उपकरण एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 15,001 रुपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को 10,001 रुपये की नकद राशि के साथ गोल्ड मेडल, मेडिकल उपकरण और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि इसके साथ ही राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों में कार्यरत मेधावी, निष्ठावान एवं उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले चिकित्सा अधिकारियों तथा फार्मासिस्टों को भी सम्मानित किया जाएगा। चयन का आधार मरीजों को दी गई सेवाएं, कार्यक्षमता और उपलब्धियां होंगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से जुड़े छात्रों और चिकित्सकों को प्रोत्साहित करना तथा उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मान देकर नई पीढ़ी को प्रेरित करना है।

दहेज की बलि चढ़ी रोशनी

- मौत के बाद चुपके से किया अंतिम संस्कार
- मां ने पति-सास पर लगाया हत्या का आरोप

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के रुकनापुर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतका की मां ने पति और सास पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा हत्या करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि विवाहिता की मौत के बाद ससुराल पक्ष ने बिना मायके वालों की मौजूदगी के जल्दबाजी में अंतिम संस्कार भी कर दिया। लखीमपुर खीरी के नीमगांव थाना क्षेत्र के बढ़िया गांव निवासी रजनी देवी ने हरगांव पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बेटी रोशनी की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व रुकनापुर निवासी बलवीर पुत्र रामजीवन के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति और सास अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल और 20 हजार रुपये नकद की मांग करते थे। मांग पूरी न होने पर रोशनी को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। तहरीर के अनुसार, 22 मई को रोशनी के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया था। मामला थाने तक पहुंचा, जहां समझौते के बाद 25 मई को वह फिर ससुराल लौट गई। लेकिन 31 मई को सूचना मिली कि रोशनी के साथ दोबारा मारपीट की गई है। जब मां ससुराल पहुंची तो बेटी मृत अवस्था में पड़ी थी और उसके सिर व नाक से खून निकल रहा था। रजनी देवी का आरोप है कि बेटी की हालत देखकर वह बेहोश हो गई और जब उन्हें होश आया तो ससुराल पक्ष अंतिम संस्कार कर चुका था। उन्होंने इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मामले में अपराध निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और सभी आरोपों की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

नपा बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों एवं सुंदरीकरण पर मंथन

पलियाकलां खीरी। नगर पालिका परिषद पलिया कलां की बोर्ड बैठक पालिकाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी देवी गुप्ता की अध्यक्षता में पालिका सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर के विकास एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में नगर के पुलिस चौकी क्षेत्र से पुराने बस स्टैंड तक सड़क के सौंदर्यीकरण कार्य पर विचार-विमर्श किया गया तथा नगर के सभी चौराहों एवं प्रमुख स्थलों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाइट लगाने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त नगर के तालाबों एवं पार्कों की सौंदर्यता और उपयोगिता बढ़ाने के उद्देश्य से उनके सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों पर भी चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। पालिकाध्यक्ष लक्ष्मी देवी गुप्ता ने कहा कि नगर के समग्र विकास, स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण के निर्माण तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना परिषद की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्यों को गति प्रदान की जा रही है। बैठक में उपस्थित सम्मानित सभासदों एवं नामित सदस्यों ने अपने-अपने वार्डों एवं नगरहित से जुड़े सुझाव प्रस्तुत किए, जिन पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई तथा जनहित के विभिन्न प्रस्तावों पर सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए।इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी, समस्त सभासदगण, नामित सदस्यगण उपस्थित रहे।

भतीजी के साथ दुष्कर्म में फूफा गिरफ्तार

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के एक मोहल्ला में फूफा ने अपनी 7 वर्षीय भतीजी को टाफी का लालच देकर झाड़ियों मे दुष्कर्म करते समय मौके पर दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया गया था मामले में मेडिकल रिपोर्ट के बाद आरोपी को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट ने पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कस्बा में 2 जून को शाम 5 बजे करीब मोहल्ले में किराए के मकान में रह रहे सुमित निवासी कस्बा थाना सिधौली ने अपनी भतीजी को बुलाकर दुष्कर्म करने के प्रयास से बच्ची की हालत लहूलुहान हो गई जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया था हालत ठीक होने पर अस्पताल से छुट्टी कर दी गई निरीक्षक उमेश चौरसिया और रिक्रूट आकाश गंगवार ने मेडिकल परीक्षण और मजिस्ट्रेट बयान होने के बाद गुरुवार को आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

विद्युत आपूर्ति ठप्प होने पर महिलाओं ने घेरा पावर हाउस

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में बने पावर हाउस के कारी फॉर्म फीडर पर तेज आंधी में क्षतिग्रस्त हुई लाइन से 10 दिन बाद दर्जनों गांव अंधेरे में रहने को मजबूर हुए विद्युत आपूर्ति बहाली न होने पर गांव के दर्जनों महिलाएं और पुरुषों ने पावर हाउस का घेराव कर प्रदर्शन किया है। जानकारी अनुसार पावर हाउस के फीडर कारी फार्म के गांव दिलावर नगर सेमरा जानीपुर समेत दर्जन भर से अधिक गांव में 10 दिनों से आंधी में क्षतिग्रस्त हुई लाइन को ठीक न करने पर गांव अंधेरे में डूब गए लोगों को बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ गया मरम्मत का कार्य में हीला हवाली के चलते लोगों का धैर्य टूट गया गुरुवार को प्रधान बाबूलाल कुशवाहा के नेतृत्व में अरविंद, महंत कुशवाहा, विश्वनाथ, कमलेश, मंजू देवी, लीलावती, उषा देवी ,लालगुनी समेत सैकड़ो महिलाओं और पुरुषों ने इकट्ठा होकर पावर हाउस पर पहुंचकर प्रदर्शन करने लगे जिससे अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए आनन-फानन में फीडर पर कर्मचारियों के साथ सामान भेज कर युद्ध स्तर पर लाइन ठीक करने का फरमान जारी किया है। मरम्मत कर शुरू होते ही प्रदर्शनकारी वापस लौट गए हैं।

बुआ को लेकर भतीजा फरार

पसगवां खीरी। कोतवाली पसगवां क्षेत्र से एक रिश्ते को शर्मशार कर देने बाला मामला सामने आया है। यहां बुआ को उनका भतीजा लेकर फरार हो गया है,पीड़ित पति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।पीड़ित रामसिंह ने बताया कि बीती दिनांक 3 जून 2026 को उचौलिया क्षेत्र के ग्राम बनकागाव निवासी मेरे साले का लड़का ओमकार पुत्र हरिद्वारी मेरी पत्नी को लेकर फरार हो गया,बह दोनों अपने साथ आधा किलो चांदी,सोने के कुंडल,दो जोड़ी सोने की कड़ियां साथ ही घर में रखे सारे दस्तावेज उठा ले गए। मैने अपनी पत्नी का बैंक में खाता खुलवाकर उसमें 50 हजार रुपए डाल थे।

सकरन क्षेत्र में अवैध अस्पताल

नर्सिंग होम और क्लीनिक धड़ल्ले से हो रहे संचालित

सीतापुर। स्वास्थ्य विभाग की कथित अनदेखी और संरक्षण में सकरन क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक अवैध अस्पताल, नर्सिंग होम और क्लीनिक धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। बिना पंजीकरण के चल रहे इन अस्पतालों में मरीजों का इलाज ही नहीं, बल्कि ऑपरेशन तक किए जाने के दावे किए जा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद विभाग केवल खानापूर्ति करता है और कार्रवाई के नाम पर एक-दो दिन के लिए ताला लगवाकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देता है। कस्बा सकरन के बिसवां मोड़ स्थित न्यू सेवा हॉस्पिटल, थाना मोड़ पर बाला जी हेल्थ केयर, उमरा कला में दयाराम हेल्थ केयर और लखनऊ हेल्थ केयर समेत दुगाना, गोडियन पुरवा, सांडा, कोनसर, हरैया, महाराजनगर, गजनीपुर और मोहलिया सहित कई गांवों में अवैध अस्पतालों का नेटवर्क फैला हुआ है। इन क्लीनिकों के बाहर बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर हर बीमारी के गारंटी वाले इलाज और ऑपरेशन का दावा किया जाता है। इतना ही नहीं, बोर्डों पर जिले और प्रदेश के नामी चिकित्सकों के नाम भी प्रदर्शित किए गए हैं, जबकि वास्तविकता में अधिकांश स्थानों पर न तो प्रशिक्षित डॉक्टर हैं और न ही न्यूनतम स्वास्थ्य सुविधाएं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में हर वर्ष इलाज के दौरान कई लोगों की मौतें होती हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी गंभीर

कार्रवाई करने से बचते हैं। शिकायत मिलने पर संबंधित क्लीनिक को कुछ घंटों या एक-दो दिन के लिए बंद कराया जाता है और फिर उसका संचालन पहले की तरह शुरू हो जाता है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद मित्रा ने बताया कि जल्द ही अभियान चलाकर अवैध क्लीनिकों और झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

फर्जी रजिस्ट्रेशन के सहारे चल रहा हॉस्पिटल! विभाग ने बताया नंबर ही नकली

सीतापुर। कस्बा सकरन के यज्ञशाला मोड़ के पास संचालित न्यू सेवा हॉस्पिटल पर विभागीय पंजीकरण संख्या का बोर्ड लगा है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अनुसार यह रजिस्ट्रेशन नंबर पूरी तरह फर्जी है। सूत्रों के मुताबिक यह अस्पताल पहले खैराबाद क्षेत्र में संचालित होता था, जहां विभागीय कार्रवाई के बाद इसे बंद करा दिया गया था। इसके बाद संचालकों ने पूरा सेटअप सकरन में स्थानांतरित कर दिया। बताया जाता है कि करीब 15 दिन पहले शिकायत मिलने पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद मित्रा ने अस्पताल को बंद कराया था, लेकिन कुछ ही दिनों बाद इसका संचालन फिर शुरू हो गया। इससे स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर भी सवाल उठ रहे हैं। नोडल अधिकारी डॉ. मनोज देशमणि ने स्पष्ट कहा कि अस्पताल के बोर्ड पर अंकित रजिस्ट्रेशन नंबर फर्जी है। उन्होंने बताया कि सकरन क्षेत्र में संचालित किसी भी क्लीनिक या अस्पताल का अभी तक स्वास्थ्य विभाग से पंजीकरण नहीं हुआ है। ऐसे में फर्जी नंबर के सहारे मरीजों को भ्रमित करना गंभीर मामला है, जिसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

भ्रष्टाचार के आरोपों पर अध्यक्ष का पलटवार

कहा-जांच कराये, खुद जज न बनें

सीतापुर। हरगांव नगर पंचायत में सभासद और अधिशाषी अधिकारी के बीच चल रहे विवाद ने अब नया मोड़ ले लिया है। नगर पंचायत पर भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच अध्यक्ष ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर आरोपों का जोरदार खंडन करते हुए विरोधियों पर विकास कार्यों को बदनाम करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने उन्हें नगर के विकास के लिए चुना है और उनके कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। उन्होंने दावा किया कि वर्षों से लंबित श्मशान घाट (मोक्षधाम) की समस्या का समाधान कराया गया, जबकि सूर्यकुंड तीर्थ स्थल, गौरीशंकर बाबा मंदिर और प्राचीन पिथुवा देवी मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं कायाकल्प का कार्य भी कराया गया। इसके अलावा भीमताल के सौंदर्यीकरण का कार्य भी जारी है। वीडियो संदेश में अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कुछ लोग सुनियोजित तरीके से नगर पंचायत के खिलाफ भ्रष्टाचार का माहौल बनाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के बावजूद कुछ अराजक तत्व झूठे आरोप लगाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि आरोप लगाने वाले कुछ लोगों के खिलाफ पहले से ही गंभीर मामले दर्ज हैं। अध्यक्ष ने कहा कि यदि किसी को नगर पंचायत के कार्यों पर संदेह है तो वह सक्षम स्तर से जांच करा सकता है, लेकिन बिना किसी ठोस प्रमाण के आरोप लगाना उचित नहीं है। उन्होंने दो टूक कहा जांच कराने का सभी को अधिकार है। लेकिन कोई खुद जज बनने की कोशिश न करे। नगर पंचायत में चल रहे इस विवाद के बीच अध्यक्ष के बयान ने सियासी और प्रशासनिक माहौल को और गरमा दिया है। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि आरोपों और प्रत्यारोपों के बीच प्रशासन क्या रुख अपनाता है।

केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किये : प्रभारी मंत्री



सीतापुर। जिले के नव नियुक्त प्रभारी मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं शासन की प्राथमिकताओं की समीक्षा करते हुए कहा कि ह्यह्यभारतीय जनता पार्टी केवल वोट की राजनीति नहीं करती, बल्कि सेवा, सुशासन और सम्मान की राजनीति करती है।ह्यह्य उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वर्ष 2027 में प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की प्रचंड बहुमत की सरकार बनेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जनता अब जातिगत समीकरणों और वोट बैंक की राजनीति करने वाली पार्टियों को स्वीकार नहीं करना चाहती। समीक्षा बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इन उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए 5 जून से 21 जून तक जनपद, तहसील, विकासखंड और ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रम प्रभावी ढंग से आयोजित किए जाएं तथा आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बैठक में ह्यह्यएक पेड़ मां के नामह्यह्य अभियान को विशेष रूप से सफल बनाने पर जोर देते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से अपनी माता के सम्मान में कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। साथ ही विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया

बच्चों को किया जागरूक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। भारत विकास परिषद शाखा छोटी काशी द्वारा गुरुवार को ड्रीम एंड फन समर कैंप, कृषक समाज इंटर कॉलेज में पर्यावरण जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। गोष्ठी में मुख्य वक्ता सीजीएन पीजी कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिंगल यूज पॉलीबैग और प्लास्टिक का प्रयोग पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। उन्होंने बच्चों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने, जल संरक्षण अपनाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। परिषद के पर्यावरण गतिविधि सह-प्रमुख कमलेश सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा और इसकी उपयोगिता पर विचार रखे। शाखा अध्यक्ष अनुज खरे ने जल संरक्षण एवं पौधारोपण को समय की आवश्यकता बताते हुए सभी से पर्यावरण बचाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन शाखा सचिव मनोज वर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक रामसागर वर्मा, कोषाध्यक्ष सुशील वर्मा, आलोक गुप्ता, शैलेन्द्र वर्मा, अजय गुप्ता, अरुण शर्मा, समर कैंप संचालक कुंवर आनंद वर्मा, शहवाज, प्रशिक्षक रवि चैधरी, अंकित कुमार, रुखसार, जीशान, समरा, मानसी गुप्ता सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी

संख्या -212/आबकारी/अपील/सूचना/2026-27/बाराबंकी/ दिनांक : 04.06.2026

अपील/सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अवैध अड्डों/स्थानों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योंकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके अल्प मात्रा के सेवन से ऑखों की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। यदि किसी को अवैध मदिरा अथवा निर्धारित मूल्य से अधिक पर बिक्री की सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल जनहित में जनपद के जिला आबकारी अधिकारी, बाराबंकी-9454465638, आबकारी निरीक्षक, नवाबगंज-9454466232, आबकारी निरीक्षक, रामसनेही घाट-9454466233, आबकारी निरीक्षक, हैदरगढ़-9454466234, आबकारी निरीक्षक, फतेहपुर-9454466235, आबकारी निरीक्षक, सिरौली गौसपुर-8299856945, आबकारी निरीक्षक, रामनगर-7303337393, पर सूचना देने का कष्ट करें। अवैध मद्य निष्कर्षण से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की शिकायत के लिये **प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर-14405 तथा व्हाट्सएप नम्बर 9454466019** पर भी दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जायेगा। **आबकारी दुकानों से विक्रीत मदिरा की वैद्यता की जाँच हेतु गूगल प्ले स्टोर से यूपी एक्साइज सिटिजन एप्लिकेशन डाउनलोड कर की जा सकती है।**

(कुलदीप दिनकर)
जिला आबकारी अधिकारी
बाराबंकी

(ईशान प्रताप सिंह)
जिलाधिकारी
बाराबंकी

संक्षेप

जीएसटी सचल दल ने बिना बिल के लाखों का माल किया जब्त

रायबरेली। जीएसटी विभाग की सचल टीम ने रविवार सुबह रायबरेली के त्रिपुला चौराहे पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बिना जीएसटी दस्तावेज के ले जाया जा रहा लाखों रुपये का सामान पकड़ा। यह माल दिल्ली से लाकर अनुबंधित बस के जरिए लखनऊ ले जाया जा रहा था। जीएसटी सचल दल की प्रभारी सलोनी ने बताया कि सूचना मिली थी कि आगरा-लखनऊ रूट पर चलने वाली एक अनुबंधित एसी बस में बिना बिल के सामान लादा गया है। सूचना पर टीम ने सुबह करीब 9 बजे त्रिपुला चौराहे पर बस को रोककर जांच शुरू की। जांच के दौरान बस के पिछले हिस्से में बने सामान यार्ड से भारी मात्रा में माल बरामद हुआ। टीम के अनुसार बरामद सामान के साथ आवश्यक जीएसटी चालान और ई-वे बिल नहीं पाए गए। प्रारंभिक अनुमान है कि यह लाखों रुपये की जीएसटी चोरी का मामला हो सकता है। सचल दल ने पूरे माल को अपने कब्जे में ले लिया है और उसकी गहन जांच शुरू कर दी है। जीएसटी अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बस को आवश्यक पूछताछ के बाद आगे जाने दिया गया। जीएसटी विभाग ने व्यापारियों को चेतावनी दी है कि बिना बिल और ई-वे बिल के माल परिवहन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

टीजीटी की परीक्षा में 9984 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने आज आयोजित की गई प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) की परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु वैदिक इण्टर कॉलेज, पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, एसजेएस पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के समय सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त परीक्षा जनपद के 23 परीक्षा केन्द्रों पर 3 व 4 जून, 2026 को प्रत्येक दिवस को दो पालियों में आयोजित की गई। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई तथा अधिकारियों द्वारा भ्रमणशील रहकर लगातार निगरानी की गई। आज की आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) की परीक्षा में प्रथम पाली में कुल 9246 अभ्यर्थियों में से 4079 अभ्यर्थी उपस्थित व 5167 अभ्यर्थी अनुपस्थित एवं द्वितीय पाली में कुल 8862 अभ्यर्थियों में से 4045 अभ्यर्थी उपस्थित व 4817 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें, इस प्रकार दोनों पालियों में कुल 18108 अभ्यर्थियों में से 8124 अभ्यर्थी उपस्थित व 9984 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहें। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी सचिन यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

अदिति सिंह ने इंटरलॉकिंग सड़क का किया लोकार्पण

अखिलेश पुरम में सीसी रोड का किया शिलान्यास

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने विधानसभा क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने अमर नगर में विधायक निधि से निर्मित इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण किया। इसके साथ ही अखिलेश पुरम में दीन दयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत बनने वाली सी.सी. रोड का पूजा-अर्चना व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि इससे जलभराव और कीचड़ से राहत मिलेगी विधायक अदिति सिंह ने कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही जलभराव, कीचड़ एवं जर्जर मार्गों की समस्या से राहत मिलेगी। नई सड़कें बनने से आवागमन अधिक सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक होगा। उन्होंने कहा, हमारा सदैव यही प्रयास है कि रायबरेली सदर के हर मोहल्ले तक बेहतर बुनियादी सुविधाएं पहुंचे और आमजन का जीवन सुगम बने। विकास कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और संबंधित ठेकेदार को निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि रायबरेली सदर में बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के लिए लगातार काम चल रहा है। हाल ही में उत्तर प्रदेश शासन ने त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत ₹493.11 लाख के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इसमें अमर नगर, अखिलेश पुरम, सम्राट नगर, साकेत नगर, राम विलास नगर, घसियारी मंडी और कृष्णा नगर जैसे इलाकों में इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण शामिल है। इसके अलावा नगर पालिका परिषद द्वारा शहर में ₹12.50 करोड़ की लागत से 15 सड़कों का निर्माण, मरम्मत एवं पटरी में इंटरलॉकिंग कराया जा रहा है। अखिलेश पुरम में महाराजगंज रोड से काशीराम कॉलोनी तक डामरीकरण का कार्य भी इस योजना में शामिल है। विधायक अदिति सिंह लगातार क्षेत्र में सड़क, नाली निर्माण और जल निकासी की समुचित व्यवस्था पर जोर दे रही हैं। उनका कहना है कि सरकार जनहित के विकास कार्यों को पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रही है। जेल रोड जैसे व्यस्त मार्ग का 9 करोड़ रुपये से कायाकल्प भी इन्हीं प्रयासों का हिस्सा है। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिक, कार्यकर्ता और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने नई सड़कों के लिए विधायक का आभार जताया।

अधिकारियों ने व्यापारी संवाद का आयोजन कर जीएसटी के नियमों से कराया अवगत

लालगंज | रायबरेली। राज्य कर विभाग के अधिकारी डिप्टी कमिश्नर शिखा गुप्ता, असिस्टेंट कमिश्नर राजीव राय, विवेक कुमार और रामनरेश ने गुरुवार को लालगंज कस्बे के प्रताप पैलेस में स्थानीय व्यापारियों के साथ व्यापारी संवाद कार्यक्रम कर जीएसटी से जुड़े सरकारी दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। बैठक में डिप्टी कमिश्नर शिखा गुप्ता ने समय से रिटर्न दाखिल करने, ई-इनवॉइस और ई-वे बिल की

अनिवार्यता पर जोर दिया गया। जीएसटी अधिकारियों ने कहा कि सभी पंजीकृत व्यापारियों को हर माह की निर्धारित तिथि तक आवश्यक प्रपत्र दाखिल करना अनिवार्य है। देरी पर ब्याज और पेनाल्टी लगती है। 5 करोड़ से अधिक टर्नओवर वाले व्यापारियों के लिए ई-इनवॉइस जरूरी है। कर अधिकारी ने व्यापारियों को फर्जी फर्मों से सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, बिना माल की सप्लाई के बिल जारी करना या लेना अपराध है। ऐसे मामलों में विभाग जीएसटी निरस्तीकरण के साथ मुकदमा दर्ज कराएगा। व्यापारी खरीद-बिक्री के बिलों का मिलान जरूर करें।

बैठक में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने पोर्टल की धीमी गति और तकनीकी दिक्कतों का मुद्दा उठाया। सराफा व्यापारी रोहित लाला सोनी ने कहा कि छोटे व्यापारियों को रिटर्न फाइल करने में परेशानी होती है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि हेल्प डेस्क के माध्यम से हर संभव मदद दी जाएगी। वही जीएसटी अधिकारियों ने स्पष्ट किया विभाग का उद्देश्य व्यापारियों का सहयोग करना है, न कि उत्पीड़न। उन्होंने अपील की कि व्यापारी स्वेच्छा से कर जमा करें और किसी भी समस्या के लिए सीधे कार्यालय से संपर्क करें। जीएसटी अधिकारियों के साथ हुई बैठक में उपरोक्त उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन, महेश सोनी, राहुल खन्ना, कैलाश गुप्ता, नीरज गुप्ता, अनिल सोनी, शीलू त्रिवेदी, अंकुर गुप्ता, विष्णु रस्तोगी, सुरेंद्र गुप्ता, कैलाश वाजपेई, बबलू सोनी, कृष्णा, शिवम सहित करीब 80 व्यापारी मौजूद रहे।

52 गांवों की आस्था का बना केंद्र दुर्गा धाम, पांच दिन गूंजी रामकथा

सुलतानपुर (वीओएल)। जनपद के पूर्वी छोर पर स्थित दुर्गा धाम देवनगर में आयोजित पांच दिवसीय रामकथा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। कन्हाइ समिति खानपुर पिलाई कोट के तत्वावधान में आयोजित कथा में क्षेत्र के 52 गांवों के साथ अंबेडकरनगर, आजमगढ़ और जौनपुर से भी हजारों श्रद्धालु पहुंचे और रामकथा का रसपान किया। 29 मई से प्रारंभ हुई रामकथा का समापन तीन जून को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। अयोध्या धाम से पधारी कथा व्यास देवी सुनैना कृष्णा ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, त्याग, मर्यादा और धर्म की महत्ता का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। समिति के सदस्य मनोज प्रभाकर सिंह के नेतृत्व में कथा से पूर्व 52 गांवों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया था। इसका असर कथा स्थल पर साफ दिखाई दिया, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। समापन समारोह में सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, डॉ. जय प्रकाश दुबे, पंकज वर्मा, गिरिजेश सिंह एवं पंचदेव सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में समिति अध्यक्ष सुरेश सिंह के नेतृत्व में अनिल सिंह, प्रेमचंद सिंह, सीताराम वर्मा, अशोक सिंह, विनोद सिंह, सुनील सिंह, राजेश सिंह, दुर्गा प्रताप सिंह, दिलीप दुबे, पिंटू मिश्रा समेत दर्जनों कार्यकताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन समिति के सदस्य मनोज प्रभाकर सिंह ने कथा में सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों, ग्रामवासियों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग और सहभागिता से आयोजन भव्य एवं सफल बन सका।

17 केंद्रों पर 39,456 पुलिस भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थी होंगे शामिल

सुलतानपुर (वीओएल)। आठ, नौ और 10 जून को जिले में आयोजित होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में होगी और इसके लिए चार सर्किल में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। तीन दिनों में 39,456 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।प्रतिदिन 13,152 परीक्षार्थियों के परीक्षा की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने परीक्षा को सुचारु बनाने के लिए जिले को चार सर्किलों में विभाजित किया है। नगर सर्किल में कोतवाली नगर, धम्मौर तथा कुड़वार में अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। लंभुआ सर्किल में लंभुआ, कोतवाली देहात में अभ्यर्थियों के परीक्षा की व्यवस्था की गई है। कूरेभार, जयसिंहपुर, गोसाईगंज तथा मोतिगरपुर में परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती है। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। प्रत्येक केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। अभ्यर्थियों की प्रवेश से पूर्व सघन जांच की जाएगी तथा सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। प्रशासन ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा संपन्न कराने का दावा किया है।

ठगी की शिकार महिला के रुपये वापस मिले

आजमगढ़। साइबर थाना/साइबर सेल एवं कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई से साइबर फ्रॉड की शिकार एक महिला के खाते में 98 हजार की धनराशि वापस कराई गई। पीड़िता सुनैना यादव, निवासी शेखपुरा थाना कोतवाली, के बैंक खाते से बिना अनुमति 98,001 कट गए थे।खाते से धनराशि कटने का संदेश मिलने पर महिला ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही कोतवाली के साइबर प्रभारी और उनकी टीम ने साइबर पोर्टल के माध्यम से संबंधित बैंक एवं एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई शुरू की। पुलिस की तत्परता से पीड़िता के खाते में 98 हजार की राशि वापस करा दी गई। पुलिस ने आमजन को साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा किसी व्यक्ति के साथ ओटीपी, यूपीआई पिन, सीवीवी या बैंकिंग जानकारी साझा न करें।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- प्रभारीमंत्री ने जनपद भ्रमण के दौरान किया पैधरोपण

रायबरेली। प्रभारी मंत्री जनपद राकेश सचान ने जनपद भ्रमण के दौरान निरीक्षण भवन परिसर में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया।

प्रभारी मंत्री ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है, बल्कि यह हमारी भावनात्मक जुड़ाव और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भी प्रतीक है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधरोपण करें तथा लगाए गए पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित करें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिल सके। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए कि जनपद में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाए तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान जनभागीदारी के माध्यम से एक जन आंदोलन का रूप ले, यही सरकार की मंशा है। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष रंजना चौधरी, विधायक सदर अदिति सिंह, विधायक सलोन अशोक कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल, जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका, एसपी रवि कुमार, डीएफओ प्रखर मिश्र, सीडीओ अंजुलता सहित जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की बड़ी पहल 300 स्वयं सहायता समूहों को मिलेंगे 90 लाख रुपये

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले की हजारों ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले के 300 स्वयं सहायता समूहों को कुल 90 लाख रुपये का स्थायी वित्तीय कोष उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक समूह के बैंक खाते में 30 हजार रुपये की धनराशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना है। वित्तीय कोष मिलने के बाद समूहों से जुड़ी महिलाएं मात्र एक प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण प्राप्त कर सकेंगी। इस राशि का उपयोग वे सिलाई-कढ़ाई, डेयरी, पशुपालन, किराना दुकान, खाद्य प्रसंस्करण सहित अन्य छोटे व्यवसाय शुरू कर सकेंगी। इसके अलावा घरेलू जरूरतों और आकस्मिक परिस्थितियों में भी समूह के माध्यम से आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकेंगी।विभाग की ओर से समूहों के बैंक खातों, अध्यक्ष और सचिव से संबंधित आवश्यक विवरण जुटाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद धनराशि सीधे लाभार्थी समूहों के खातों में भेज दी जाएगी। जिला मिशन प्रबंधक नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर जीवन की ओर अग्रसर करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कई महिलाएं हुनरमंद होने के बावजूद पूंजी के अभाव में अपना व्यवसाय शुरू नहीं कर पाती हैं। यह वित्तीय कोष उनके लिए नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। योजना से न केवल महिलाओं की आय में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा। इस पहल से सैकड़ों परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और गांवों में आत्मनिर्भरता की नई मिसाल स्थापित होगी।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार व मीडिया सेंटर के निर्माण कार्य का ब्लॉक प्रमुख ने लिया जायजा

- गुणवत्ता पर विशेष जोर, पत्रकारों और क्षेत्रवासियों ने पहल की सराहना की

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। विकास खंड प्रतापपुर कमैचा में जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। ब्लॉक परिसर में श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार एवं आधुनिक मीडिया सेंटर का निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरुण जायसवाल ने निर्माण स्थल का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सभागार क्षेत्र के लोगों, जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक बैठकों के लिए उपयोगी साबित होगा, जबकि मीडिया सेंटर पत्रकारों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराएगा। अरुण जायसवाल ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है और पत्रकारों को कार्य करने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना समय की जरूरत है। उन्होंने निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने पर भी जोर दिया। क्षेत्रीय पत्रकारों और नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे दूरदर्शी कदम बताया है। लोगों का मानना है कि मीडिया सेंटर बनने से पत्रकारों को संवाद, समाचार संकलन और प्रशासनिक समन्वय के लिए एक व्यवस्थित स्थान मिलेगा। यह पहल प्रशासन और मीडिया के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के साथ-साथ विकास कार्यों की जानकारी जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

सलोन विधायक व जिपं अध्यक्ष ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

रायबरेली। विधायक सलोन अशोक कुमार व जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना सचान ने विकास खण्ड राही परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा स्थापित किए गए नए कीर्तिमानों पर आधारित तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस अवसर पर विधायक ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा उपस्थित

अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए। विधायक ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाएं समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान हेतु समर्पित हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इन योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका अधिकतम लाभ उठाएं। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने आम नागरिकों से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं के प्रति जागरूक होकर उनका अधिकाधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर अति० जिला सूचना अधिकारी कौशलेन्द्र सिंह सहित सूचना विभाग के कर्मचारीगण व मीडिया संस्थान के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत विकास खंड प्रतापपुर कमैचा सभागार में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को योजना के तहत मिलने वाले ऋण एवं स्वरोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से महिलाएं बैंक से टर्म लोन एवं कैश क्रेडिट (सीसी) सुविधा प्राप्त कर अपना नया व्यवसाय शुरू कर सकती हैं तथा अपनी आय में वृद्धि कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। योजना के अंतर्गत फूड प्रोसेसिंग, होम केयर प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, पेपर एवं प्रिंटिंग, स्टेशनरी, सीमेंट उत्पाद, एग्री एवं फूड बिजनेस, पर्सनल केयर एवं वेलनेस, टेक्सटाइल, केमिकल एवं पॉलीमर, एजुकेशन एवं ट्रेनिंग, स्मॉल बिजनेस मॉडल, वुड प्रोडक्ट्स, स्पोर्ट्स एवं हॉबीज, हाउसहोल्ड प्रोडक्ट्स, आईटी एवं टेक्नोलॉजी सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसाय स्थापित करने के लिए ऋण की सुविधा उपलब्ध है। कार्यक्रम में जिला उद्योग विभाग सुलतानपुर से आए जितेंद्र कुमार ने योजना की विशेषताओं एवं लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक विकासधिकारी (ग्राम विकास) विनोद कुमार सिंह, ब्लॉक मिशन प्रबंधक अनिल कुमार पटेल उमेश सिंह, शिवांशु दूबे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा स्वरोजगार से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

कम उम्र में पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बनीं स्तुति दुबे, लगाये 40 से अधिक पौधे

सुलतानपुर (वीओएल)। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाली बल्दीराय क्षेत्र की 13 वर्षीय छात्रा स्तुति दुबे आज क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रही हैं। पूरे चौपाई (उपाध्याय का पुरवा) निवासी एवं कक्षा 9 की छात्रा स्तुति ने अपनी उम्र से दोगुने से भी अधिक पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है।

स्तुति ने बताया कि उन्होंने कोरोना काल में, जब वह कक्षा 4 की छात्रा थीं, तभी पौधरोपण का संकल्प लिया था। तब से अब तक वह आम, नीम, पीपल, बरगद और महुआ सहित 40 से अधिक पौधे रोपित कर चुकी हैं। खास बात यह है कि वह केवल पौधे लगाती ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी करती हैं। स्तुति का कहना है कि बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उनका मानना है कि वृक्ष न केवल शुद्ध हवा प्रदान करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य भी सुनिश्चित करते हैं। ग्रामीणों और शिक्षकों ने स्तुति की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया है। कम उम्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी जागरूकता यह संदेश देती है कि यदि संकल्प मजबूत हो तो बदलाव की शुरूआत किसी भी उम्र में की जा सकती है।

मार्ग की बदहाली पर यूपीडा अधिकारियों को लगायी फटकार

- जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना की शिकायत पर डीएम ने लिया संज्ञान

रायबरेली। जिला पंचायत सदस्य जगतपुर राकेश सिंह राना द्वारा अमर शहीद राणा बेनी माधव बख्श सिंह की जन्मस्थली उड़वा गांव को जोड़ने वाली बदहाल सड़क के संबंध में की गई शिकायत पर जिलाधिकारी रायबरेली ने गंभीरता से संज्ञान लिया है।

जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम (प्रशासन) सिद्धार्थ द्वारा यूपीडा के अधिकारियों को पत्र जारी करते हुए पूछा गया है कि 1857 की क्रांति के अमर नायक राना बेनी माधव बख्श सिंह की जन्मस्थली तथा धर्म, अध्यात्म और इतिहास की धरोहर माने जाने वाले इस ऐतिहासिक गांव उण्डवा की सड़क दौलतपुर उन्डवा मार्ग अब तक जर्जर एवं बदहाल क्यों है। पत्र में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सड़क की मरम्मत एवं सुधार कार्य 10 दिनों के भीतर पूरा कराया जाए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने अपने पत्र में उल्लेख किया था कि गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण कार्य में लगे डंपरों द्वारा लगातार मिट्टी ढुलाई किए जाने के कारण यह सड़क अत्यंत क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे क्षेत्रीय जनता, श्रद्धालुओं तथा ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। श्री राना ने जिलाधिकारी द्वारा त्वरित संज्ञान लेने और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उड़वा गांव का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व देखते हुए इस सड़क का शीघ्र निर्माण एवं मरम्मत कराया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सड़क के सुधरने से क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी तथा ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों तक आवागमन भी सुगम होगा। ना राजनीतिक शोर न ढिंढोरा पीटना ऐसे हैं सरल व्यक्तित्व के धनी कुंवर अजय पाल सिंह अरखा पूर्व विधायक ऊंचाहार आज उन्होंने अस्सी हजार रुपए का पेंट खरीद करके अमर शहीद राणा बेनी माधव बख्श सिंह की जन्मस्थली के प्रसिद्ध शिव मंदिर की पेंटिंग के लिए गांव वासियों को दिया है।

कटका क्लब ने आयोजित किया 'दुःख दुरिया' कार्यक्रम, सामाजिक समरसता का दिया संदेश

सुलतानपुर (वीओएल)। कटका क्लब सामाजिक संस्था के तत्वावधान में गुरुवार को गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के बनमई गांव में दुःख दुरियां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आपसी सहयोग, सामाजिक समरसता और जनकल्याण की भावना को मजबूत करना रहा। आयोजन का नेतृत्व संस्था से जुड़े राजदेव वर्मा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता करते हुए सामाजिक एवं धार्मिक विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर रामजीत वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, भाईचारे और पारस्परिक सहयोग की भावना को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने लोगों से एक-दूसरे के सुख-दुःख में सहभागी बनने का आह्वान किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र ह्यविनम्रह्ल ने कहा कि कटका क्लब सामाजिक संस्था समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरण के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय है। संस्था का प्रयास समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग और संवेदनशीलता की भावना पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने अवसान माता की कथा का श्रवण किया तथा गुड़, चना और लाई के प्रसाद का वितरण किया गया। धार्मिक और सामाजिक वातावरण में संपन्न हुए इस आयोजन में 251 महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। गीता देवी, मंजू देवी, किरन वर्मा, अनिता, सुमन, संगीता और ज्योति सहित अन्य महिलाओं ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। अंत में क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना के साथ सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

संक्षेप

नव नियुक्त अधिवक्ताओं ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं एडीजे प्रथम के नेतृत्व में गुरुवार को नव नियुक्त अधिवक्ताओं के दल ने वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण का उद्देश्य अधिवक्ताओं को वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली, महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं तथा परामर्श एवं पुनर्वास संबंधी सेवाओं से अवगत कराना था।

इस दौरान वन स्टॉप सेंटर की मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता मीनू जायसवाल ने बताया कि केंद्र पर घरेलू हिंसा, उत्पीड़न एवं अन्य समस्याओं से पीड़ित महिलाओं और बालिकाओं की काउंसलिंग की जाती है। उन्हें परिवार से पुनः जोड़ने, शिक्षा एवं रोजगार से जोड़ने तथा आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी विभिन्न प्रयास किए जाते है वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक नीतू भारती ने केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क कानूनी सहायताडीएम ने की ।

भारत के नव निर्माण की गाथा हैं 12 वर्ष : शशांक मणि

जिला संवाददाता

देवरिया। मोदी सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर सदर सांसद शशांक मणि ने पार्टी पदाधिकारियों संग नगर के गायत्रीपुरम में प्रबुद्धजनों से संपर्क कर सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐतिहासिक पड़ाव पर खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के 12 वर्ष पूर्ण हुए हैं। ये 12 साल सिर्फ समय नहीं, भारत के नवनिर्माण की गाथा है। ये वो दौर है जब देश ने असंभव शब्द को अपने शब्दकोश से निकाल दिया।

12 साल में अंत्योदय का संकल्प जमीन पर उतरा। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 12 करोड़ शौचालय, 4 करोड़ पक्के घर, 10 करोड़ उज्ज्वला कनेक्शन। नल से जल योजना से 15 करोड़ घरों तक पानी पहुंचा। आयुष्मान भारत से 55 करोड़ लोगों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज मिला। ये आंकड़े नहीं, बदली हुई जिंदगियां हैं। श्री मणि ने कहा कि 2014 में भारत दुनिया की 10वीं अर्थव्यवस्था था, आज हम 5वें नंबर पर हैं और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहे हैं। मेक इन इंडिया से मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में भारत दूसरा सबसे बड़ा देश बना। वद्धकने डिजिटल पेमेंट में दुनिया को रास्ता दिखाया। आज भारत में हर महीने 1400 करोड़ से ज्यादा वद्धकट्रांजैक्शन होते हैं। पिछले 12 साल में 53,000 किमी नेशनल हाईवे बने। वंदे भारत ट्रेनें, नए एयरपोर्ट, जलमार्ग - भारत की रफ्तार नई हुई है। गांव-गांव तक ऑप्टिकल फाइबर, 6 लाख गांवों में 4ऋ5ऋ पहुंचा। भारतमाला, सागरमाला से देश जुड़ रहा है। सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक ने बता दिया कि नया भारत घर में घुसकर मारता है। धारा 370 हटाकर कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ा। ऋ20 की अध्यक्षता में भारत ने पूरी दुनिया का नेतृत्व किया। आज दुनिया की कोई बड़ी बात भारत के बिना नहीं होती। राम मंदिर का 500 साल का इंतजार खत्म हुआ। काशी विश्वनाथ धाम, महाकाल लोक, केदारनाथ पुनर्निर्माण से आस्था के केंद्र फिर से गौरवशाली बने। योग और आयुर्वेद को दुनिया ने अपनाया। 12 साल पहले जो भारत ₹चलता है₹ के रवैये से जाना जाता था, आज ₹करके दिखाता है₹ के लिए जाना जाता है। ये मोदी जी की दूरदर्शिता और 140 करोड़ देशवासियों के परिश्रम का परिणाम है। इस दौरान नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, नगर महामंत्री सुधीर मधेशिया, शहर के प्रबुद्धजन, कैलाशनाथ चतुर्वेदी, डी डी पांडे, ओमप्रकाश सिंह, कुशवाहा, आनंद मणि, विजय प्रसाद, देवनन्दन यादव, उदयभान तिवारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

बकाया मानदेय को लेकर शिक्षा प्रेरकों ने किया प्रदर्शन

अयोध्या। आदर्श लोक शिक्षा प्रेरक वेलफेयर एसोसिएशन ने जिले के पदाधिकारियों, ब्लॉक अध्यक्षों, ब्लॉक के पदाधिकारियों व सभी ग्राम सभाओं के शिक्षा प्रेरकों ने 5 जून 2026 को समय 10 बजे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्रित होकर वहीं से जिला अध्यक्ष राम बक्श यादव के नेतृत्व में और सभी ब्लॉक अध्यक्षों के उपस्थिति में पैदल चल करके जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को शिक्षा प्रेरक की समस्याओं को लेकर के ज्ञापन दिया जाएगा क्योंकि शिक्षा प्रेरकों का मानदेय 18 माह से 40 माह तक बकाया पड़ा है निदेशक का बार-बार पत्र जारी करके सत्यापन मंगाया था परन्तु जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या की घोर लपरवाही के चलते अभी तक सत्यापन प्रेरकों का मानदेय सम्बंधित नहीं हो पाया है। जब कि निदेशक ने सत्यापन हेतु मार्च में ही मांगा था एक माह बाद सत्यापन न दे पाने की स्थिति में पुनः अप्रैल में निदेशक ने पत्र जारी किया है।

शिक्षक व कवि डॉ. पंकज शुक्ल को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

बरहज, देवरिया। विगत सप्ताह विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम में देवरिया पधारे मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के जनसभा का मुख्य मंच से पंकज शुक्ल ने कुशलता पूर्वक संचालन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। तदुपरान्त जिला प्रशासन के तरफ से जिलाधिकारी देवरिया मधुसूदन हुल्गी तथा मुख्य विकास अधिकारी देवरिया राजेश कुमार सिंह ने पंकज शुक्ल को जिलाधिकारी कार्यालय से निर्गत प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। ध्यातव्य है कि दिनांक 22 मई को प्रदेश के मुख्यमंत्री सेवा, सुरक्षा और सुशासन के साथ-साथ विकास कार्यों की बड़ी सौगात देने के लिए, भीमपुर-देवरिया में पधारे थे। पंकज शुक्ल मूल रूप से देवरिया जिले के बरहज तहसील के अन्तर्गत स्थित पुरैना शुक्ल गांव के निवासी है। प्राथमिक विद्यालय लबकनी गंगा, विकास खण्ड-बरहज, देवरिया में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं इनकी सैकड़ों रचनाए देश विदेश की विविध पत्र पत्रिकाओं में नियमित प्रकाशित होती रहती है इन्हें भारत के विविध साहित्यिक व शैक्षणिक मंचों से सम्मानित किया जा चुका है जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित होने पर पंकज शुक्ल को समाज सेवी राजेश मिश्र, ईओ संजयतिवारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य मिश्रा, डीसी मनरेगा आलोक पाण्डेय, प्रोफेसर आलोक प्रकाश शुक्ल, बीईओ सत्यप्रकाश कुशवाहा, सूरज कुमार, देवमुनी बर्मा, गोपाल मिश्र, विनयशील मिश्र, डायट मेन्टर अनिल तिवारी, एसआरजी शीला चतुर्वेदी, उमाशंकर द्विवेदी, वरिष्ठ कवयित्री डिम्पल तिवारी, माण्डवी सिंह, मोहिनी द्विवेदी, प्रिया अवधेश, दुर्गावती, अनिल निषाद, अजय सिह, आदि ने बधाई दी।

बाल कटवाते समय नाई से झड़प आक्रोशित नाई ने गर्दन पर छुरा से किया प्रहार

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के घाँटी बाजार में बाल कटवाते समय हुई झड़प से आक्रोशित नाई ने छुरे से गर्दन पर किया प्रहार। घटना वीडियो हुआ वायरल। बताया गया है कि घाँटी बाजार निवासी मनु तिवारी पुत्र रमाशंकर तिवारी मंगलवार को एक नाई के दुकान पर बाल कटवा रहे थे। उसी समय किसी बात को लेकर नाई से झडप हो गयी। नाई आक्रोशित होकर उनके गर्दन पर छुरा से प्रहार कर दिया। जिससे बाजार में अफरा तफरी मच गयी। मामला पुलिस चौकी घाँटी पर गया। मनु तिवारी को उपचार के लिए सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भटनी ले गया .वहां प्राथमिक उपचार के बाद उपचार के लिए मेडिकल कालेज देवरिया भेज दिया गया। इस सम्बन्ध में चौकी प्रभारी ने बताया कि दोनो में मात्र झडप हुई थी। मामले की तहरीर नही मिली है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी। इसी बीच किसी ने पुरे मामले की वीडियो जारी कर दिया। अखबार वायरल विडियों की पुष्टी नही करता। लेकिन क्षेत्र में मामले की खुब चर्चा हो रही है ।

जनता दर्शन के प्रकरण में लापरवाही पर बीडीओ पथरदेवा को प्रतिकूल प्रविष्टि

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनता दर्शन में प्राप्त एक प्रकरण के निस्तारण में लापरवाही एवं अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी पथरदेवा को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए हैं। पथरदेवा विकासखंड के ग्राम धर्मचौरा निवासी प्रमोद साहनी ने जनता दर्शन में उपस्थित होकर शिकायत की कि वर्ष 2022 में मत्स्य पालन हेतु तालाब का पट्टा हुआ परंतु मत्स्य पालन का कार्य नहीं हुआ हैं। फरियादी ने बताया कि इस संबंध में वह पूर्व में भी कई बार जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्या रख चुका है।

जांच में पाया गया कि जिलाधिकारी द्वारा कई बार निर्देश दिए जाने के बावजूद खंड विकास अधिकारी पथरदेवा द्वारा प्रकरण के निस्तारण में अपेक्षित रुचि नहीं ली गई तथा मामले को लंबित रखा गया। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।*

टीजीटी परीक्षा के विभिन्न केंद्रों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

जिला संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद में आयोजित टीजीटी परीक्षा के प्रथम सत्र के दौरान विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा अवैधानिक गतिविधि किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने एस.एस.बी.एल. इंटर कॉलेज, दीना नाथ पांडेय राजकीय महिला पी.जी. कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज एवं महाराजा अग्रसेन बालिका इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

- परीक्षा की शुचिता से कोई समझौता नहीं, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा कराने के दिए निर्देश

उन्होंने परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा केंद्र व्यवस्थापकों से परीक्षा संचालन की जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराएं।

अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे कल्याणकारी योजना का लाभ: डीएम

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति, जिला वन एवं पर्यावरण समिति, पशुपालन विभाग तथा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, तन्मयता एवं जवाबदेही के साथ करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें। वन एवं पर्यावरण समिति की समीक्षा के दौरान विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित होने वाले वृक्षारोपण कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ वृक्षारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विकास खंड एवं नगर निकाय स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करने तथा उनसे पौधरोपण भी कराए जाने को कहा। पौधारोपण स्थलों का पूर्व में चिन्हांकन सुनिश्चित कर लेने को कहा।

जिलाधिकारी ने पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण पर विशेष बल देते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए जनजागरूकता लाए जाने पर बल दिया।

स्वच्छता समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालयों के सत्यापन का कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने तथा सामुदायिक शौचालयों के नियमित उपयोग एवं रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों, एडीओ पंचायत एवं पंचायत सचिवों को स्वच्छता एवं विकास कार्यों की नियमित निगरानी करने को कहा। साथ ही डिजिटल लाइब्रेरी, बायोगैस प्लांट एवं अन्य निमार्णाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग की धनराशि का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण में किया जाए। दो माह बाद इन कार्यों का ऑडिट कराया जाएगा। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने गौवंश संरक्षण, चारागाह विकास एवं पशु चिकित्सा सेवाओं की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने सभी पशु चिकित्साधिकारियों को गौशालाओं का नियमित निरीक्षण करने, चारागाह भूमि का सीमांकन कर हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा अपने कार्यों में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिए। कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर संबंधित पशु चिकित्सको का कारण बताओ नोटिस जारी करने एवं एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने विकास कार्यों तथा आईजीआरएस प्रकरणों की भी समीक्षा की तथा सभी अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं तथ्यपरक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।=अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता, तन्मयता एवं जवाबदेही के साथ करने के दिए निर्देश।

14 बच्चों को वितरित किए गए लैपटॉप

देवरिया। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अंतर्गत आच्छादित बच्चों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से विकास भवन स्थित गांधी सभागार में लैपटॉप वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान योजना से लाभान्वित उन 14 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए गए, जो कक्षा 9 अथवा उससे ऊपर की कक्षाओं में अध्ययनरत हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डिजिटल संसाधनों का उपयोग कर वे अपनी शिक्षा को और बेहतर बना सकते हैं तथा अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकते हैं जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा बताया गया कि जनपद में मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के अंतर्गत कुल 439 बच्चे आच्छादित हैं, जिन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती सावित्री राय, राजकीय बाल गृह (बालक) के अधीक्षक रामकृपाल, वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक नीतू भारती, मनोवैज्ञानिक मीनू जायसवाल, जिला प्रोबेशन कार्यालय के कनिष्ठ सहायक सैफ खान सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुंशी प्रेमचंद के साहित्य में दिखता है सर्वहारा वर्ग का यथार्थ: शिवाजी राय

जिला संवाददाता

कुशीनगर। किसान मजदूर विचार केंद्र एवं मुंशी प्रेमचंद पुस्तकालय एवं वाचनालय, बघड़ा महुआरी (देवरिया) के स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने साहित्य, समाज और शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए तथा मुंशी प्रेमचंद के साहित्य की प्रासंगिकता पर चर्चा की।

- स्थापना दिवस पर विचार गोष्ठी, साहित्य और शिक्षा की भूमिका पर हुई चर्चा

मुख्य वक्ता शिवाजी राय ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है और परिवार, समाज तथा राष्ट्र को दिशा देने का कार्य करता है।

उन्होंने कहा कि मुंशी प्रेमचंद के साहित्य में सर्वहारा वर्ग की वास्तविक स्थिति और उनके संघर्षों का सजीव चित्रण मिलता है, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। राष्ट्रीय समानता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय दीप कुशवाहा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित यह पुस्तकालय शिक्षा और जागरूकता के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम करेगा तथा युवाओं को ज्ञान और विचारों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। अमेरिका में बीटेक के छात्र रघुनंदन शाही ने कहा कि युवाओं को विभिन्न विचारधाराओं, धर्मों और समकालीन राजनीतिक घटनाक्रमों को समझने की आवश्यकता है, जिससे वे समाज और देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभा सकें। गोष्ठी में शिक्षा अधिकार मंच के सह-संयोजक चतुरानन ओझा, कुशीनगर के किसान नेता गोवर्धन प्रसाद गोंड, भाकपा (माले) के पूर्व जिला सचिव राम किशोर वर्मा, राजेश आजाद तथा कामरेड हरेराम राय ने भी साहित्य, समाज और वर्तमान परिस्थितियों पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जन मुक्ति आंदोलन के अध्यक्ष जनार्दन शाही ने की। उन्होंने लोगों से मुंशी प्रेमचंद के साहित्य के अध्ययन और जनवादी साहित्य सृजन को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. दुर्गेश राय ने किया, जबकि अंत में शिवाजी राय ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाजसेवी रमेश सिंह, कैलाश प्रसाद, मनोज मल्ल, हृदया नन्द शर्मा, जयंत्री राय, कृष्णा दीक्षित, बृज किशोर, परशुराम राय, राजू सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

विश्व कल्याण की कामना को लेकर भिक्षुओं ने की बुद्ध वंदना

कसया, कुशीनगर। अंतराष्ट्रीय बौद्ध स्थली कुशीनगर स्थित मुख्य महा परिनिर्वाण मंदिर में भिक्षु संघ कुशीनगर से जुड़े भिक्षुओं और उपासकों ने तथागत बुद्ध का दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया और विश्व कल्याण की कामना की।

गुरुवार को म्यांमार मंदिर के प्रमुख भिक्षु नंदका और भंते अशोक के अगुआई में विभिन्न मॉनेस्ट्रियो में निवास करने वाले भिक्षुओं ने नियमित पूजन में भाग लिया। भगवान बुद्ध की लेटी हुई प्रतिमा का चेटिंग करते हुए पूजन किया और चीवर चढ़ाया। इसके पश्चात मुख्य मंदिर और स्तूप की परिक्रमा की। भंते अशोक ने बुद्ध की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तथागत बुद्ध ने सबके कल्याण के लिए करुणा, मैत्री और शांति के उपदेश दिए।

भगवान के पंचशील के सिद्धांतों में ही शांति निहित है। इस दौरान भंते शील प्रकाश, भंते सों क्रान,

भंते यशपाल, भंते उपाली, भंते सागरा, भंते विनयकीर्ति, भंते डॉ कितिफान सहित भिक्षुगण मौजूद रहे।

शराब की खेप पर 'सेटिंग' का खेल? वायरल ऑडियो से खड्डा पुलिस पर उठे सवाल

कुशीनगर। जिले के खड्डा थाना क्षेत्र की शालिकपुर चौकी से जुड़ा एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। वायरल ऑडियो में चौकी इंचार्ज और एक कथित शराब तस्कर के बीच अवैध शराब से लदे वाहन को छोड़ने के बदले रुपये के लेन-देन और मोलभाव की बातें होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि ऑडियो की सत्यता की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इसके सामने आने के बाद खाकी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार 31 मई की सुबह शालिकपुर चौकी पुलिस ने एक संदिग्ध वाहन को रोककर जांच की थी। बताया जा रहा है कि वाहन से करीब आठ पेटी अवैध शराब बरामद हुई थी। आरोप है कि कार्रवाई के बाद वाहन छोड़ने को लेकर कथित तौर पर सौदेबाजी शुरू हुई और उसी दौरान हुई बातचीत का ऑडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल ऑडियो में स्पष्ट सुनाई पड़ रही आवाजों में पहले 30 हजार रुपये और बाद में 50 हजार रुपये की मांग की चर्चा होने का दावा किया जा रहा है। बातचीत में 40 हजार रुपये पर सहमति बनने और माल को जब्त दिखाने जैसी बातें भी कथित तौर पर कही जा रही हैं। यदि यह ऑडियो सही है तो यह सिर्फ भ्रष्टाचार का मामला नहीं, बल्कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों की साख पर भी गंभीर चोट माना जाएगा। ऑडियो वायरल होने के बाद पूरे इलाके में चचाओं का बाजार गर्म है। सवाल उठा रहा हैं कि यदि शराब तस्करों और पुलिस के बीच ऐसी कथित बातचीत हो रही है तो अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक कैसे लगेगी। कहना ना होगा कि पूर्वांचल का सीमावर्ती इलाका लंबे समय से अवैध शराब के कारोबार के लिए चचाओं में रहा है। समय-समय पर पुलिस शराब पकड़ती है, तस्करों को जेल भेजती है, प्रेस नोट जारी होते हैं। लेकिन धंधा खत्म नहीं होता। ऐसे में जब वर्दी और तस्करो के बीच कथित बातचीत का ऑडियो सामने आने के बाद है हैरानी के साथ साथयसवाल उठना लाजमी है ₹क्या यही वजह है कि कारोबार बंद नहीं हो रहा है ?₹ मामले की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी खड्डा ने जांच के आदेश दिए हैं। उनका कहना है कि वायरल ऑडियो की जांच कराई जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर दोषियों के खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले की सच्चाई जांच रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगी, लेकिन वायरल ऑडियो ने पुलिस विभाग को कठघरे में खड़ा कर दिया है। अब देखना यह है कि वायरल आडियो की निष्पक्ष जांच होती है या फिर जांच की कोरमपूर्ति की जाती है।

जिले में जंगल गायब, वन विभाग के आंकड़ों पर सवाल

कुशीनगर। जनपद में वृक्षारोपण महाभियान -2025 के तहत 39 लाख से अधिक पौधे लगाए जाने के सरकारी दावे के बीच अब एक ऐसा सवाल खड़ा हो गया है, जिसका जवाब देना वन विभाग और प्रशासन के लिए आसान नहीं है। यदि पिछले वर्षों में लाखों पौधे वास्तव में धरती पर लगाए गए और उनकी देखभाल हुई, तो फिर जिले के जंगल बेलवा, जंगल खिरकिया, जंगल जगदीशपुर, जंगल अमवा, जंगल पिपरासी जैसे गांव आज भी हरियाली से वंचित क्यों हैं?

- 39 लाख पौधों का दावा, लेकिन जंगलनाम वाले गांवों में हरियाली लापता
- फाइलों में लहलहाते पेड़, गांवों में हरियाली की तलाश

बेशक! यह जिले के वही गांव हैं जिनके नाम में आज भी ‌ जंगल‌ शब्द जीवित है, लेकिन जमीन पर जंगल का कोई अस्तित्व नहीं दिखाई देता है। स्थानीय बुजुर्ग बताते हैं कि एक समय इन क्षेत्रों में पेड़ों की घनी मौजूदगी थी। गांवों के नाम भी उसी प्राकृतिक विरासत की पहचान थे। लेकिन आज हालात ऐसे हैं कि नाम तो जंगल का है, मगर चारों तरफ खेत, बस्तियां और खाली जमीन दिखाई देती है। वृक्षारोपण के सरकारी आंकड़ों पर नजर डालें तो वन विभाग द्वारा पिछले तीन वर्षों में कुशीनगर में करोडो पौधे लगाए जाने का दावा किया जा रहा है। मजे की बात यह है कि हर साल लक्ष्य निर्धारित हुए, अभियान चले, फोटो खिंचे, प्रेस विज्ञप्तियां जारी हुईं और खुद सफलता की कहानियां लिखी गईं। लेकिन जब उन दावों को जमीन पर तलाशने की कोशिश की जाती है, तो तस्वीर बदल जाती है। जिन इलाकों को हरित क्षेत्र बनने की उम्मीद थी, वहां आज भी हरियाली का संकट बना हुआ है। यही कारण है कि अब लोगों के बीच यह चर्चा जोरो पर है कि आखिर वह लाखों पौधों कहा गये? यदि पौधे लगाए गए थे तो वे बचे क्यों नहीं? और यदि बचे नहीं तो उनकी निगरानी और संरक्षण की जिम्मेदारी किसकी थी? यह सवाल इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं होता, बल्कि उन्हें पेड़ बनने तक संरक्षित करना भी जरूरी है।

हर वर्ष नये लक्ष्य और नयी उपलब्धियां

जिले में कई स्थानों पर यह भी देखने को मिलता है कि पौधरोपण के नाम पर अभियान तो चलाया गया, लेकिन बाद में न सिंचाई की व्यवस्था हुई, न सुरक्षा की। नतीजतन बड़ी संख्या में पौधे शुरूआती दौर में ही सूख गए। इसके बावजूद हर वर्ष नए लक्ष्य और नई उपलब्धियां घोषित होती रहीं। यही वजह है कि पूरे अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल उठ रहे है। वन विभाग के लिए सबसे असहज सवाल यह है कि जब हर वर्ष लाखों पौधरोपण का दावा किया गया, तो उसके परिणाम कहां हैं? क्या विभाग के पास ऐसे आंकड़े हैं जो यह बता सकें कि लगाए गए पौधों में से कितने पौधे वर्तमान मे जीवित हैं? कितने पौधे पेड़ का रूप ले चुके हैं? और किन स्थानों पर वृक्षारोपण का वास्तविक प्रभाव दिखाई दे रहा है? यदि वन विभाग के पास यह आंकड़े मौजूद नहीं हैं, तो फिर उपलब्धियों के दावों की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। जनपद के पर्यावरण प्रेमियों और जागरूक नागरिकों का मानना है कि अब समय केवल पौधों की संख्या गिनने का नहीं है, बल्कि जीवित पेड़ों की गणना करने का है। जब तक वृक्षारोपण अभियानों का स्वतंत्र सत्यापन नहीं होगा और सर्वाइवल रेट सार्वजनिक नहीं किया जाएगा, तब तक हर साल लगाए जाने वाले लाखों पौधे केवल आंकड़ों का हिस्सा बनकर रह जाएंगे। क्योंकि ₹वन विभाग पौधे लगाने का आंकड़ा तो बताता है, लेकिन कितने पौधे जिंदा बचे, इस सवाल पर विभाग के जिम्मेदार चुप्पी साध लेते है।

जबकि वृक्षारोपण की असली परीक्षा सर्वाइवल रेट से ही होती है। ₹ सवाल सीधा है यदि कागजों पर 39 लाख पौधों का जंगल खड़ा हो चुका है, तो फिर ‌ जंगल‌ नाम वाले गांव आज भी जंगल से खाली क्यों हैं? कुशीनगर में हरियाली धरती पर उगी है, या सिर्फ सरकारी फाइलों में आखिरकार इन सवाल का जवाब कौन देगा?

प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का आगमन आज

बहराइच। राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग/प्रभारी मंत्री जनपद बहराइच श्री दिनेश प्रताप सिंह का 05 जून 2026 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मा. मंत्री श्री सिंह 05 जून 2026 को सांय 06:00 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच पहुंचेगें। मा. मंत्री सांय 06:00 बजे मो. शिवनगर दसईपुरवा स्थित नगर कोषाध्यक्ष भाजपा बबलू चक्रवर्ती के आवास पर जायेंगे तदोपरान्त शाम 07:50 बजे निरीक्षण भवन वापस आकर रात्रि विश्राम करेंगे। मा. प्रभारी मंत्री 06 जून 2026 को पूर्वान्ह 10:10 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ भेंट वार्ता करेंगे तथा पूर्वान्ह 11:10 बजे मेडिकल कालेज का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। मा. प्रभारी मंत्री श्री सिंह 12:40 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन में प्रशासनिक समन्वय समिति एवं कोर कमेटी की बैठक करेंगे तथा अपरान्ह 01:15 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ विकास कार्यों, कानून व्यवस्था है।

सर्प दंश का शिकार हुई महिला की इलाज के दौरान मौत

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के मीरपुर कांटा गांव निवासी सर्प दंश का शिकार हुई दुलारा पत्नी शितलू उम्र लगभग 75 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों के अनुसार दुलारा सुबह घर के बाहर झाडू लगा रही थी। इसी बीच सांप ने काट लिया। परिजन जिला चिकित्सालय अयोध्या ले गये। हालत गंभीर होता देख वहां मौजूद चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर दर्शननगर रेफर किया। वहां उपचार के दौरान मौत हो गई।

टीएमसी में असली-नकली

लगता है परिवारवादी पार्टियों की यही नियति है। क्षेत्रीय सियासत को हवा देकर यह राज्य की सत्ता पर काबिज हो जाती हैं। ताकतवर सियासी जमात बन जाती हैं लेकिन कहीं न कहीं यह ऐसे मोड़ पर आ जाती हैं जहां परिवारवाद इनकी सबसे बड़ी कमजोरी बन जाता है और इनके पराभव का दौर शुरू हो जाता है। तेलगु देशम, इंडियन नेशनल लोकदल, लोजपा, शिवसेना, एनसीपी में असली-नकली की लड़ाई का खेल हो चुका है। अब इसी तरह के संघर्ष में टीएमसी भी उलझती हुई नजर आ रही है। बंगाल में 15 साल की सत्ता के बाद करारी पराजय और फिर नेतृत्व का संघर्ष टीएमसी को एक ऐसे मुकाम पर ला सकता है जहां इसके पराभव या फिर खात्मे का दौर शुरू हो सकता है। ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में बगावत हो गई है, लिहाजा पार्टी में टूट के पुख्ता आसार हैं। ममता ने मंगलवार को जहां प्रतीकात्मक धरना दिया था, वहां तृणमूल के 80 नवनिर्वाचित विधायकों में से सिर्फ 7 ही पहुंचे। शेष 73 विधायक कहां थे ? धरने से एक दिन पहले ममता बनर्जी ने विधायकों की बैठक बुलाई थी, लेकिन उसमें भी 20 विधायक ही पहुंचे। शेष 60 विधायक तब भी गायब थे, नतीजतन बैठक रद्द करनी पड़ी। धरने के वक्त समर्थकों की जो संख्या दिख रही थी, उससे

ममता और तृणमूल के प्रति मोहभंग और अस्वीकार्यता स्पष्ट होती है। संसद के दोनों सदनों में तृणमूल कांग्रेस के 42 सांसद हैं। 80 विधायक हालिया चुनाव में जीत कर आए हैं और करारी पराजय के बावजूद 40 फीसदी से अधिक वोट तृणमूल को मिले हैं। इसके मद्देनजर पार्टी के अस्तित्व और समग्र स्वीकृति सरीखे सवाल नहीं उठाये जा सकते। सवाल यह मौजू है कि क्या तृणमूल कांग्रेस की नियति भी शिवसेना और एनसीपी जैसी हो सकती है ? आज असली शिवसेना महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के पास है। जिस एनसीपी को शरद पवार ने गठित किया था, सालों तक सींचा भी था, आज वह पार्टी उन्हीं की बहू सुनेत्रा पवार (दिवंगत अजित पवार की पत्नी) के कब्जे में है। अजित शरद पवार के भतीजे थे और वह ही अजित की राजनीति के चाणक्य थे। अजित ने भाजपा से गठबंधन कर लिया और महायुति की सरकार में उपमुख्यमंत्री बन गये। एक विमान दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई। अब उनकी पत्नी सरकार में उपमुख्यमंत्री हैं और एनसीपी की प्रमुख भी हैं। हालांकि दोनों मामले शीर्ष अदालत के विचाराधीन हैं। ममता बनर्जी ने दो बागी विधायकों-ऋतब्रत बनर्जी और संदीपन साहा-को पार्टी से निष्कासित कर दिया था लेकिन इन्हीं में से एक ऋतब्रत बनर्जी को टीएमसी के करीब 58 विधायकों ने अपना नेता चुना है और विधानसभा अध्यक्ष ने नेता विरोधी दल की मान्यता दे दी है। इस तरह टीएमसी का विधानमंडल दल तो विभाजित हो ही गया है। ऐसी टूट संसदीय दल में भी होने की आशंका है और अगर ऐसा होता है, तो टीएमसी पर ममता के विरोधी नेताओं का अधिकार हो सकता है। दावे तो यहां तक किए जा रहे हैं कि तृणमूल के 28 लोकसभा सांसदों में से अधिकतर पाला बदलने को तैयार हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अभी तक स्वीकृति नहीं दी है। हालांकि असंतुष्ट सांसदों को संभवतः संकेत मिल गये हैं कि वे दो-तिहाई सांसदों का एक नया गुट तैयार करें, एक प्रस्ताव पर अधिकृत हस्ताक्षर कराएं और लोकसभा स्पीकर को दें। स्पीकर ही अंतिम निर्णय लेंगे। बहरहाल बंगाल में तृणमूल के विधायकों में नेता प्रतिपक्ष को लेकर पहला घमासान हुआ और इसमें ममता बनर्जी के पसंद के विधायक शोभनदेव को नेता प्रतिपक्ष का पद नहीं मिल सका। ममता के विरोधी खेमे ने अपना संख्याबल विधानसभा अध्यक्ष के सामने प्रमाणित किया और विरोधी गुट के नेता ऋतब्रत बनर्जी को यह पद मिल गया। इस तरह विरोधी गुट ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी पर भारी पड़ता दिख रहा है। आगे क्या होगा यह तो वक्ता बतायेगा लेकिन टीएमसी का पराभव होगा, यह तय है।

विचार

वेदों के अध्ययन का सार है सत्य भाषण। जीवन का सार है इन्द्रिय संयम और इन्द्रिय संयम का सार है मोक्ष।

–महाभारत.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए। अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

–डिक्सन.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रुओं पर विजयपायी जा सकती है।

–कौटिल्य.

ज्ञान द्वारा जिनके पाप धुल गए, वे ईश्वर का ध्यान धरने वाले, तन्मय हुए, उसमें स्थिर रहने वाले और उसी को सर्व मानने वाले लोग मोक्ष पाते हैं।

–श्रीमद्भागवत गीता.

यदि हमारे जीवन को हरा-भरा रखने हेतु, हमारे साथ प्रभु का पक्षपात है। यादें पंख हैं, जो उड़ने को पुरुषार्थ देती हैं।

–माखन लाल चतुर्वेदी.

पर्यावरण संरक्षण के लिए बढ़ायें हरियाली

अरविन्द जयतिलक

> रिओ शिखर सम्मेलन में कहा गया था कि स्थायी विकास के सभी सरोकारों का केंद्र-बिंदु मानव ही है। उसे प्रकृति के साथ पूर्ण समरसता रखते हुए स्वस्थ एवं उत्पादन शील जीवन जीना चाहिए। लेकिन आज भी मनुष्य अपने दुराग्रहों के साथ ही खड़ा है। प्रकृति से उसके खिलवाड़ का तरीका पहले से भी जघन्य हो गया है। नतीजा सामने है। प्रकृति भी प्रतिक्रिया वादी बनती जा रही है लेकिन हम समझने के लिए तैयार नहीं।

आज विश्व पर्यावरण दिवस है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 5 जून को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हेतु पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने की घोषणा संयुक्त राष्ट्र ने पर्यावरण के प्रति वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व सामाजिक जागृति लाने हेतु वर्ष 1972 में की थी। विडंबना यह है कि इस दिवस पर हम एक ओर पर्यावरण सुरक्षा के प्रति चिंता जाहिर करते हैं, संगोष्ठियां करते हैं, नये कानून गढ़ते हैं वहीं दूसरी ओर अंधाधुंध विकास के नाम पर प्रति वर्ष वनों का विनाश बढ़ता जा रहा है। ऐसे में पर्यावरण दिवस मनाना अपने आप में बेमानी हो जाता है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले सैकड़ों सालों में विकास के नाम पर करोड़ों हेक्टेयर वनों का विनाश किया गया। उसके इस कृत्य से प्रकृति की तकरीबन एक तिहाई से अधिक प्रजातियां नष्ट हुई हैं। जंगली जीवों की संख्या में 50 फीसद की कमी आयी है। उदाहरण के लिए भारत में पिछले एक दशक में पर्यावरण को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले गिद्धों की संख्या में 97 फीसद की गिरावट दर्ज की गयी है। इससे मृत पशुओं की सफाई, बीजों का प्रकीर्णन और परागण कार्य काफी हद तक प्रभावित हुआ है। गिद्धों की तरह अन्य प्रजातियां भी तेजी से विलुप्त हो रही हैं।

वनों के विनाश से वातारण भी जहरीला होता जा रहा है। यानी प्रतिवर्ष 2 अरब टन अतिरिक्त कार्बन-डाइआक्साइड वायुमण्डल में घुल-मिल रहा है। इससे जीवन का सुरक्षा कवच मानी जाने वाली ओजोन परत को नुकसान पहुंचा है। नेचर जिओसाइंस की मानें तो ओजोन परत को होने वाले नुकसान से कुछ खास किस्म के अत्यंत अल्प जीवी तत्वों (वीएसएलएस) की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है जो मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरनाक है। विडंबना यह कि ओजोन परत की सुरक्षा से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के मांट्रियाल प्रोटोकाल में इन तत्वों पर नियंत्रण की कोई अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था नहीं है। गौरतलब है कि दुनिया के 20 सबसे ज्यादा क्लोरोफ्लोरो कार्बन उत्सर्जित करने वाले देशों के बीच ओजोन परत के क्षरण को रोकने के लिए 16 सितंबर, 1987 को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक संधि हुई जिसे मांट्रियाल प्रोटाकॉल नाम दिया गया। इसका मकसद ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार

गैसों एवं तत्वों के इस्तेमाल पर रोक लगाना था। लेकिन इस दिशा में अभी तक अपेक्षित सफलता हासिल नहीं हुई है। एक आंकड़ें के मुताबिक अब तक वायुमण्डल में 36 लाख टन कार्बन डाइआक्साइड की वृद्धि हो चुकी है और वायुमण्डल से 24 लाख टन आक्सीजन समाप्त हो चुकी है। अगर यही स्थिति रही तो 2050 तक पृथ्वी के तापक्रम में लगभग 4 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो सकती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि पृथ्वी का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है अगर उस पर समय रहते काबू नहीं पाया गया तो अगली सदी में तापमान 60 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा। आज जब 48 डिग्री सेल्सियस की गर्मी मनुष्य के लिए असहनीय है तो 60 डिग्री सेल्सियस गर्मी को कैसे बर्दाश्त कर सकता है। तापमान बढ़ने से सूर्य की किरणें कैंसर जैसे भयंकर रोगों में वृद्धि करेगी। कहीं सूखा पड़ेगा, कहीं गरम हवाएं चलेंगी तो कहीं भीषण तूफान व बाढ़ का सामना करना पड़ेगा। यदि पृथ्वी के तापमान में मात्र 3.6 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो जाए तो आर्कटिक एवं अण्टाकर्टिका के विशाल हिमखण्ड पिघल जाएंगे जिससे समुद्र के जल स्तर में 10 इंच से 5 फुट तक वृद्धि हो सकती है। इसका परिणाम यह होगा कि समुद्रतटीय नगर समुद्र में डूब जाएंगे।

विश्व पर्यावरण दिवस

भारत के मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, पणजी, विशाखापट्टनम कोचीन और त्रिवेंद्रम नगर समुद्र में होंगे। इसी तरह न्यूयॉर्क, लॉस एंजिल्स, पेरिस और लंदन आदि बड़े नगर भी जलमग्न हो जाएंगे। याद दिला दें कि 5 जून 2007 में पर्यावरण दिवस का सबसे ज्वलंत विषय ह्यपिघलती बर्फह्ण था। इस पर मुख्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजन नॉर्वे के ट्रामसे में संपन्न हुआ और दुनिया भर में ह्यग्लोबल आउटलुक फॉर आइस एंड स्नोह्ण की शुरूआत हुई। गौर करें तो पर्यावरण के साथ खिलवाड़ का सबसे घातक असर ध्रवीय क्षेत्रों पर पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय अनुपात को देखते हुए उत्तरी ध्रुव क्षेत्र दोहरी तेजी से गरम हो रहा है। उत्तरी ध्रुव समुद्र में फैली स्थायी बर्फ की मोटी परत कम हो रही है। सदियों से बर्फ के मजबूत चादर में ढके क्षेत्र पिघल रहे हैं।

वर्ष 2007 की इंटरगवर्नमेंटल पैनल की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर के करीब 30 पर्वतीय ग्लेशियरों की मोटाई वर्ष 2005 में आधे मीटर से ज्यादा कम हो गयी। वैज्ञानिकों को मानना है कि इसके लिए मुख्य रुप से ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन जिम्मेदार है। हिमालय क्षेत्र में पिछले पांच दशकों में माउंट एवरेस्ट के ग्लेशियर 2 से 5 किलोमीटर सिकुड़ गए हैं। इसके अलावा हिमालय के 76 फीसद ग्लेशियर चिंताजनक गति से सिकुड़ रहे हैं। कश्मीर और नेपाल के बीच गंगोत्री ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ते ग्लेशियर का एक अन्य उदाहरण है। अनुमानित भूमंडलीय तापन से जीवों का भौगोलिक वितरण भी प्रभावित हो सकता है। कई जातियां धीरे-धीरे ध्रुवीय दिशा या उच्च पर्वतों की ओर विस्थापित हो जाएंगी। जातियों के वितरण में इन परिवर्तनों का जाति विविधता तथा पारिस्थितिकी अभिक्रियाओं इत्यादि पर असर पड़ेगा। पृथ्वी पर करीब 12 करोड़ वर्षों तक राज करने वाले डायनासोर नामक दैत्याकार जीवों के समाप्त होने का कारण संभवतः ग्रीन हाउस प्रभाव ही था। निश्चित रुप से मनुष्य के विकास के लिए प्रकृति प्रदत्त संसाधनों का दोहन आवश्यक है। पर उसकी सीमा भी निर्धारित होनी चाहिए। लेकिन उसका पालन नहीं हो रहा है। विकास के लिए बिजली आवश्यक है। लेकिन जिस तरह बिजली के उत्पादन के लिए नदियों के सतत प्रवाह को रोककर बांध बनाया जा रहा है उससे खतरनाक पारिस्थितिकीय संकट उत्पन हो गया है। जल का दोहन स्रोत सालाना रिचार्ज से कई गुना बढ़ गया है। पेयजल और कृषिजल का संकट गहराने लगा है। भारत की गंगा और यमुना जैसी अनगिनत नदियां सूखने के कगार पर हैं। वह प्रदुषण से कराह रही हैं। सीवर का गंदा पानी और औद्योगिक कचरा बहाने के कारण क्रोमियम और मरकरी जैसे घातक रसायनों से नदियों का पानी जहर बनता जा रहा है। वैज्ञानिकों की मानें तो जल संरक्षण और प्रदूषण पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले 200 सालों में भूजल स्रोत सूख जाएगा। नतीजतन मनुष्य को मौसमी परिवर्तनों मसलन ग्लोबल वार्मिंग, ओजोन क्षरण, ग्रीन हाउस प्रभाव, भूकंप, भारी वर्शा, बाढ़ और सूखा जैसी विपदाओं से जुझना होगा। जलवायु परिवर्तन को लेकर 1972 में स्टाकहोम, 1992 में जेनेरियो, 2002 में जोंहासबर्ग, 2006 में मांट्रियाल और 2007 में बैंकॉक सम्मेलन हुआ। हो रहे बेढ़ब परिवर्तन को लेकर चिंता जतायी गयी।

जलवायु को संतुलित बनाए रखने के लिए ढेरों कानून बनाए गए। लेकिन त्रासदी है कि उस पर ईमानदारी से अमल नहीं हुआ। लेक सेक्स सम्मेलन 1949 में इस बात पर बल दिया गया कि प्रकृति के उपकरण एक नैसर्गिक बपौती के रुप में है जिन्हें शीध्रता से नष्ट नहीं करना चाहिए। इसी तरह स्टाकहोम सम्मेलन 1972 में मानवीय पर्यावरण पर घोषणा हुई। सैद्धांतिक रुप से पृथ्वी के प्राकृतिक द्रव्यों जिनमें वायु, पानी, भूमि तथा पेड़-पौधे शामिल हैं, को वर्तमान तथा भावी पीढ़ियों के लिए सावधानीपूर्ण तथा उपयुक्त योजना तथा प्रबंध द्वारा सुरक्षित रखने पर बल दिया गया।

सोशल मीडिया

सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता व केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री पहलाज निहलानी जी के निधन का समाचार अति दुखद है तथा फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। केशवप्रसाद

चित्रकूट में पानी के लिए तरसते बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की दयनीय हालात देखकर भारतीय जनता पार्टी के विकास का दावा अंडरग्राउंड हो गया है। अलिश

वेदांत और उसके मित्र प्रतिभाशाली, साहसी युवा भारतीय हैं, जिन्होंने सीबीएसई और मोदी सरकार से कुछ सीधे-साधे सवाल पूछे लेकिन जवाबों की जगह अपमान उन्हें मिला। राहुल गांधी.

निराशा का कारण

अंतर्दृष्टि

वासना, अत्यधिक लिप्सा और भोग की प्रवृत्ति हमारे व्यक्तित्व और चरित्र का ह्रास करती हैं। जिनके मन पर पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, आप ही कुण्ठित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

सड़क पर सांड़ों की लड़ाई...

व्यंग्यलोक

जहां जाओ वहां सांडों की लड़ाई जारी है। सड़क पर सांडों की लड़ाई देखने के लिए कई बैल एकत्र हो जाते हैं और संसद में सांडों की लड़ाई हो जाए तो बैल तक भाग जाते हैं। सांड इतने जोरदार लड़ते हैं कि भीड़ के लोगों को भाड़ में ही जाना पड़ता है। सड़क पर से लेकर संसद तक सांडों का घमासान मचा है। इधर राजनीति में सांडों का जलवा भारी है। केरल, मध्य प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ से लेकर असम, बिहार, उत्तर प्रदेश तक नाना प्रकार के सांडों की नाना तरह की लड़ाइयां जारी है। राजधानी इंद्रप्रस्थ में होने वाली राजनीतिक सांडों की परंपरागत लड़ाई में घायल हुए एक चमचे का कहना है कि उसके जख्म सम्मान के पदक जैसे हैं। सांडों की इस लड़ाई में घायल होने से गर्व महसूस कर रहे एक दलाल ने मंगलवार को 'कल सबको खा जाऊंगा' (केएसकेजे) न्यूज चैनल को बताया कि उसे ऐसा लग रहा है, जैसे देश की राजधानी में उसका भव्य स्वागत किया गया हो। जैसे उसे शांति का नोबेल पुरस्कार मिल गया हो। अगर सांड किसी को टक्कर मारता है, तो वह खुद को एक महान सम्राट जैसे महसूस करता है। किसी भी पार्टी की सफलता बहुत हद तक उनके सांड प्रबंधन पर निर्भर करती है। हल्का कानूनी व्यायाम सांडों को काफी भारी होने से रोकता है। साड़ों को अलग से निर्मित बंगले में ही रखना चाहिए। इन सांडों के लिए बंगलों में खुले तथा ढके क्षेत्र होने चाहिए। सांडो को आरामदेह और हवादार कोठियों में ही रखना चाहिए। ये कोठियां साफ एवं स्वास्थ्यकर ढंग से प्रबंधित होनी चाहिए। वरिष्ठ सांड को अलग से एक बड़े रिसॉर्ट में अपने वरिष्ठ चमचे के साथ अकेले में रखना ज्यादा उचित होता है। रिसोर्ट की सतह ठोस और फिसलन रहित होनी चाहिए। बारिश, ठंड तथा गर्मी के महीनों में बचाव की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। अनीति जल की उत्तम व्यवस्था होनी चाहिए। सांडों से जब काम लिया जा रहा हो, तो उन्हें पर्याप्त मात्रा में भ्रष्टाचार का अनाज अतिरिक्त रूप में दिया जाना चाहिए। सांडों को सीबीआई-ईडी आदि की जांच का लाल कपड़ा दिखा कर नियंत्रित करने का प्रयास किया जाता है, लेकिन इससे वे उल्टा भड़कते दिखाई पड़ते हैं। इनकी आंखों में एक विशिष्ट प्रकार की तीक्ष्ण दृष्टि होती है, जिससे वे अपने मतलब के वोटर को सीधा भांप लेते हैं। चतुर नागरिकों को चाहिए कि वे सांडों की लड़ाई और दौड़ में शामिल न हो। वे अपने घरों में चुपचाप पड़े रहें और कल सबको खा जाऊंगा (केएसकेजे) जैसे न्यूज चैनलों में बिकनी गर्ल द्वारा दिखाई जाने वाली इनकी लड़ाई और दौड़ के साथ अपनी गरीबी के जमकर मजे लेते रहें।

रामविलास जॉंगिड़

गरीबों के उत्थान को सतत् समर्पित एक कर्मयोगी

सीएम के जन्मदिन पर विशेष

प्रो. आर.एन. त्रिपाठी

सीएम योगी आदित्यनाथ के 9 साल के कार्यकाल में उ.प्र. ने विकास के लगभग सभी क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। एक जिला- एक उत्पाद योजना के माध्यम से भी और एक जिला-एक व्यंजन योजना के माध्यम से भी। हर जिले को मेडिकल कॉलेज से जोड़ने की उनकी योजना मूर्त रूप लेती नजर आ रही है तो एक्सप्रेस वे का हब भी प्रदेश बन रहा है। डिफेंस कॉरिडोर के जरिए जहां यूपी देश की रक्षा जरूरतों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, वहीं अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और साहित्यिक विरासत के संरक्षण और संवर्द्धन में भी उत्तर प्रदेश मील का पत्थर साबित हो रहा है। यह बात पर दुख द्रवहिं संत सुपुनीता वाली अर्द्धाली को अक्षरशः चरितार्थ करती है। योगी ने हर पल का न केवल समुचित उपयोग किया है बल्कि उसे जनहित में नियोजित भी किया। रामचरितमानस में संत तुलसी दासजी ने लिखा है कि संत हृदय नवनीत समाना। अर्थात संतों का हृदय मक्खन जैसा कोमल होता है लेकिन विचारणीय यह है कि मक्खन तो केवल ताप (आंच या गर्मी) मिलने पर ही पिघलता है, जबकि संत दूसरों के दुःख से पिघल जाते हैं। द्रवित हो जाते हैं। ठीक यही बात यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी लागू होती है जो सादा जीवन-उच्च विचार के पर्याय बन गये हैं।

सबसे न्यूनतम खर्च पर जीवन जीते हैं और अधिकतम कार्य करते हैं। उन्होंने पूरा जीवन मां भारती की सेवा में समर्पित कर दिया है। ऐसे मुख्यमंत्री जो न कभी बीमार पड़े और न ही कभी उन्होंने अवकाश लिया। 'चरैवेति चरैवेति' के मंत्र को जीवन का अनिवार्य अंग माना। जहां कहीं भी मानवता की करुण पीड़ा सुनाई पड़ी, वहां उनका हृदय निश्चित रूप से पिघला और संत स्वभाव से मानवीय पीड़ा को तत्काल हरने का उन्होंने हरसंभव प्रयास भी किया। वे प्राचीन संतों की तरह दुष्टों को भविष्य हेतु श्राप नहीं देते बल्कि उसे तत्काल दंड में बदल कर ही चैन लेते हैं, और हां दंड देने में कोई कोर-कसर भी नहीं छोड़ते हैं। योगी जी का जन्म 5 जून 1972 को उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में हुआ था। विज्ञान से स्नातक योगी आदित्यनाथ 6 वर्ष की आयु में गुरुमुख हुए और आज गोरखपुर के प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर हैं। वे 1998 से 2014 तक गोरखपुर से लगातार पांच बार सांसद रहे। 19 मार्च 2017 को वे पहली बार उ.प्र. के मुख्यमंत्री बने। वे हिंदू राष्ट्रवाद के प्रणेता और सख्त प्रशासक के रूप में ,भारत ही नहीं पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। योगी आदित्य नाथ के राजनीतिक सफर और उपलब्धियों का आकलन इसी से ही किया जा सकता है कि भाजपा द्वारा किसी भी राज्य के चुनाव में स्टार प्रचारक के रूप में उनकी सभाएं अवश्य होती हैं। वह देश के हिंदू राष्ट्रवाद और कठोर प्रशासक की छवि वाले सबके लिए अनुकरणीय मुख्यमंत्री हैं। जीरो टॉलरेंस और सबका साथ सबका विकास की नीति के तहत सुबह 4 बजे से रात 12 बजे तक अनवरत चलते रहते हैं। अन्य मुख्य मंत्रियों से हटकर योगी आदित्य नाथ की कुछ विशिष्ट उपलब्धियां हैं जिसके कारण इन्हें अब पूरे राष्ट्र में नवचारक मुख्यमंत्री माना जाता है।

कानून व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव से उन्होंने प्रदेश को बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकालकर देश के विकास का इंजन बनाया। उनकी जीरो टॉलरेंस नीति के तहत 2017-2025 में 222 अपराधी मुठभेड़ में मारे गये और 8118 घायल हुए, जिससे अपराध में कमी आई। एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की नीति से आज 75 जिलों में मेडिकल कॉलेज स्थापित किया। नवंबर 2020 में प्रदेश सरकार ने भारत का पहला विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम लागू किया, जिसमें जबरन धर्म परिवर्तन पर 10 साल तक की सजा का प्रावधान है। लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, वाराणसी, आगरा, गाजियाबाद और प्रयागराज में पुलिस कमिश्नरेट लागू किया। उत्तर प्रदेश स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स के तहत नए सुरक्षा बल का गठन किया। यूपी-112 रिस्पांस टाइम 7 मिनट 24 सेकेंड तक कम किया। आज यूपी में 2.62 करोड़ इज्जत घर बन चुके हैं। नौ साल में उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक ग्रामीण आवास बने हैं। जब उनका हम 54वां जन्मदिवस मना रहे हैं तो हम यही कहेंगे कि संत का जो चरित्र है 'उसके एक हाथ में माला होती है जो लोक कल्याण, परोपकार और सत्य की रक्षा हेतु होती है, तो वहीं दूसरे हाथ में भाला होता है जो दुष्टों को दंड देने के लिए सर्वथा उपयुक्त रहता है। योगी आदित्यनाथ दोनों के समन्वय हैं।

(लेखक बीएचयू में प्रोफेसर हैं)

आपकी बात

पाकिस्तान की बदहाली

कर्ज लेकर युद्ध करने के लिए हथियार खरीदने वाला पाकिस्तान अपनी बदहाली के लिए खुद ही जिम्मेदार है। उसने विकास के बजाय भारत से दुश्मनी पाली और अब इसकी कीमत चुका रहा है। परमाणु बम बनाकर इतराते वाला पाकिस्तान फिलहाल बदहाली और कंगाली के दौर से गुजर रहा है। 1947 में जब आजादी के साथ भारत से अलग होकर पाकिस्तान बना था तब पाकिस्तान भारत वह हिस्सा था जो अपेक्षाकृत अधिक विकसित हुआ करता था। आर्थिक विकास, मानव विकास, रोजगार आदि अनेक दृष्टि से पाकिस्तान भारत से आगे था। लेकिन जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरानों ने भारत के खिलाफ युद्ध, आतंकवाद और विवाद की नीति अपनायी, उसके कारण पाकिस्तान धीरे-धीरे बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। 1972 के युद्ध में पाकिस्तान के दो खंड हो गये। पाकिस्तान अपने देश का आधा हिस्सा गंवा बैठ, लेकिन कश्मीर के एक टुकड़े के लिए जिस तरह वह वर्षों से भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़े हुए है उससे अब पाकिस्तान जर्जर होने के कगार पर पहुंच गया है। रही-सही कसर चीन के साथ दोस्ती, भ्रष्ट सेना और सियासतदानों ने पूरी कर दी है।

आज पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इतनी अधिक जर्जर हो गयी है कि पाकिस्तानी दाने-दाने को मोहताज हो गये हैं। इसके बावजूद आतंकवाद के वित्त पोषण, भारत के खिलाफ उनको उकसाने आदि के मामले कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान गंभीर आर्थिक संकट में फंस चुका है। जनता दाने-दाने मोहताज है। यही कारण है कि जहां भी सस्ता अनाज पाता है वहां बेतहासा टूट पड़ता है। रोटी की जद्दोजहद में लोगों की जान जा रही है। पाकिस्तान में विकास दर लगभग ठप हो चुकी है, कर्ज जीडीपी के बराबर पहुंचने को बेताब है, महंगाई दर 27 फीसद के करीब है, निर्यात से आयात ढाई गुना अधिक है, पाकिस्तानी रुपया रसातल में पहुंच गया है और एक डॉलर के बदले 230 के करीब लुढ़क गया है। इसके बावजूद जिस तरह पाकिस्तान के हुक्मरान अपने घरेलू समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय भारत के खिलाफ जहर उगलते रहते हैं, ताकि पाकिस्तानी लोगों को राष्ट्रवाद के नाम पर भारत के खिलाफ भड़काकर उनका ध्यान पाकिस्तान की घरेलू समस्याओं से भटकाया जा सके। इसी टैक्टिस का नतीजा है कि आज पाकिस्तान दाने-दाने को मोहताज है लेकिन कोई ऐसा सप्ताह नहीं जाता है, जब भारत पर परमाणु बम गिराने की धमकी पाकिस्तानी नेता न देते हों। पाकिस्तान के बेशर्म हुक्मरानों को यह भी नहीं पता कि भारत अब पाकिस्तान से बहुत आगे निकल चुका है। पाकिस्तान जहां आतंकवादियों का अड्डा बन गया है वहीं भारत कुशल मैन पावर का हब बन रहा है। यह दुर्भाग्य के इतनी बदहाली और नुकसान उठाने, बार-बार भारत की पिटाई के बाद बेशर्म पाकिस्तान आतंकवाद खत्म करने के बजाय युद्ध में फर्जी विजय का जश्न बना रहा है।

अशोक कुमार त्रिवेदी, लखनऊ.

समावेशी विकास की नीति

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी।

प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.

संक्षेप

पुलिस का ऑपरेशन मोबाइल सफल 137 फोन बरामद

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जनपद में गुमशुदा व खोए मोबाइल फोन बरामद करने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि पोर्टल व तकनीकी प्रणालियों के माध्यम से ट्रेस कर फोन बरामद किए जा रहे हैं और उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपा जा रहा है।मुख्य बातेंपिछले लगभग 20 दिनों में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 137 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए।इससे पहले दिनांक 12 मई को भी बरामद फोन उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाए गए थे।बरामदगी में जनपदीय उउळठर टीम और थाना स्तर पर कार्यरत उउळठर कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। टीमों ने समन्वित रूप से तकनीकी साधनों का उपयोग किया।जब कोई गुमशुदा मोबाइल फोन पुनः सक्रिय होता है या किसी अन्य नेटवर्क पर चालू होता है, तो उएक्क्रपोर्टल पर अलर्ट आता है। इस सूचना के आधार पर पुलिस त्वरित कार्रवाई कर फोन बरामद करती है और वास्तविक स्वामी को सौंप देती है।इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पोर्टल आधारित अलर्ट व प्रभावी फील्ड एक्शन से यह सफलता मिली है तथा अभियान लगातार जारी रहेगा।

टीबी की जांच कर डाक्टरों ने किया जागरूक

बांदा। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सौ दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान में तिंदवारी के खप्टिहाकला, बबेरू के हरदौली ग्राम पंचायत में टीबी स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प में 14 वर्ष से अधिक आयु के लोगो की स्वास्थ्य जांच की गई। चेस्ट एक्सरे, बलगम जांच, मधुमेह, बीपी बीएमआई, आदि की जांच की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को टीबी के लक्षणों जैसे दो हफ्ते से खांसी आना, मुंह से खून आना, बुखार आना, थकान होना, सीने में दर्द होना, सांस लेने में तकलीफ होना, रात में पसीना आना, गर्दन में गिल्टी, गांठ, बांझपन, आदि के बारें में जागरूक किया। खप्टिहा कला में 98, सामु०स्वा० केंद्र बबेरू के हरदौली ग्राम पंचायत में 96 व्यक्तियों का एक्सरें एवं अन्य जांचें की गई। कैम्प में हरदेव प्रसाद एसटीएस, अभिषेक द्विवेदी, एक्सरे टेक्नीशियन, सीएचओ, एएनएम, आशा, एमएमयू की टीम उपस्थित रही।

ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, एक गंभीर घायल

ललितपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर रामनगर चैराहे के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद घायल को प्राथमिक उपचार के उपरांत झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बीती 25 मई की सुबह करीब 6.40 बजे खिरकापुरा निवासी टिंकू कुशवाहा एवं जितेन्द्र अहिरवार सुरई घाट स्थित खेत से मोटरसाइकिल द्वारा अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह रामनगर चैराहे के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर पहुंचे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने टिंकू कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया। बाद में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल जितेन्द्र अहिरवार का जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

मृतक के भाई रवि कुशवाहा की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस दुर्घटना में शामिल ट्रक और उसके चालक की पहचान करने में जुटी हुई है।

लोकल उत्पादों को बढ़ावा दें ,युवाओं को स्वरोजगार के लिए उपलब्ध करायें ऋणः प्रभारी मंत्री

- एक दिवसीय भ्रमण के दौरान प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने जिले के विकास कार्यों की जानी हकीकत
- माताटीला गेस्ट हाउस प्रांगण में पौधरोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस का किया शुभारंभ

ललितपुर। राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उ0प्र0, प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने गुरुवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के तहत माताटीला गेस्ट हाउस में जनपद स्तरीय जिला प्रशासनिक समन्वय समिति एवं कोर कमेटी की बैठक की और परिसर में ही जनप्रतिनिधियों के साथ वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण दिवस की शुरूआत की। उन्होंने तालबेहट तहसील पहुंचकर सभागार में जिले के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की और यही पर मीडिया से प्रेस वार्ता करते हुए केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरुकता अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, एमएलसी रमा निरंजन, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन, जिलाध्यक्ष भाजपा प्रतिनिधि गौरव गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण की उपस्थिति रही बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने माताटीला गेस्ट हाउस में रहने के दौरान बार बार बिजली कटौती पर विद्युत व सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त की और सप्लाई दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। इसी दौरान सदर विधायक द्वारा ग्रामीण विद्युत आपूर्ति की समस्या बताई गई, जिस पर प्रभारी मंत्री ने विद्युत अधिकारियों को ग्राउंड लेबल पर निरीक्षण करने व अधीनस्थों पर नियंत्रण बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि इस माह जिन विभागों के प्रगति कम है वे आगामी माह में हर हाल में प्रगति में सुधार कर लें। एमएलसी रमा निरंजन के द्वारा मेडिकल कॉलेज में ओपीडी के शुभारंभ की सूचना न दिये जाने पर आपत्ति दर्ज कराई गई, इस पर प्रभारी मंत्री ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि विभागों द्वारा कराए जा रहे प्रत्येक कार्यक्रम की जानकारी जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से दें, साथ ही शिला पट्टिकाओं पर निर्धारित शासनादेश के अनुसार जनप्रतिनिधियों के नाम अंकित कराये जायें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग मुख्यमंत्री की अपेक्षानुसार कार्य करें। प्रभारी मंत्री ने समीक्षा के दौरान स्वरोजगार व घरेलु उत्पादों पर जोर देते हुए उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि लोकल उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए अधिक से अधिक औद्योगिक इकाईयां स्थापित करायी जायें, युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्हें ऋण उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही ललितपुर में चंदेरी साड़ी और फूड प्रोसेसिंग को व्यापक स्तर पर बाजार मुहैया कराया जाए। उन्होंने जिले के विकास को दृष्टिगत रखते हुए लोक निर्माण विभाग के प्रस्तावों को विधानसभावार जनप्रतिनिधियों के माध्यम से बढ़ाये जाने के भी निर्देश दिये, ताकि विकास कार्यों से अधिक से अधिक क्षेत्र आच्छादित हो सकें। समीक्षा के दौरान उन्होंने नये उप कृषि निदेशक को फसल बीमा योजना में अधिक मेहनत कर किसानों को लाभान्वित कराने और नये बीएसए को स्कूलों का भ्रमण कर शासन द्वारा निर्धारित पैरामीटर्स पूर्ण कराने के निर्देश दिये। सरकार के बारह वर्षों की उपलब्धियों को लेकर उन्होंने प्रेसवार्ता भी की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार, उप जिलाधिकारी तालबेहट भूपेन्द्र सिंह, डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओपी सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

शिक्षकों ने अपनी समस्याओं से बीएसए को कराया अवगत

ललितपुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नवागत बीएसए रत्नेश कुमार से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। संघ पदाधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए शिक्षकों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से भी अवगत कराया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली) जिलाध्यक्ष एवं मांडलिक मंत्री विनोद निरंजन के नेतृत्व में संघ का प्रतिनिधिमंडल बीएसए कार्यालय पहुंचा। इस दौरान पदाधिकारियों ने माल्यार्पण एवं बुके भेंट कर नवागत बीएसए रत्नेश कुमार का स्वागत किया तथा जनपद आगमन पर बधाई दी। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद निरंजन ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को विस्तार से रखा। उन्होंने विशेष रूप से चयन वेतनमान से संबंधित लंबित प्रकरणों और शिक्षकों के हितों से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा करते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की।

बीएसए रत्नेश कुमार ने शिक्षक प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि जनपद में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने एवं शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक एवं प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।

कार्यकर्ताओं की समस्याओं का करें त्वरित समाधान : प्रभारी मंत्री

बांदा। जिले के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार का प्रथम जनपद आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। आयोजित सांगठनात्मक बैठक में प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश से उन्हें बांदा के अधूरे पड़े विकास कार्यों को पूरा कराने, जनसमस्याओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारण कराने के लिए जिले का प्रभार सौंपा गया है। वह पार्टी कार्यकर्ताओं के सहयोग से पूरा करने का कार्य करेंगे यदि कोई अधिकारी लापरवाही करता है तो उसे दंडित कराया जाएगा। कोर कमेटी का महत्व बताते हुए कहा कि इस कमेटी में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, पार्टी के प्रमुख पदाधिकारी शामिल होंगे। इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं की विकास संबंधी समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। वह प्रत्येक माह जिले के विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। भाजपा के मंडल स्तर से लेकर जिला स्तर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की समस्याओं का निस्तारण कराएंगे। बैठक में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, शिक्षक एमएलसी बाबूलाल तिवारी, जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, बबेरू मंडल अध्यक्ष सौरभ शिवहरे, जिला मंत्री विष्णुप्रताप सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी राकेश कुमार गुप्त लल्ला रहे।

थाना हथगाम में बेखौफ चल रहा मिट्टी का काला कारोबार

फतेहपुर।थाना हथगाम क्षेत्र में स्थानीय लोगों और अधिकारियों कीचेतावनियों के बावजूद कथित मिट्टी खनन माफियाओं का कारोबार जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा था कि किसी हाल में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जो भी खनन करते हुए जेसीबी या ट्रैक्टर पकड़े जाएंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, ग्रामीणों के अनुसार माफिया दिन-रात जबरदस्ती जेसीबी व ट्रैक्टर से मिट्टी निकालने का काम तेजी के साथ चला रहे हैं।जिलाधिकारी के आदेश थाना हथगाम और संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि अवैध खनन पर सख्त प्रतिबन्ध लागू किया जाए और रात के समय निगरानी बढ़ाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया किसी भी हालत में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा; पकड़े जाने पर मशीनें और वाहन जब्त कर कड़ी कार्रवाई होगी। राजस्व विभाग की प्रतिक्रिया राजस्व टीम ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी है और आवश्यक कदम उठाने के आदेश दिए जा चुके हैं। विभाग ने कहा कि टीम तैनात कर निरीक्षण किया जा रहा है और रिपोर्ट मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय लोगों का आरोप ग्रामीणों तथा प्रभावित किसानों का कहना है कि रात-दिन मशीनें चल रही हैं जिससे फसल और खेतों को नुकसान हो रहा है और स्थानीय सड़कें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं। उनका आरोप है कि कुछ स्थानों पर खनन कारोबारियों को संरक्षण मिल रहा है।नुकसान व प्रभावस्थानीय लोगों की शिकायत है कि अनियंत्रित खनन से खेत कट रहे हैं, जमीन का कटाव बढ़ रहा है और जलधारण क्षमता प्रभावित हो रही है।राजस्व को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ पर्यावरणीय खतरे भी बढ़ रहे हैं।इलाके में भारी वाहनों के चलने से सड़कों की हालत बदतर हुई है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है।आवश्यक कार्रवाई पर सवालस्थानीय सूत्र पूछ रहे हैं कि जिलाधिकारी व एसपी के स्पष्ट निदेर्शों के बाद भी अवैध खनन कैसे जारी है।क्या थाना और राजस्व की संयुक्त टीमों ने नियत समय पर रैपिड रिप्लाई या छापेमारी की योजना बनाई है यदि मशीनें पकड़ी जाती हैं तो तत्काल जब्ती व संबंधितों पर कानूनी कार्रवाई कब होगी ?

प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा, त्वरित क्रियान्वयन के दिये निर्देश

बांदा। जिले में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

उन्होंने 40 लाख रुपये से अधिक लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय के भीतर पूरा कराने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में अधिकाधिक लाभार्थियों को जोड़ने, लक्ष्य वृद्धि के निर्देश दिए। खाद, बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, सीमावर्ती जनपद होने के कारण खाद आपूर्ति पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। न्यूरोलॉजी एवं कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, हीट वेव की स्थिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी अमित आसेरी ने अवगत कराया कि आईसीडीएस एवं बेसिक शिक्षा विभाग की टीमें जनपद में घर-घर ओआरएस किट का वितरण एवं जनजागरूकता अभियान चला रही हैं।

वन विभाग, गौशालाओं में गोवंशों के संरक्षण, पर्याप्त सुविधाओं की उपलब्धता तथा प्रत्येक गौशाला परिसर में वृक्षारोपण एवं ट्री गार्ड स्थापना पर विशेष जोर दिया।

बैठक में सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, विधायक ओममणि वर्मा,एमएलसी बाबूलाल तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष कल्लू राजपूत, जिलाधिकारी अमित आसेरी, पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडेय, अपर जिलाधिकारी कुमार धर्मेन्द्र, मदनमोहन वर्मा उपस्थित रहे।

भूरागढ़ में यूपीसीडा 258.83 लाख रुपये से करायेगा विकास

- आयुक्त ने दिए कार्यवाही के निर्देश

बांदा। आयुक्त कार्यालय सभागार में आयुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक हुई। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग सुधीर कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त आयुक्त जीएसटी राज्य कर, मण्डल के समस्त उपायुक्त उद्योग, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, हमीरपुर एवं चित्रकूट, अधीक्षण अभियंता विद्युत, यूपीसीडा के प्रतिनिधि, जल संस्थान, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ग्रामोद्योग विभाग के अधिकारीगण, विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी एवं उद्यमीगण उपस्थित रहे।

बैठक में समीक्षा करते हुए आयुक्त ने अधिकारियों के किये गये कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। जनपद महोबा में विद्युत ट्रिपिंग की समस्या के समाधान, वर्तमान में 20 से 21 घण्टे विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने की जानकारी दी गयी। इसी प्रकार मे० गुड लाइफ मार्केटिंग ने ग्राम अर्जुनपुर मजरा खंडेहा, तहसील मऊ में प्रस्तावित वेयरहाउस निर्माण को चिन्हित भूमि से संबंधित धारा-80 की कार्यवाही पूर्ण कर लिये जाने की सूचना दी। कबरई से बांदा मार्ग पर डिवाइडर में स्थापित अधिकांश बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को पुनः चालू होने, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कबरई-बांदा मार्ग की मरम्मत, धूल नियंत्रण को पानी का छिड़काव कराने की जानकारी दी गई। आयुक्त ने औद्योगिक क्षेत्र भूरागढ़ के विकास कार्यों को यूपीसीडा कानपुर ने 258.83 लाख रुपये का प्राक्कलन स्वीकृत किया जा चुका है। बैठक के दौरान आयुक्त ने निष्प्रयोज्य विद्युत खंभों को 20 जून तक अनिवार्य रूप से हटवाने के निर्देश अधीक्षण अभियंता विद्युत को दिये। आयुक्त ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि हरियाणा, बिहार, अन्य राज्यों में पंजीकृत मालवाहक वाहनों का बिना उचित कारण चालान न करने को कहा।

जनपदीय स्तरीय कार्यशाला कर दिये कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश

ललितपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में आगामी 28 जून 2026 से प्रस्तावित पल्स पोलियो एन.आई.डी. अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपदीय स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद द्वारा अभियान की बारीकियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य अभियान के लिए माइक्रो-प्लानिंग को अद्यतन करना और ब्लॉक स्तर पर तैयारियों को पुख्ता करना था, ताकि पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से प्राप्त किया जा सके। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ धीरेन्द्र वैद्य ने बताया कि अभियान का शुभारंभ 28 जून 2026 को बूथ दिवस के साथ होगा, जिसके बाद 29 जून से 03 जुलाई तक घर-घर टीकाकरण और 06 जुलाई को बी-टीम गतिविधियों के माध्यम से 0 से 5 वर्ष के प्रत्येक बच्चे का शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित किया जाएगा।

रंजिश के चलते दुकान में लगायी आग पुलिस ने शुरू की जांच

बांदा। बीती रात अज्ञात कारणों से एक दुकान में आग लग गई। दुकान में रखा करीब एक लाख रुपये मूल्य का सामान जलकर राख हो गया।नरैनी कस्बे के मोहल्ला किदवई नगर निवासी श्यामबिहारी विश्वकर्मा ने अतर्रा रोड पर नगर पंचायत गेट के पास किराये की दुकान लेकर चाय, पान, गुटखा कैफे का व्यवसाय कर रखा है। बताया कि बीती रात दुकान बंद होने के बाद अचानक आग लग गई। कुछ दूरी पर कार्य कर रहे एक नौकर ने दुकान से उठती आग की लपटें देखीं और सूचना दी। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान जलकर नष्ट हो चुका था। दुकानदार के अनुसार आग से लगभग एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना के बाद श्यामबिहारी विश्वकर्मा ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि पड़ोस में रहने वाला एक व्यक्ति काफी समय से उनकी दुकान खाली कराने का दबाव बना रहा था। आरोप है कि दुकान खाली न करने पर उक्त व्यक्ति ने दुकान न बचने की धमकी भी दी थी। पीड़ित ने आशंका जताई है कि तीन जून की रात उसी व्यक्ति अथवा उसके सहयोगियों ने दुकान में आग लगाई है। कोतवाली प्रभारी भास्कर मिश्रा ने बताया कि तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आग लगने के कारणों का पता लगाने के साथ ही लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है।

एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति बाधित गुरेह में लोगों ने जाम की सड़क

- अवर अभियंता व एसडीओ की कार्यशैली पर सवालिया निशान

बांदा। जारी फीडर से नजदीक के गांवों में बिजली आपूर्ति एक सप्ताह के बाद भी बहाल न होने पर आक्रोशित उपभोक्ताओं ने बांदा-बिसंडा मार्ग पर जाम लगा दिया। गांव के मनबोधन, श्याम, हरप्रसाद, अनिल आदि ने बताया कि एक हफ्ते से गांव में लाइट न आने की वजह से उपभोक्ताओं में रोष है। सबंधित अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी आज तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार अधिकारियों को सूचना दी जा रही थी पर अधिकारियों ने अभी तक लाइट को चालू नही कराया। इससे आजिज आकर ग्रामीणों को सड़क पर धरना देना मजबूरी बन गया है ताकि सूचना उच्चाधिकारियों तक पहुंच सके। जाम लगने से बांदा-बिसंडा मार्ग अवरुद्ध रहा। सड़क के दोनो ओर आने-जाने वाले वाहनों की लंबी कतार लग गई। आक्रोशित लोगों को देहात कोतवाली के इंस्पेक्टर ने जेई से बात करवाकर उन्हें समझाकर जाम खुलवाया। इसी तरह ग्राम कहला-गंछा में भी एक सप्ताह से बिजली आपूर्ति ठप है। गांव के नीरज शुक्ला, अनिल आदि ने कहा कि जेई को कई बार बता चुके हैं लेकिन वह बहानेबाजी कर टाल देते हैं। ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता विद्युत से आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जारी फीडर में तैनात अवर अभियंता और एसडीओ की लचर व्यवस्था के चलते यह अव्यवस्था हो रही है। जबकि इसके पूर्व ऐसी स्थिति कभी नहीं हुई। इनका लाइनमैनों पर नियंत्रण नहीं है। कई लाइन मैन शराब के नशे में काम न कर पेड़ों की छांव में घंटों पड़े रहकर समय पूरा करते हैं। यही वजह है कि जारी फीडर की व्यवस्था बदतर हो गई है।

व्यापारी संवाद कार्यक्रम में जीएसटी पंजीकरण एवं योजनाओं की दी गयी जानकारी

ललितपुर। राज्य कर विभाग द्वारा व्यापारियों को जीएसटी प्रणाली के प्रति जागरूक करने एवं कर आधार के विस्तार के उद्देश्य से आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम में जीएसटी पंजीकरण, नवीन रिटर्न प्रक्रिया तथा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन 3 जून 2026 को झांसी रोड स्थित एक होटल में किया गया। अध्यक्षता उपयुक्त राज्य कर हीरालाल जायसवाल ने की। उन्होंने कहा कि विभाग का उद्देश्य राजस्व वृद्धि के साथ-साथ व्यापारियों में जीएसटी व्यवस्था के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना है। उन्होंने अपंजीकृत व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण के लिए प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, व्यापारियों, कर अधिवक्ताओं एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को बताया गया कि जीएसटी में पंजीकरण कराने वाले व्यापारियों को 10 लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा योजना का निशुल्क लाभ प्राप्त हो सकता है। साथ ही जीएसटी पंजीकरण प्रक्रिया, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा नवीन जीएसटी रिटर्न प्रणाली की बारीकियों से भी अवगत कराया गया। उपयुक्त राज्य कर ने उपस्थित अधिकारियों एवं व्यापारिक संगठनों से अनुरोध किया कि वह अधिक से अधिक अपंजीकृत व्यापारियों को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए जागरूक करें। उन्होंने आश्वस्त किया कि विभाग व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। बैठक में राज्य कर विभाग की ओर से सहायक आयुक्त आशीष शर्मा, रामकुमार यादव, राज्य कर अधिकारी तेजप्रताप सिंह, अजय कुमार, अनुज कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

दबंगों पर किसानों की भूमि पर कब्जे का आरोप,न्याय न मिलने पर आत्मदाह और अनशन की चेतावनी

ललितपुर। ग्राम मिर्चवारा के गरीब किसानों ने अपनी पुश्तैनी भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की मांग की है। पीड़ित किसानों का कहना है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई कर उनकी भूमि वापस नहीं दिलाई तो वे आत्मदाह करने और घंटाघर पर अनिश्चितकालीन अनशन करने के लिए विवश होंगे। ग्राम मिर्चवारा निवासी हरप्रसाद, हजारीलाल एवं उजवक पुत्रगण जुज्जे ने आरोप लगाया है कि उनकी संक्रमणीय भूमिधारी कृषि भूमि, जो मुख्य मार्ग से लगी हुई है और राजस्व अभिलेखों में उनके नाम दर्ज है, पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा दबंगई के बल पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। किसानों का कहना है कि संबंधित भूमि पर उनका वर्षों से कब्जा एवं खेती रही है, लेकिन अब उन्हें उनकी ही जमीन से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित किसानों ने बताया कि जब उन्होंने अपनी भूमि खाली करने की बात कही तो उन्हें धमकाया गया तथा जान-माल की हानि पहुंचाने की चेतावनी दी गई। किसानों का आरोप है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव के कारण उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है, जिससे पूरा परिवार मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान है। किसानों ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन द्वारा अवैध कब्जा नहीं हटवाया गया और उनकी भूमि वापस नहीं दिलाई गई तो वे आत्मदाह जैसा कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मामले में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने भी किसानों का समर्थन किया है।

महासभा के पदाधिकारियों ने प्रशासन से तत्काल निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। संगठन का कहना है कि यदि जल्द न्याय नहीं मिला तो जिले के किसान एवं समाज के लोग एकजुट होकर ललितपुर घंटाघर पर धरना-प्रदर्शन एवं अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगे। शिकायती पत्र में प्रदेश सचिव भजनलाल, जिलाध्यक्ष सुखलाल कुशवाहा, जिला सचिव गजेन्द्र कुशवाहा, कोषाध्यक्ष डब्बू, उपाध्यक्ष बिंदादीन कुशवाहा सहित कई ग्रामीणों और किसानों के हस्ताक्षर दर्ज हैं। किसानों को अब जिला प्रशासन की कार्रवाई का इंतजार है।

छह माह से वेतन न मिलने पर आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने उठायी आवाज

जिला संवाददाता

ललितपुर। कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित विभिन्न शासकीय विभागों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने पिछले छह माह से वेतन न मिलने के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र भुगतान की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार वेतन न मिलने से उनके समक्ष गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है और परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो रहा है।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए कर्मचारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र में बताया कि वह विभिन्न विभागों में नियमित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन जनवरी 2026 से जून 2026 तक का वेतन अब तक नहीं मिला है। इससे कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि वेतन न मिलने के कारण दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति, बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा तथा अन्य घरेलू खर्चों का संचालन प्रभावित हो रहा है। आर्थिक तंगी के बावजूद सभी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कर रहे हैं, लेकिन लंबे समय से भुगतान लंबित रहने के कारण उनमें असंतोष बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने प्रशासन से आह्वान किया कि उनके बकाया वेतन का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिल सके।

इस दौरान राजकुमार, देवी सिंह, बब्लेश, सुरेन्द्र, वीरू अहिरवार, पवन लाल, संजय सहित विभिन्न विभागों के अन्य आउटसोर्सिंग कर्मचारी शामिल रहे।

प्रसव के बाद महिला की उपचार के दौरान मौत

- मायकेवालों ने लगाया हत्या का आरोप, पुलिस ने शुरूआती जांच में नकारा आरोप

ललितपुर। थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम भडरउ निवासी एक महिला की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मोर्चरी भेज दिया। मामले में सोशल मीडिया एवं क्षेत्र में पति द्वारा मारपीट कर हत्या किए जाने की चचाओं के बीच पुलिस ने प्रारंभिक जांच में ऐसे आरोपों को निराधार बताया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका ने लगभग तीन वर्ष पूर्व गांव के ही एक युवक के साथ प्रेम विवाह किया था। महिला गर्भवती थी और प्रसव पीड़ा होने पर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) महरौनी में भर्ती कराया गया था। वहां चिकित्सकों की निगरानी में प्रसव कराया गया, लेकिन डिलीवरी के बाद नवजात शिशु को मृत घोषित कर दिया गया। बताया गया कि प्रसव के बाद महिला की तबीयत लगातार बिगड़ने लगी, जिसके चलते चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल ललितपुर रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी महरौनी ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में पति द्वारा मारपीट कर हत्या किए जाने संबंधी आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है और ऐसे आरोप फिलहाल निराधार पाए गए हैं। सीओ का कहना है कि मामले में सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा अन्य तथ्य सामने आते हैं तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

संक्षेप

सैमसंग ने नये गैलेक्सी वॉच फीचर्स लॉन्च किये

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड ने आज सैमसंग हेल्थ ऐप के लिए एक बड़े अपडेट की घोषणा की है, जो आने वाली गैलेक्सी वॉच को एक सक्रिय और समझदार हेल्थ पार्टनर में बदल देगा। 8 जून से सैमसंग इस ऐप अपडेट को रोल आउट करना शुरू कर देगा ताकि आगामी गैलेक्सी वॉच में मिलने वाले मुख्य हेल्थ फीचर्स की झलक दिखाई जा सके। यह अपडेट रात की नींद से लेकर दिनभर की गतिविधियों तक के जटिल बायोमेट्रिक डेटा को सरल और काम आने वाले सुझावों में बदलकर रोजाना के स्वास्थ्य प्रबंधन को बहुत आसान बना देता है। सैमसंग हेल्थ ऐप अब गैलेक्सी वॉच द्वारा मापे गए हेल्थ डेटा को एआई आधारित जानकारियों से जोड़ने के लिए विकसित हो रहा है। इससे यूजर्स अपनी शारीरिक और मानसिक स्थिति को अधिक आसानी से और बेहतर तरीके से समझ सकेंगे।

दुबई समर सरप्राइजेस 2026 'मेक इट ए दुबई समर' थीम के साथ शुरू हो रहा है

नई दिल्ली। दुबई समर सरप्राइजेस 2026 की उलटी गिनती आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। दुबई फेस्टिवल्स एंड रिटेल एस्टेब्लिशमेंट ने निवासियों और पर्यटकों से मेक इट ए दुबई समर का हिस्सा बनने की अपील की है। दुबई का यह लोकप्रिय समर फेस्टिवल 2 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इसके 60 दिनों के सफर के दौरान पूरा शहर शॉपिंग, एंटरटेनमेंट, डाइनिंग और फैमिली-फ्रेंडली अनुभवों से गुलजार रहेगा। इस दौरान होटल्स, रेस्टोरेंट्स, प्रमुख आकर्षण केंद्रों और रिटेल डेस्टिनेशंस पर शानदार ऑफर्स भी उपलब्ध होंगे। इस साल के आयोजन में एक विशेष चरणबद्ध रिटेल कैलेंडर पेश किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य पूरे सीजन के दौरान उत्साह और नये पन को बनाए रखना है। इसके तहत बड़े सेल ऑफर्स, सीमित अवधि की डील्स और शहरभर में कई नए अनुभव शामिल किए जाएंगे।

शेयर डॉट मार्केट का क्रिप्स म्यूचुअल फंड स्कोरकार्ड

नई दिल्ली। फोनपे के शेयर डॉट मार्केट ने मार्च 2026 को समाप्त हुई तिमाही के लिए, अपना 'क्रिप्स म्यूचुअल फंड स्कोरकार्ड' जारी किया है। यह नतीजा पिछले 20 सालों के ऐतिहासिक डेटा, निफ्टी स्मॉल कैप 250 टीआर इंडेक्स और निफ्टी 100 टीआर इंडेक्स के एनालिसिस से निकला है। निफ्टी स्मॉल कैप 250 इंडेक्स ने सालाना 12.54% का रिटर्न दिया। यानी स्मॉल-कैप में सिर्फ 0.82% का ही आउटपरफॉर्मेंस मिला। इस एक्स्ट्रा 0.82% के अतिरिक्त रिटर्न के लिए, इन्वेस्टर्स को 28.81% का भारी उतार-चढ़ाव (वोलटैलिटी) झेलना पड़ा, जबकि लार्ज-कैप में यह केवल 21.06% था। साथ ही, स्मॉल/हाई-रिस्क सेगमेंट में अधिकतम गिरावट (मैक्सिमम ड्रॉडाउन) भी लार्ज-कैप की तुलना में काफी ज्यादा रही। इस स्कोरकार्ड से पता चलता है कि स्मॉल-कैप फंड्स का प्रदर्शन अत्यधिक चक्रीय है। जब मार्केट तेजी (बुल रन) में होता है (जैसे 2014-2017), तो ये बहुत तेज भागते हैं, लेकिन जब मार्केट करेक्शन होता है (जैसे 2018-2020), तो इनकी हालत खराब हो जाती है। 3 साल की अवधि में देखें, तो स्मॉल-कैप का प्रदर्शन मार्केट की तेजी में जहाँ +20.52% तक ऊपर गया, वहीं मार्केट करेक्शन में यह -17.16% तक नीचे गिर गया। आम धारणा के विपरीत, स्मॉल-कैप में सिर्फ 'खरीदो और भूल जाओ' वाली स्ट्रेटेजी सही नहीं है, क्योंकि हो सकता है कि यह आपके रिस्क की सही भरपाई न कर पाए।

वोग आईवियर की ब्रांड एंबेसडर बनी कृति सेनन

नई दिल्ली। वोग आईवियर ने मशहूर अभिनेत्री कृति सेनन को अपना नया महिला ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। इस भूमिका में वह शाहिद कपूर के साथ शामिल हुई हैं, जो लंबे समय से ब्रांड का चेहरा रहे हैं। नई पीढ़ी की व्यक्तिगत पहचान और आत्मविश्वास को केंद्र में रखते हुए, ब्रांड ने अपना नया कैंपेन वोग आईवियर जर्नीज लॉन्च किया है। यह अभियान न केवल फैशनेबल है, बल्कि आज के युवाओं की सोच से भी मेल खाता है। नेशनल अवॉर्ड विनर और पैन-इंडिया स्टार कृति सेनन, वोग आईवियर के लिए एक आधुनिक सोच लेकर आई हैं। अपने खास 'पर्सनल स्टाइल' और युवाओं के साथ गहरे जुड़ाव के लिए पहचानी जाने वाली कृति, अपनी सहजता से ब्रांड की चंचल और कॉन्फिडेंट इमेज को जीवंत करती हैं।

सेंसेक्स में 14 अंकों की उछाल

मुंबई। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार बृहस्पतिवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर बंद हुए। सेंसेक्स में 14 अंक और निफ्टी में 11 अंक की मामूली बढ़त रही।

विशेषज्ञों के मुताबिक, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति के नीतिगत दर पर आने वाले फैसले से पहले भी बाजार में सतर्कता का माहौल रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 13.84 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 74,360.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 74,544.24 के ऊपरी और 73,807.30 अंक के निचले स्तर तक गया। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 10.95 अंक यानी 0.05 प्रतिशत चढ़कर 23,416.55 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से टाइटन, आईटीसी, टेक महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से बढ़त में रहीं। दूसरी तरफ, इन्फोसिस, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक और अदाणी पोर्ट्स के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 5,616.56 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। कमजोर वैश्विक संकेत, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव के कारण बाजार की शुरुआत दबाव में हुई। हालांकि, निचले स्तरों पर खरीदारी आने से सूचकांक नुकसान की भरपाई करने में सफल रहे। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.68 प्रतिशत गिरकर 96.17 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। कारोबार के दौरान बाजार बढ़त एवं गिरावट के बीच झूलता रहा और अंततः लगभग स्थिर स्तर पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी तनाव ने निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता को प्रभावित किया। आरबीआई की आगामी मौद्रिक नीति के फैसले और जीडीपी आंकड़ों के जारी होने से पहले निवेशक सतर्क रहे। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 1.02 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सूचकांक में 0.40 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में टिकाऊ उपभोक्ता खंड ने सर्वाधिक 1.94 प्रतिशत की छलांग लगाई जबकि पूंजीगत उत्पाद खंड में 1.01 प्रतिशत, दूरसंचार खंड में 0.82 प्रतिशत और तेल एवं गैस खंड में 0.57 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। दूसरी तरफ धातु, जिंस एवं आईटी खंड में गिरावट रही।

रुपया सात पैसे टूटकर 95.83 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सात पैसे कमजोर होकर 95.83 (अस्थायी) पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच ऊर्जा बाजार में उतार-चढ़ाव और सुरक्षित निवेश की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में लंबा खिंचता संकट भारत के लिए एक बड़ा जोखिम है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है। बाजार प्रतिभागियों की नजर अब पांच जून को होने वाली भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा पर है। मुद्रास्फीति, वृद्धि दर और रुपये की चाल पर इसका असर पड़ सकता है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की

अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय एमपीसी पांच जून को मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करेगी। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.70 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान 95.85 के निचले और 95.59 के उच्च स्तर तक गया, और अंत में 95.83 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से सात पैसे कमजोर है। रुपया बुधवार को 40 पैसे टूटकर 95.76 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.31 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 2.04 प्रतिशत गिरकर 95.81 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। वैश्विक तनाव और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में मजबूती के कारण हमें रुपये में नकारात्मक रुख के साथ कारोबार का अनुमान है। हालांकि, अमेरिका-ईरान शांति वार्ता के मोर्चे पर किसी भी सकारात्मक विकास से घरेलू मुद्रा में तेज गिरावट रुक सकती है। कारोबारी आज अमेरिका के साप्ताहिक बेरोजगारी दावों के आंकड़ों और शुक्रवार को आने वाली गैर-कृषि वेतन रिपोर्ट से संकेत लेंगे। साथ ही निवेशक आरबीआई की मौद्रिक नीति के फैसले पर भी नजर रखेंगे।

सोने की वायदा कीमत में तेजी

एजेंसी

नयी दिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों के सुरक्षित निवेश की ओर रुख करने से वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 926 रुपये चढ़कर 10 ग्राम के 1.59 लाख रुपये पर पहुंच गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त में आपूर्ति वाले सोने के अनुबंधों की कीमत 926 रुपये यानी 0.58 प्रतिशत चढ़कर।,59,445 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। विश्लेषकों के अनुसार, भू-राजनीतिक चिंताओं के बने रहने और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के कारण निवेशकों की रुचि कीमती धातुओं में बढ़ी, जिससे सोने की कीमतों को समर्थन मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में न्यूयॉर्क में कोमेक्स पर अगस्त में आपूर्ति वाले सोने का वायदा भाव 32.55 डॉलर यानी करीब एक प्रतिशत चढ़कर 4,499.45 डॉलर प्रति औंस हो गया।

टाटा ने सोलर ऊर्जा हब बनाने की दिशा में बढ़ाया कदम

सीतापुर। टाटा पावर सोलर रूफटॉप ने घर-घर सोलर अभियान के साथ टाटा पावर बैटरी स्टोरेज, एक एकीकृत बैटरी ऊर्जा भंडारण समाधान का शुभारंभ किया। इस पहल का उद्देश्य राज्य के शहरी, अर्ध-शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रूफटॉप सोलर को अपनाने की गति को और तेज करना तथा घरों एवं समुदायों को चौबीसों घंटे विश्वसनीय एवं स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराना है।

चांदी की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने पर अध्ययन जारी

नयी दिल्ली। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) चांदी के आभूषण और कलाकृतियों की हॉलमार्किंग को अनिवार्य बनाने के लिए आवश्यक नियामकीय ढांचे एवं बुनियादी तैयारियों का अध्ययन कर रहा है।

चांदी की हॉलमार्किंग 2005 से स्वैच्छिक है और सितंबर 2025 से हॉलमार्क किए गए चांदी के उत्पादों पर हॉलमार्क यूनिक आइडेंटिफिकेशन (एचयूआईडी) नंबर होता है जिससे खरीदार शुद्धता की पुष्टि कर सकते हैं। चांदी की हॉलमार्किंग सोने की तुलना में अधिक जटिल है, प्रक्रिया के कारण नहीं बल्कि इसके बाजार के स्वरूप के कारण। सोने के विपरीत, चांदी के आभूषण और वस्तुएं छोटी व बड़ी दोनों तरह की दुकानों में बिकती हैं। इसमें

चांदी के फर्नीचर जैसी श्रेणियां भी शामिल हैं। हम इसे लागू करने की प्रक्रिया का अध्ययन कर रहे हैं। बीआईएस में हॉलमार्किंग का पूरा संचालन केवल पांच लोगों द्वारा किया जाता है जबकि बाकी कार्यबल निजी या आउटसोर्स होता है। निजी भागीदारी के साथ हॉलमार्किंग केंद्रों का संचालन करना और विश्वास कायम करना एक बेहद बड़ी चुनौती है। चांदी की स्वैच्छिक हॉलमार्किंग में प्रगति के बावजूद बीआईएस सावधानी बरत रहा है। हम जानबूझकर थोड़ा धीमे चल रहे हैं ताकि कोई गलती न हो। अनिवार्य करने से पहले हम व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करना चाहते हैं। हम चांदी की हॉलमार्किंग को चरणबद्ध तरीके से अनिवार्य करेंगे। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में हॉलमार्क किए गए चांदी के आभूषणों की संख्या बढ़कर 59 लाख हो गई जो 2024-25 में 32 लाख थी। बीआईएस द्वारा वर्तमान में मान्यता प्राप्त लगभग 230 परख एवं हॉलमार्किंग केंद्र (एएचसी) चांदी के आभूषणों की जांच के लिए कार्यरत हैं।

भारत में ऊर्जा निर्यातक बनने की क्षमता: गडकरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण बदलते वैश्विक परिदृश्य और एथनॉल, हाइड्रोजन तथा पर्यावरण अनुकूल विमान ईंधन (एसएएफ) के मोर्चे पर देश की प्रगति के चलते भारत में अब ऊर्जा आयातक से ऊर्जा निर्यातक बनने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि भारत में जीवाश्म ईंधन (पेट्रोल, डीजल आदि) पर निर्भरता आर्थिक बोझ के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी बड़ा खतरा है, इसलिए स्वच्छ ऊर्जा की ओर तेजी से बढ़ना जरूरी है। अब हमारे पास ऊर्जा आयातक देश से ऊर्जा निर्यातक देश बनने की क्षमता है। भारत फिलहाल हर साल 78,000 टन पर्यावरण अनुकूल विमानन ईंधन (एसएएफ) का उत्पादन कर रहा है और अगले दो वर्षों में देश इसके निर्यातक बन सकता है। भविष्य में लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों में भी एसएएफ के उपयोग की योजना है। वायु प्रदूषण देश की बड़ी समस्या है और इसमें परिवहन क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है। इसलिए एथनॉल और सीएनजी जैसे वैकल्पिक ईंधनों को बढ़ावा देना जरूरी है। मक्का की कीमत पहले।,200 रुपये प्रति क्विंटल थी, जो अब बढ़कर 2,800 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है।

खाद्य तेल के पैक आकारों के मानकीकरण की तैयारी में सरकार

नयी दिल्ली। सरकार खाद्य तेल के पैक आकार का मानकीकरण करने के लिए नए नियम लाने की तैयारी कर रही है। उद्योग जगत का मानना है कि इससे उपभोक्ताओं के लिए कीमतों में पारदर्शिता बढ़ेगी और विनिर्माताओं के बीच समान प्रतिस्पर्धा का माहौल बनेगा। प्रस्तावित कदम का उद्देश्य 850 मिलीलीटर, 875 मिलीलीटर, 900 मिलीलीटर और 950 मिलीलीटर जैसे गैर-मानक पैक आकारों की बढ़ती प्रवृत्ति से निपटना है। उद्योग के अनुसार, ऐसे पैक आकारों के कारण उपभोक्ताओं के लिए अलग-अलग ब्रांड की कीमतों की तुलना करना और प्रति लीटर वास्तविक लागत समझना मुश्किल हो जाता है।

यह पहल उपभोक्ता संरक्षण, पारदर्शी लेबलिंग और टिकाऊ पैकेजिंग प्रथाओं पर बढ़ते नियामकीय ध्यान के बीच की जा रही है। सरकार ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान दिया है और गैर-मानकीकृत पैक आकारों की समस्या को दूर करने की दिशा में कदम उठा रही है। कई वर्षों से हम यह कहते आए हैं कि उपभोक्ताओं को स्पष्ट, पारदर्शी एवं तुलनीय मूल्य मिलना चाहिए। मानकीकृत पैक आकार उपभोक्ताओं को सही निर्णय लेने में मदद करेंगे और प्रतिस्पर्धा को गुणवत्ता, शुद्धता एवं मूल्य के आधार पर सुनिश्चित करेंगे, न कि पैकेजिंग के तरीकों पर। उद्योग के अनुसार, पैक आकारों के मानकीकरण से उत्पादों की तुलना करना आसान होगा और पैक्ड खाद्य तेलों में उपभोक्ता विश्वास मजबूत होगा। हितधारकों ने इसके संभावित पर्यावरणीय लाभों की ओर भी संकेत किया है। अलग-अलग पैक आकारों के कारण अलग-अलग बोतल ढांचे, लेबल और पैकेजिंग की जरूरत होती है।

मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटोरोला एज 70 प्रो प्लस स्मार्टफोन

नई दिल्ली। मोटोरोला ने आज मोटोरोला एज 70 प्रो प्लस लॉन्च किया। बिना किसी समझौते के फ्लैगशिप अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया यह स्मार्टफोन, प्रो-ग्रेड फोटोग्राफी, प्रीमियम व विशिष्ट फिनिश, इमर्सिव एंटरटेनमेंट, नेक्स्ट-जेन मोटो एआई अनुभवों और फ्लैगशिप-लेवल परफॉर्मेंस का एक शानदार संयोजन है। इस डिवाइस में क्वाड 50एमपी प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम दिया गया है, जिसका नेतृत्व कम रोशनी में बेहतरीन फोटोग्राफी के लिए मोटो एआई से लैस एडवांस सोनी लिटिया 710 कैमरा करता है। इसके साथ ही इसमें 50एक्स एआई सुपर जूम प्रो के साथ 50एमपी का 3.5एक्स पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा, 50एमपी का अल्ट्रा-वाइड प्लस मैक्रो विजन कैमरा और ऑटो फोकस के साथ 50एमपी का क्वाड पिक्सेल सेल्फी कैमरा शामिल है।

आरबीआई गवर्नर ब्याज दर संबंधी निर्णय की आज करेंगे घोषणा

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के फैसले की घोषणा करेंगे।

यह उम्मीद जतायी जा रही है कि केंद्रीय बैंक मुख्य रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर यथावत रख सकता है, क्योंकि पश्चिम एशिया संकट के कारण महंगाई और आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर पैदा हो रही चुनौतियों को देखते हुए सतर्क रुख अपनाया जा रहा है। छह सदस्यीय एमपीसी ने अपनी तीन दिवसीय बैठक बुधवार को शुरू की थी। एक सर्वेक्षण के अनुसार, रिजर्व बैंक इस बार नीतिगत दर में कोई बदलाव नहीं करेगा। हालांकि, अधिकांश प्रतिभागियों का मानना है कि केंद्रीय बैंक वित्त वर्ष 2026-27 में बढ़ती मुद्रास्फीति जोखिमों के बीच मौद्रिक सख्ती फिर से शुरू कर सकता है। सर्वेक्षण में शामिल 11 प्रतिभागियों ने दरों को यथावत रखने की उम्मीद जताई, जबकि चार ने 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की संभावना जताई। अधिकांश प्रतिभागियों ने चालू वित्त वर्ष के दौरान कम से कम दो बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीद जताई है, जबकि कुछ का मानना है कि मुद्रास्फीति दबाव बढ़ने पर इससे अधिक बढ़ोतरी हो सकती है। एक कार्यक्रम में कहा कि यदि आरबीआई दरों को यथावत रखता है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने एनवायरनमेंट मंथ 2026 का आयोजन किया

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने एनवायरनमेंट मंथ 2026 की शुरूआत की है, जिसका थीम है रिसोर्स रीसाइक्लिंग के जरिए क्लाइमेट पॉज़िटिव कंपनी की ओर कदम। इस पहल के माध्यम से कंपनी अपने ऑपरेशन्स और स्टेकहोल्डर इकोसिस्टम में टिकाऊ प्रैक्टिसेज को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दोहराती है। टोयोटा एनवायरनमेंटल चैलेंज 2050 और अन्य सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों से प्रेरित होकर, यह पहल सप्लायर्स, डीलर्स, लॉजिस्टिक्स पार्टनर्स, कर्मचारियों और समुदायों को रिसोर्स रीसाइक्लिंग, वेस्ट रिडक्शन और क्लाइमेट-पॉज़िटिव एक्शन के लिए एकजुट करती है।

आईटेल ने आईपी67 रेटिंग वाला आईटेल एक्वा लॉन्च किया

नई दिल्ली। आईटेल ने अपना नया फीचर फोन एक्वा लॉन्च किया है। कंपनी के अनुसार, यह भारत का एकमात्र फीचर फोन है जो आईपी67 रेटिंग के साथ आता है। आईपी67 सुरक्षा के साथ आने वाला यह फोन धूल और पानी से बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है। कंपनी का दावा है कि यह 30 मिनट तक पानी में रहने और गीले या कीचड़युक्त वातावरण का सामना करने के बाद भी सामान्य रूप से काम कर सकता है। एक्वा की एक और प्रमुख विशेषता एआई आधारित पर्यावरणीय शोर रद्द करने की तकनीक है। यह फीचर निर्माण स्थलों, बाजारों, फैक्ट्रियों और ट्रैफिक जैसे शोरगुल वाले वातावरण में आसपास की अनचाही आवाजों को कम कर कॉल के दौरान दोनों पक्षों को अधिक स्पष्ट बातचीत का अनुभव प्रदान करता है।

पेज एक का शेष

यूपी में

नियामक आयोग द्वारा एक जून को दिए गए आदेश में पावर कारपोरेशन द्वारा जून में प्रस्तावित 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार की वसूली को मल्टी ईयर टैरिफ रेगुलेशन 2025 की धारा 16(1) का उल्लंघन मानते हुए इसे अवैध बताया था। आयोग ने इस मामले में पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक से 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट भी तलब की थी। इसके बावजूद बिजली वितरण कंपनियों द्वारा कथित रूप से बिलिंग सॉफ्टवेयर में संशोधन कर जून माह में उपभोक्ताओं से 10 फीसदी ईंधन अधिभार की वसूली जारी रखी गई है, जिसे आयोग के आदेश का स्पष्ट उल्लंघन बताया गया है। पिछले दिनों पावर कारपोरेशन ने जून के बिजली बिल में दस फीसदी अतिरिक्त वसूली का आदेश जारी किया था। इसमें पुराने भुगतान को भी जोड़कर दस फीसदी की वसूली के आदेश जारी किए गए थे। इस आदेश को उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग में चुनौती दी थी। नियामक आयोग ने भी सोमवार को ही इसे गैरकानूनी बता दिया था और पावर कॉरपोरेशन को नोटिस जारी कर सात दिनों में जवाब मांगा था। माना जा रहा था कि आयोग के अंतिम फैसले तक बिल में नहीं 10 फीसदी अधिभार की वसूली नहीं हो सकेगी। इसके बाद भी वसूली होने लगी है। अगर पुराने भुगतान नहीं जोड़े जाएंगे तो जून के बिजली बिल में दो फीसदी की राहत भी मिल सकती है।

सौर ऊर्जा के

में लखनऊ ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। लखनऊ में कुल 1,02,596 सोलर इंस्टॉलेशन किए गए, जबकि दूसरे स्थान पर रहे नागपुर में 89,255 इंस्टॉलेशन दर्ज किए गए। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में सौर ऊर्जा के तेजी से विस्तार को दर्शाती है। राज्यवार वेरी हाई कंज्यूमर बेस श्रेणी में उत्तर प्रदेश को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके साथ ही सर्वाधिक उपभोक्ता आवेदन, सर्वाधिक सोलर इंस्टॉलेशन तथा अधिकतम वेंडर रजिस्ट्रेशन जैसी महत्वपूर्ण श्रेणियों में भी उत्तर प्रदेश ने देश में पहला स्थान हासिल किया। इस अवसर पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने इन उपलब्धियों का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व को दिया। उन्होंने दोनों नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। श्री शर्मा ने उत्तर प्रदेश, नोएडा तथा राज्य के सभी अधिकारियों, वेंडरों एवं लाभार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भविष्य में भी सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी। सौर ऊर्जा न केवल प्रदूषण मुक्त बिजली उपलब्ध कराती है, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश आज सौर ऊर्जा क्रांति का अग्रदूत बनकर उभरा है। यह उपलब्धि प्रदेशवासियों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। आने वाले समय में हम स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में और नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

देश के लिए

के दम पर देश का रोल मॉडल बना दिया है। पंचायती राज विभाग ने ग्रामीण सचिवालयों को सीधे शासन की मुख्यधारा से जोड़कर न केवल बिचौलियों की भूमिका को समाप्त किया है, बल्कि अंतिम पायदान पर बैठे ग्रामीण के लिए सरकारी सेवाओं को उनके दरवाजे पर सुलभ कर दिया है। एआई-आधारित पंचायत गेटवे पोर्टल में ग्राम सचिवालयों को पूरी तरह क्रियाशील और जवाबदेह बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने इस अनूठे डिजिटल सिस्टम को लागू किया है। इसके तहत वित्तीय पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम सचिवालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित फेशियल रिकग्निशन और जियो-फेंसिंग तकनीक लागू की गई है। ग्राम पंचायतों के किसी भी विकास कार्य का डिजिटल भुगतान तब तक नहीं हो सकता, जब तक कि संबंधित सचिव, ग्राम प्रधान या पंचायत सहायक की डिजिटल उपस्थिति सीधे ग्राम सचिवालय परिसर से दर्ज न हो। इससे वित्तीय गबन की संभावनाएं समाप्त हुई हैं और पारदर्शिता को नया आयाम मिला है। ग्राम सचिवालयों में आधार केंद्रों की स्थापना के तहत ग्रामीण नागरिकों, विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और दिव्यांगों की सहूलियत के लिए उत्तर प्रदेश के ग्राम सचिवालयों को ही आधार नामांकन और अपडेट केंद्रों के रूप में विकसित किया गया है। ग्रामीणों को अब अपने आधार कार्ड में सुधार या नए नामांकन के लिए तहसील या शहरों के चक्कर काटने से मुक्ति मिल गई है। पंचायती राज निदेशालय ने इसके लिए यूआईडीएआई (वकऊअक) से आधिकारिक रजिस्ट्रार के रूप में मान्यता प्राप्त की है। इससे ग्रामीणों का समय और पैसा तो बच ही रहा है, साथ ही पंचायत सहायकों को अतिरिक्त आय के अवसर भी मिल रहे हैं। डिजिटल गवर्नेंस के माध्यम से वित्तीय- पंचायतों को आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने के लिए राज्य में डिजिटल राजस्व संग्रह प्रणाली को कड़ाई से लागू किया गया है। मांग सृजन से लेकर तत्काल बैंक मिलान तक की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल कर दिया गया है। पारदर्शी व्यवस्था के चलते टैक्स चोरी रुकी है और पंचायतों की खुद की आय में भारी बढ़ोतरी हुई है, जिससे वे स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों के लिए पूरी तरह आत्मनिर्भर हो रही हैं और उन्हें दूसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को लेकर पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि ये हम सब के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। केंद्र सरकार की ओर से हमारी तीन योजनाओं को राष्ट्रीय मॉडल के रूप में स्वीकार करना यह दिखाता है कि उत्तर प्रदेश देश में सुशासन की नई परिभाषा लिख रहा है। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि- हम 'विकसित पंचायत से विकसित भारत' के संकल्प को गति देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह राष्ट्रीय सम्मान उत्तर प्रदेश की ग्रामीण शासन व्यवस्था में आए एक क्रांतिकारी बदलाव को रेखांकित करता है, जो आने वाले समय में देश के ग्रामीण परिदृश्य को बदलने में मील का पत्थर साबित होगा।

अर्थव्यवस्था को

अनुभवात्मक प्रदर्शनों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना युवाओं में राष्ट्रसेवा, अनुशासन और देशभक्ति की भावना को और सशक्त करेगी। आगरा में निर्माणाधीन छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रनायकों की प्रेरक गाथाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाना राष्ट्रीय दायित्व है। संग्रहालय में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन, स्वराज्य स्थापना, आगरा आगमन, औरंगजेब के दरबार में उनके अदम्य साहस, आगरा से ऐतिहासिक प्रस्थान, राज्याभिषेक, सैन्य नेतृत्व, हिंदवी स्वराज्य, किलों के विकास तथा सुशासन की अवधारणा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संग्रहालय में मराठा साम्राज्य और उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक संबंधों, काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनरुद्धार में अहिल्याबाई होल्कर की भूमिका, तीर्थस्थलों के संरक्षण, प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, स्वतंत्रता संग्राम के नायकों, ब्रज की संस्कृति को भी प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। नैमिषारण्य के समग्र विकास की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केवल एक तीर्थस्थल नहीं, बल्कि भारत की वैदिक ज्ञान परंपरा, आध्यात्मिक साधना और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत केंद्र है। इसके विकास में धार्मिक आस्था, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक सुविधाओं के बीच संतुलन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। बैठक में बताया गया कि समग्र मास्टर प्लान के अंतर्गत वेद विज्ञान केंद्र, वेदारण्यम वेलनेस एवं वैदिक थीम पार्क, राजघाट रिवरफ्रंट, व्यास गद्दी, सूत गद्दी, हनुमानगढ़ी, देवदेवेश्वर एवं रुद्रावत मंदिर परिसर, नैमिष हाट, तीर्थयात्री आवास, इंटरप्रिटेशन सेंटर तथा आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का विकास प्रस्तावित है। यह भी बताया गया कि इंटरप्रिटेशन सेंटर में वेदों की जन्मस्थली के रूप में नैमिषारण्य की अवधारणा, प्रोजेक्शन मैपिंग, लेजर शो, दशावतार विजुअलाइजेशन तथा पारंपरिक ग्राम्य जीवन के अनुभव को प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्ययोजना को मिशन मोड में आगे बढ़ाया जाए। मिजार्पुर-विंध्याचल क्षेत्र के लिए तैयार किए जा रहे इंटीग्रेटेड मास्टर प्लान की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मां विंध्यवासिनी धाम देश के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है और इसकी विकास योजना भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की जानी चाहिए। बैठक में त्रिकोण परिक्रमा क्षेत्र के विकास पर भी चर्चा हुई। यह भी बताया गया कि वर्ष 2050 तक संभावित श्रद्धालु संख्या को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के शक्तिपीठों के निकट माता सती की पौराणिक कथा का प्रभावी एवं आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया जाए तथा इसके लिए निजी क्षेत्र के सहयोग की संभावनाओं का भी उपयोग किया जाए। बैठक में चित्रकूट स्थित प्राचीन सोमनाथ मंदिर के संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण हमारी साझा जिम्मेदारी है। संरक्षण कार्यों में मूल स्वरूप, ऐतिहासिक प्रामाणिकता और स्थापत्य विशेषताओं को अक्षुण्ण रखते हुए आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जाए ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इन धरोहरों से प्रेरणा प्राप्त कर सकें।

एक पेड़

मुख्यमंत्री पौधरोपण करेंगे। यहां 200 से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। इस कार्यक्रम में वन मंत्री अरुण सक्सेना, प्रभारी मंत्री, प्रमुख सचिव, विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। इसके पश्चात राज्य के 17 नगर निगमों, 825 विकास खंडों, 762 नगर निकायों एवं सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान पूरे दिन चलेगा। वन विभाग के संयोजकत्व में ग्राम्य विकास, पंचायती राज, कृषि, उद्यान, नगर विकास आदि विभागों के सहयोग से अमृत सरोवर, तालाबों, सड़कों, एक्सप्रेसवे, नदियों, नहरों आदि के किनारे पौधे लगाए जाएंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, स्वयं सहायता समूहों, सामाजिक संगठनों आदि की भी सहभागिता होगी।

डीजी फायर

सभी हाईराइज इमारतों, अस्पतालों, होटलों, मॉल और अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की जांच और गहन परीक्षण कराया जाएगा। फायर विभाग के अनुसार प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाकर सुरक्षा मानकों की समीक्षा की जा रही है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में जनहानि को रोका जा सके। मुख्यमंत्री के निर्देश पर संबंधित विभागों को सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करने की चेतावनी दी गई है। डाजी फायर का कहना है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा, ताकि जरा सी लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना का कारण ना बन जाये।

पंत को शॉट पर नियंत्रण रखकर ऑफ साइड में खेलना चाहिए : देवेंद्र

नयी दिल्ली। ऋषभ पंत के बचपन के कोच देवेंद्र शर्मा ने इस भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज को आड़े शॉट खेलने से बचने और ऑफ-साइड पर अधिक खेलने की सलाह दी है। पंत के लिए आईपीएल का लगातार दूसरा सत्र निराशाजनक रहा, जिसके बाद उन्होंने लखनऊसुपर जायंट्स की कप्तानी छोड़ दी। अब वह भारत के लिए केवल टेस्ट क्रिकेट में खेलते हैं जहां हाल में उन्हें उप कप्तान पद से भी हटा दिया गया था। शर्मा ने कहा, वह जरूरत से ज्यादा कोशिश कर रहा है और बहुत अधिक आड़े शॉट खेल रहा है।

वह खुद पर बहुत ज्यादा दबाव डाल रहा है। उसे अधिक सीधे शॉट खेलने चाहिए, इससे उसे अधिक सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा, जब मैंने उससे आखिरी बार बात की थी, तो मैंने उसे फॉर्म में वापसी करने के लिए अधिक से अधिक सीधे शॉट खेलने का सुझाव दिया था। जब आप रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हो तो आपको बेसिक्स पर ध्यान देना चाहिए। पंत अब शनिवार से मुल्लांपुर में अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच में खेलते हुए नजर आएंगे। शर्मा ने कहा, मैं उसे थोड़ा अलग तरीके से खेलने और अलग रणनीति अपनाने की सलाह दूंगा, क्योंकि टेस्ट और टी20 क्रिकेट में बहुत अंतर होता है। पिछली बार जब वह भारत के लिए टेस्ट खेला था, तब उसने मैच विजेता पारी खेली थी। मुझे पूरा यकीन है कि वह अफगानिस्तान के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा, उसे संयमित आक्रामकता दिखानी चाहिए।

उसे ऑन-साइड की बजाय ऑफ-साइड पर ज्यादा खेलना चाहिए। ऋषभ पंत के लॉफ्टेड शॉट में अब भी वही रोमांच है लेकिन 50वें टेस्ट से दो दिन पूर्व इस विकेटकीपर बल्लेबाज को अलग रवैया अपनाते हुए देखा गया। अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले भारत के ट्रेनिंग सत्र के दौरान यह विकेटकीपर-बल्लेबाज अपनी बॉडी लैंग्वेज और इरादों दोनों में ही अधिक संयमित नजर आया। ऐसा लग रहा था कि वह मुख्य कोच गौतम गंभीर की सलाह पर अमल कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट जगत में यह किसी से छिपा नहीं है कि गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत के पिछले टेस्ट मैच के दौरान पंत के गैरजिम्मेदाराना शॉट चयन से गंभीर काफी नाराज थे।

कोहली अफगानिस्तान की वनडे श्रृंखला से बाहर

नयी दिल्ली। भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली हाल में समाप्त हुए आईपीएल के दौरान मांसपेशियों (हैमस्ट्रिंग) में खिंचाव के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ 13 जून से शुरू हो रही वनडे श्रृंखला से बृहस्पतिवार को बाहर हो गए। तीन मैचों की श्रृंखला का पहला मैच 13 जून को धर्मशाला में खेला जाएगा। कोहली को रविवार को अहमदाबाद में खेले गए आईपीएल फाइनल के दौरान चोट लगी थी।

उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने यह मैच जीत कर लगातार दूसरी बार आईपीएल का खिताब जीता था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, कोहली मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वनडे श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। फाइनल के दौरान उन्हें चोट लगी थी। स्कैन से पता चला है कि उनकी डिस्टल सेमीमेम्ब्रेनस टेंडन (घुटने के पीछे की मांसपेशियां) फट गई है। डिस्टल सेमीमेम्ब्रेनस टेंडन का फटना

मांसपेशियों से जुड़ी एक दुर्लभ चोट है जो नसों के उस जाल को प्रभावित करती है जो घुटने के ठीक नीचे मांसपेशियों को पिंडली की हड्डी के अंदरूनी हिस्से से जोड़ती है। अपनी शानदार फिटनेस के लिए मशहूर 37 वर्षीय कोहली ने आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया था। कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल में नाबाद अर्धशतक लगाकर विजयी रन बनाया था। अपने टी20 खेल में कुछ बदलाव करने वाले कोहली ने आरसीबी के विजय अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक सहित 675 रन बनाए।

कोहली के बाहर हो जाने से आगामी वनडे श्रृंखला की चमक भी फीकी पड़ गई है। भारत के पूर्व कप्तान कोहली अब केवल वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं लेकिन अब भी वह दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कोहली की शानदार फिटनेस को देखते हुए ऐसा कभी कभार ही हुआ है जब वह चोटिल होने के कारण किसी मैच या श्रृंखला से बाहर हो गए हों। अब यह देखना बाकी है कि रोहित शर्मा अफगानिस्तान के खिलाफ पूरी श्रृंखला के लिए उपलब्ध रहते हैं या नहीं। वह भी कोहली की तरह अब केवल वनडे प्रारूप में ही भारत की तरफ से खेलते हैं।

दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज बनीं जैस्मिन

प्रिया और विश्वनाथ विश्व रैंकिंग में शीर्ष तीन में, भारतीय मुक्केबाजों ने महिलाओं के 10 में से नौ वजन वर्ग में शीर्ष 10 में बनायी जगह

एजेंसी

नयी दिल्ली। गत विश्व चैंपियन जैस्मिन लंबोरिया नवीनतम विश्व मुक्केबाजी रैंकिंग में महिला 57 किग्रा वर्ग में शीर्ष पर हैं जबकि एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता प्रिया घंघास (60 किग्रा) और विश्वनाथ सुरेश (50 किग्रा) अपने-अपने वर्ग में शीर्ष तीन में शामिल हैं। भारतीय मुक्केबाजों ने महिलाओं के 10 में से नौ वजन वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाई है जबकि पुरुषों के 10 में से आठ वजन वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की है। महिला वर्ग में मीनाक्षी 48 किग्रा वर्ग में दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज बनीं हुईं हैं जबकि प्रीति पवार 54 किग्रा वर्ग में पांच स्थान के फायदे से तीसरे पायदान पर हैं।

इस साल एशियाई चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली जैस्मिन एक स्थान के फायदे से दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज बन गई। विश्व कप की पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और नुपुर (80 किग्रा से अधिक) अपने-अपने वजन वर्ग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। इस साल राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहीं दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51 किग्रा) एक स्थान के नुकसान से चौथे स्थान पर हैं। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) सातवें स्थान पर बरकरार हैं। पुरुष वर्ग में सचिन सिवाच (60 किग्रा) और एशियाई खेलों के पदक विजेता नरेंद्र बेरवाल (90 किग्रा से अधिक) शीर्ष पांच मुक्केबाजों में शामिल हैं।

विश्व कप के स्वर्ण पदक विजेता हितेश गूलिया (70 किग्रा) एक स्थान के नुकसान से छठे जबकि अभिनाश जामवाल (65 किग्रा) आठवें पायदान पर हैं। आकाश (75 किग्रा) और लोकेश (85 किग्रा) भी शीर्ष 10 में शामिल हैं। दोनों आठवें स्थान पर हैं। वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के मामले में भारत अभी तीसरे स्थान पर है। महिला वर्ग में मजबूत ताकत बनकर उभरा भारत दूसरे पायदान पर है जबकि पुरुष वर्ग में चौथे स्थान पर है। महिला वर्ग में प्रवीन (60 किग्रा) 13वें जबकि अंकुशिता बोरो (65 किग्रा) 11वें स्थान पर हैं। पुरुष वर्ग में अंकुश (80 किग्रा) 11वें जबकि दीपक (70 किग्रा) 12वें स्थान पर हैं। जुगनू (85 किग्रा) 14वें, हर्ष चौधरी (90 किग्रा) 10वें और सुमित (75 किग्रा) तथा कुमार नवीन (90 किग्रा) दोनों 18वें पायदान पर हैं।

मुझे विश्वास है कि भविष्य में योगासन ओलंपिक में जगह बनायेगा : पीएम मोदी

नयी दिल्ली। अहमदाबाद में पहली विश्व योगासन खेल चैम्पियनशिप की शुरुआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को योग के नये चरण का शुभारंभ बताते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि भविष्य में योगासन ओलंपिक समेत अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में अपनी जगह बनायेगा। अहमदाबाद में पहली विश्व योगासन खेल चैम्पियनशिप के सफल आयोजन की घोषणा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल भाषण में कहा, अहमदाबाद की धरती से विश्व की खेल विरासत में एक और नया अध्याय जुड़ा है। पहली विश्व योगासन चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने आये सभी देशों के खिलाड़ियों का भारत में स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि भविष्य में योगासन भी अंतरराष्ट्रीय खेलों में अपनी जगह बनायेगा। ओलंपिक हो या बहुखेल आयोजन हो निश्चित तौर पर अहमदाबाद में होने वाली पहली योगासन विश्व चैम्पियनशिप की इसमें बड़ी भूमिका होगी। अहमदाबाद में हो रही इस चैम्पियनशिप में 60 से अधिक देशों के 400 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। मेजबान भारत ने 122 सदस्यीय दल उतारा है जिसमें खिलाड़ी छह वर्गों में मुकाबला करेंगे। ये खिलाड़ी पांच दिन में व्यक्तिगत और कलात्मक स्पर्धा में अपना कौशल दिखायेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने योगासन खेल के विस्तार को नयी संभावनाओं का सृजनकर्ता बताते हुए कहा, हर बड़ा आयोजन अपने साथ रोजगार के नये अवसर पैदा करता है। जैसे जैसे योगासन खेल का विस्तार होगा, इससे जुड़ी नयी संभावनायें बनेंगी। यह खिलाड़ियों, ट्रेनर, खेल वैज्ञानिक, शोधकर्ताओं और इवेंट मैनेजर्स के लिये भी नये अवसर बनायेगा।

योगासन वर्तमान में आधिकारिक ओलंपिक खेलों का हिस्सा नहीं है। हालांकि इसे वैश्विक खेल के रूप में मान्यता दिलाने के प्रयास तेजी से चल रहे हैं। भारत सरकार और अंतरराष्ट्रीय संस्थायें इसे 2036 ओलंपिक में शामिल कराने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत हैं जिसकी मेजबानी का भारत इच्छुक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस से पहले यह चैम्पियनशिप खेल और फिटनेस की डबल डोज लेकर आई है। उन्होंने कहा, अहमदाबाद यूनेस्को विश्व हेरिटेज सिटी है और भारत के इस ऐतिहासिक शहर में ये आयोजन पूरे देश के लिये गर्व की बात है। यह चैम्पियनशिप ऐसे समय में हो रही है जब पूरी दुनिया 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में जुटी है। यह अपने आप में खेल और फिटनेस की डबल डोज लेकर आई है।

हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

जकार्ता। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू को लगातार दूसरे सप्ताह विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग से हार का सामना करना पड़ा जिससे वह गुरुवार को यहां इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। सिंधू पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी से हार गई थीं। सिंधू ने इंडोनेशिया ओपन के राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया और आखिर में 17-21, 14-21 से हार गईं।

इस हार से सिंधू की ओलंपिक चैंपियन के खिलाफ हार का सिलसिला 10 मैच तक बढ़ गया। भारतीय खिलाड़ी अभी तक आन के खिलाफ एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाई है। इस बीच हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की पुरुष युगल जोड़ी ने आरोन ताइ और केंग खाई शिंग की मलेशिया की बेहतर रैंकिंग वाली जोड़ी को हराकर उलटफेर करते हुए पहली बार किसी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

हरिहरन और अर्जुन ने राउंड ऑफ 16 मैच में पहला गेम गंवाने के बाद 16-21, 21-15, 21-19 से जीत दर्ज की। मलेशिया की इस जोड़ी ने ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप 2026 के पहले दौर में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की स्टार जोड़ी को हराया था।

हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद दूसरे गेम में जोरदार वापसी की और मैच को निर्णायक गेम में खींचाा। आखिरी गेम में भारतीय जोड़ी 16-17 से पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने धैर्य बरकरार रखते हुए 48 मिनट में जीत हासिल कर ली। भारतीय जोड़ी अब अगले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त मलेशिया के गोह जे फेई और नूर इज्जुद्दीन से भिड़ेगी। पुरुषों के एकल वर्ग में आयुष शेट्टी को हांगकांग के ली चेउक यिउ के खिलाफ 21-16, 13-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू और आन ने पहले गेम के शुरू में एक दूसरे के सामने कड़ी चुनौती पेश की।



एक समय स्कोर 10-10 पर बराबर था। इस दौरान सिंधू ने अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म की झलक दिखाई और कोरियाई खिलाड़ी पर दबाव बनाने में कामयाब रहीं। सिंधू अपने आक्रामक स्ट्रोकप्ले के दम पर 15-14 से आगे निकल गई, लेकिन आन ने अपने खास अंदाज में जवाब देते हुए लगातार अंक हासिल किए और 19-16 की बढ़त बना ली। इसके बाद कोरियाई खिलाड़ी ने लगातार दो अंक जीते और पहला गेम अपने नाम कर लिया।

संक्षेप

भारतीय हॉकी टीम पाक की चुनौती को तैयार

काकामिगाहारा (जापान)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को यहां अंडर-18 एशिया कप के सेमीफाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ अपनी कमियों से उबरकर जीत दर्ज करने की कोशिश करेगी जबकि महिला टीम चीन के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने के लक्ष्य के साथ उतरेगी। भारतीय अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम पूल ए में तीन जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रही। भारत ने अब तक अपने अभियान में 32 गोल किए और सिर्फ छह गोल खाए। पुरुष टीम ने टूर्नामेंट की शुरुआत कजाखस्तान के खिलाफ 13-0 की शानदार जीत के साथ की जिसके बाद उसे मेजबान जापान के हाथों 2-4 से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कोरिया पर 4-1 की जीत के साथ जोरदार वापसी की और उसके बाद चीनी ताइपे के खिलाफ 13-1 की बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

दो साल, कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के बारे में सोचता रहा : प्रज्ञानानंदा

ओस्लो। भारत के स्टार शतरंज खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा ने बृहस्पतिवार को स्वीकार किया कि कैंडिडेट्स टूर्नामेंट नहीं जीत पाने के मलाल से वह उबर नहीं सके क्योंकि उन्होंने इसके लिये काफी मेहनत की थी। बीस वर्ष के ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानानंदा इस साल साइप्रस में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट खेलने वाले आठ खिलाड़ियों में थे लेकिन खिताब उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव ने जीता जो विश्व चैम्पियनशिप खिताब के लिये डी गुकेश के चैलेंजर होंगे। प्रज्ञानानंदा सातवें स्थान पर रहे थे। अब उनके पास उस हार को भुलाकर नॉर्वे शतरंज जीतने का मौका है जिसमें वह वेसले सो से दो अंक पीछे तीसरे स्थान पर हैं और अभी दो राउंड बाकी हैं।

पैरा एथलीट की हत्या की सीबीआई जांच चाहती है पीसीआई, खेलमंत्री को लिखा पत्र

नयी दिल्ली। भारतीय पैरालम्पिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझडिया ने पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या की सीबीआई जांच की मांग करते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखकर कहा है कि इस घटना से देश का पैरा खेल जगत सकते में है। त्यागी 30 मई को गाजियाबाद में साई उपवन के समीप मृत पाये गए थे। उत्तर प्रदेश के मुरादनगर के बसंतपुर सेथली गांव के रहने वाले त्यागी राष्ट्रीय स्तर के स्वर्ण पदक विजेता थे और इस साल होने वाले पैरा एशियाई खेलों के लिये क्वालीफाई कर चुके थे। पुलिस ने बताया कि उनकी गोली मारकर हत्या की गई और एक अन्य पैरा एथलीट यश खटिक को इस मामले में हिरासत में लिया गया है। झाझडिया ने तीन जून को खेलमंत्री को लिखे पत्र में कहा, मैं उत्तर प्रदेश के क्लास टी12 (दृष्टिबाधित) पैरा एथलीट चिराग त्यागी की हत्या की ओर आपका त्वरित ध्यान आकर्षित करने के लिये पत्र लिख रहा हूं जिससे समूचा पैरा खेल जगत सकते में है। पत्र में लिखा गया, उनकी मौत से जुड़े हालात गंभीर चिंता पैदा करते हैं, जिनकी निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए।

भारत-अफगान वनडे : इकाना स्टेडियम में तैयारियां तेज

खेल संवाददाता

लखनऊ। भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन मैचों की वनडे श्रृंखला का दूसरा मुकाबला 17 जून को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच को लेकर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने तैयारियां तेज कर दी हैं और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में यूपीसीए के सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता ने बताया कि मुकाबले के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम धर्मशाला में पहला वनडे खेलने के बाद 15 जून की शाम तक लखनऊ पहुंच जाएगी। वहीं अफगानिस्तान की टीम भी इसी दिन शहर में पहुंचने की संभावना है। दोनों टीमें 16 जून को इकाना स्टेडियम में अभ्यास सत्र में हिस्सा लेंगी। यूपीसीए के कोषाध्यक्ष सचिन

- 15 जून तक लखनऊ पहुंचेंगी दोनों टीमें

आनंद शुक्ला ने बताया कि जून की भीषण गर्मी को देखते हुए दर्शकों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। स्टेडियम परिसर में आने वाले दर्शकों को मुफ्त पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि उन्हें गर्मी के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

उन्होंने टिकट व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि मुकाबले के लिए टिकटों की शुरूआती कीमत 599 रुपये निर्धारित की गई है, जबकि प्रीमियम श्रेणी के टिकट 25000 रुपये तक उपलब्ध होंगे।

फीफा मैत्री मैच में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद के साथ उतरेगा भारत

एजेंसी

हिसोर (ताजिकिस्तान)। पिछले महीने यूनिटी कप में लगातार दो हार से हताश भारतीय फुटबॉल टीम शुक्रवार को यहां फीफा अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में ताजिकिस्तान के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। भातर ने पिछले साल सीएएफए नेशंस कप में इसी विरोधी के खिलाफ जीत दर्ज की थी। भारत को हालांकि लंदन में यूनिटी कप के दौरान 27 और 30 मई को क्रमशः जमैका (0-2) और जिम्बाब्वे (0-1) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। दूसरा मैच भी रविवार को यहीं खेला जाएगा। पिछले साल 29 अगस्त को सीएएफए नेशंस कप के दौरान हिसोर सेंट्रल स्टेडियम में ताजिकिस्तान के खिलाफ भारत की 2-1 की जीत मुख्य कोच खालिद जमील के मार्गदर्शन में भारतीय टीम का पहला मैच था। उस टूर्नामेंट में भारत तीसरे स्थान पर रहा था। टीम ने पेनल्टी शूटआउट में ओमान को हराया था। लेकिन अगले छह मैच में भारत सिर्फ एक बार ही जीत दर्ज कर सका और उसे इस दौरना बांग्लादेश और सिंगापुर जैसी टीम से हार का सामना करना पड़ा।

प्रारूप बदलना आसान नहीं, जमकर किया अभ्यास

एजेंसी

मुल्लांपुर। बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने स्वीकार किया कि कम समय में टी20 क्रिकेट से टेस्ट प्रारूप में खेलना आसान नहीं होता है क्योंकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को समाप्त हुए अभी एक सप्ताह भी नहीं बीता है और भारतीय टीम को टेस्ट क्रिकेट की तैयारी करनी पड़ रही है। आईपीएल में कुलदीप की फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही और उनका खुद का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा। उन्होंने 12 मैचों में सिर्फ 10 विकेट लिए। अफगानिस्तान के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले कुलदीप ने पीटीआई से विशेष साक्षात्कार में कहा कि पिछले दो सप्ताह से वह क्रिकेट के सबसे बड़े प्रारूप में ढलने के लिए नेट पर अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, आईपीएल में खेलने के तुरंत बाद लाल गेंद की क्रिकेट खेलना आसान नहीं होता है। इसके लिए अच्छी तैयारी बेहद जरूरी होती है। सौभाग्य से मुझे समय मिल गया। मैंने कम से कम 10 से 15 दिन लाल गेंद से अभ्यास किया। जियोहॉटस्टार के सहयोग से किए गए इस साक्षात्कार में कुलदीप ने कहा, टी20 में आप हमेशा आक्रामक रहते हैं। आप हमेशा बल्लेबाज के खिलाफ हमलावर तेवर अपनाते हैं और इसी सोच के साथ खेल में बने रहते हैं। लेकिन टेस्ट क्रिकेट में ऐसा नहीं होता। बल्लेबाज के पास

काफी समय होता है। उन्होंने कहा, कुछ खिलाड़ी आईपीएल फाइनल के तुरंत बाद यहां आए हैं। उनके पास तैयारी के लिए ज्यादा समय नहीं है। मुझे उम्मीद है कि उन्होंने अच्छी तैयारी की होगी लेकिन निश्चित तौर पर यह बड़ी चुनौती है।

कुलदीप ने टेस्ट मैच की तैयारी के लिए उसके महत्वपूर्ण पहलुओं पर ध्यान दिया जिनमें धैर्य बनाए रखना भी शामिल है। उन्होंने कहा, लगातार अच्छी लेंथ पर गेंदबाजी करना महत्वपूर्ण होता है। यह बड़ी चुनौती होती है। रणनीति बहुत मायने रखती है। आप किस कोण से गेंदबाजी कर रहे हैं, क्रीज की किस स्थिति का उपयोग कर रहे हैं, यह सभी बातें बहुत महत्वपूर्ण होती हैं। अगर कुलदीप शनिवार से शुरू होने वाले अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र मैच में खेलते हैं, तो अपने करियर में पहली बार उनके साथ न तो रविचंद्रन अश्विन (संन्यास ले चुके हैं) और ना ही रवींद्र जडेजा (आराम दिया गया) होंगे।

ईरान को फुटबॉल की जंग में उतरने की चुनौती

अंताल्या। दुनिया भर की दिग्गज फुटबॉल टीमें विश्व कप की तैयारी में जुटी है लेकिन ईरान की टीम के सामने अलग ही चुनौती है जिसे ऐसे देश में जाकर खेलना है जिसका सामना उनका देश रणभूमि में भी कर रहा है। तुर्की में ईरान के अभ्यास शिविर के दौरान टीम के दो सदस्यों ने बताया कि किस तरह युद्ध का असर उनकी तैयारियों पर पड़ा है। विश्व कप 2018 और 2022 में ईरान के लिये खेल चुके मिडफील्डर सईद इजातोलाही ने कहा, ईमानदारी से कहूं तो यह आसान नहीं है।

सुमित-विवेक ने जीती इंटर कॉर्पोरेट टेनपिन टूर्नामेंट ट्रॉफी

खेल संवाददाता

लखनऊ। सुमित और विवेक की जोड़ी ने लुलु मॉल स्थित फंटूरा बॉलिंग एरिना में आयोजित इंटर कॉर्पोरेट टेनपिन बॉलिंग टूर्नामेंट 2026 के रोमांचक फाइनल में जीत के साथ विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। जेके सीमेंट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित तथा एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड (एसोचैम यूपी-यूके) और उत्तर प्रदेश टेनपिन बॉलिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित टूर्नामेंट ने कॉर्पोरेट जगत, उद्यमियों, पेशेवरों और खेल प्रेमियों को एक साझा मंच प्रदान किया। बुधवार को आयोजित टूर्नामेंट का समापन बेहद रोमांचक स्टेप-लैडर

- रोमांचक फाइनल में प्रियांशु-राजुल को हराया, कॉर्पोरेट वेलनेस और खेलों पर भी हुई विशेष चर्चा

फाइनल्स के साथ हुआ। खिताबी मुकाबले में सुमित और विवेक ने 366-330 के संयुक्त स्कोर के साथ प्रियांशु और राजुल को पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इससे पूर्व दूसरे एलिमिनेटर मुकाबले में प्रियांशु और राजुल ने सौरभ और इन्द्रजीत को 324-264 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। अंतिम परिणामों में सुमित और विवेक पहले स्थान पर रहे, जबकि प्रियांशु और राजुल उपविजेता बने। सौरभ और इन्द्रजीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। टूर्नामेंट का समापन देर रात आयोजित भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

टेनिकॉइट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का खाका तैयार

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में टेनिकॉइट खेल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और खिलाड़ियों के लिए अधिक अवसर सृजित करने के लक्ष्य के साथ टेनिकॉइट एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) गुरुवार को हुई। इस दौरान प्रदेशभर से जुटे पदाधिकारियों ने खेल के विस्तार, नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन तथा आगामी प्रतियोगिताओं की तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया। अवध रीजेंसी कैसरबाग स्थित उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के मीटिंग हॉल में हुई बैठक में प्रदेश में

- वार्षिक आम बैठक में खिलाड़ियों के बेहतर अवसरों और खेल विस्तार पर जोर

टेनिकॉइट के विस्तार, खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने तथा आगामी राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए पदाधिकारियों और जिला सचिवों ने भाग लिया। वाराणसी, बलिया, मऊ, आजमगढ़, लखनऊ, बाराबंकी, सीतापुर, आगरा, शामली, मिजार्पुर, जौनपुर, अयोध्या, गोंडा, गोरखपुर, सुल्तानपुर कुशीनगर, अम्बेडकरनगर, मुजफ्फरनगर, मथुरा, कानपुर देहात, चंदौली, गौतमबुद्ध नगर, उन्नाव, हरदोई, मैनपुरी, प्रतापगढ़, कानपुर, प्रयागराज, सहारनपुर और मेरठ सहित अनेक जिलों के प्रतिनिधियों ने बैठक में सहभागिता की।

फ्रेंच ओपन के फाइनल में खेलगा इटली का खिलाड़ी

पेरिस। इटली का एक खिलाड़ी फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में खेलेगा और यह खिलाड़ी यानिक सिनर या लोरेंजो मुसेटी नहीं होगा। फ्लेवियो कोबोली शुक्रवार को अपने हमवतन इतालवी खिलाड़ी माटेओ अर्नाल्डी के खिलाफ खेलेंगे। यह दोनों खिलाड़ी पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में खेलेंगे। कोबोली ने फेलिक्स ऑगर-एलियासिमे को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया।

मुजफ्फरपुर के निजी अस्पताल में लगी भीषण आग, पांच की मौत

जिल संवाददाता

मुजफ्फरपुर (बिहार)। बिहार में मुजफ्फरपुर जिले के ह्मपुरा थानाक्षेत्र में एक निजी अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में बृहस्पतिवार तड़के भीषण आग लगने से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के शशांक कुमार, कृष्णानंदन सिंह और गीता देवी, शिवहर जिले के उदय कुमार तथा सीतामढ़ी जिले की चंचला वर्मा के रूप में हुई है। नगर आयुक्त ज् तुराज सिंह ने कहा, अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। कई अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इससे पहले, मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने बताया था कि सुबह घटना की सूचना मिलने पर मृतकों की संख्या तीन थी। उन्होंने बताया कि आईसीयू में लगभग 13 से 15 मरीजों का इलाज चल रहा था, जिन्हें उनके परिजन अन्य अस्पतालों में ले गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा, हम मरीजों के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं। आग पर काबू पा लिया गया है और आवश्यक कानूनी कार्वाई की जा रही है। प्रसाद अस्पताल के प्रशासन के अनुसार, प्रारंभिक तौर पर आशंका है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी और तेजी से फैल गई।



भारत-वेनेजुएला ने लिया ऊर्जा साझेदारी का संकल्प

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत की ओर से अप्रैल से वेनेजुएला से कच्चे तेल की खरीद में तेजी आई है

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज के साथ व्यापक वार्ता की, जिसमें महत्वपूर्ण खनिजों, फार्मास्यूटिकल, कृषि और ऑटोमोबाइल सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में दोनों देशों ने अपनी जरूरतों पर आधारित दीर्घकालिक ऊर्जा साझेदारी स्थापित करने का संकल्प भी लिया। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत की ओर से अप्रैल से वेनेजुएला से कच्चे तेल की खरीद में तेजी आई है। यही नहीं, वेनेजुएला भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश बनकर भी उभरा है।

विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) रुद्रेंद्र टंडन ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि बैठक में रोड्रिगेज का स्पष्ट संदेश था कि उनका देश भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार और इस तथ्य के मद्देनजर भारत को पसंदीदा ऊर्जा भागीदार के रूप में देखता है कि वह आने वाले कई वर्षों तक ऊर्जा बाजार में एक स्थिर खरीदार बना रहेगा। टंडन ने बताया कि जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ऊर्जा संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक है और इसमें अपस्ट्रीम (खोज और

उत्पादन) और डाउनस्ट्रीम (शोधन और वितरण) दोनों गतिविधियां शामिल होंगी। उन्होंने कहा वार्ता में मुख्य रूप से ऊर्जा साझेदारी स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। वे (वेनेजुएला) भारत को आने वाले कई वर्षों तक एक स्थिर और भरोसेमंद खरीदार के रूप में देखते हैं। इसलिए, भारत और वेनेजुएला के लिए ऊर्जा क्षेत्र में, मिलकर काम करने की पूरी संभावना एवं अनुकूलता है। उन्होंने बताया कि वार्ता में भारतीय पक्ष ने वेनेजुएला पर ओएनजीसी विदेश के 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक के लाभांश बकाये का मुद्दा भी उठाया। टंडन ने एक सवाल के जवाब में कहा यह हमारा पैसा है। वे (वेनेजुएला) इस मुद्दे को लेकर बहुत गंभीर हैं। उन्होंने बताया कि मोदी-रोड्रिगेज की वार्ता में समग्र द्विपक्षीय आर्थिक साझेदारी का अन्य क्षेत्रों में भी विस्तार करने के मुद्दे पर विचार-विमर्श हुआ।

टंडन ने कहा, वेनेजुएला संसाधनों से समृद्ध देश है। वहां केवल खनिज ही नहीं, बल्कि सोना, हीरे और अन्य धातु भी पाए जाते हैं। इसलिए, खनन की अपार संभावनाएं हैं। वास्तव में इस बात पर चर्चा हुई कि उनके पास मौजूद संभावित भंडारों का आकलन कैसे किया जाए या क्या हम इस क्षेत्र में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने इस सवाल का सीधा जवाब देने से परहेज किया कि क्या जनवरी में अमेरिकी सेना की ओर से तत्कालीन राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हिरासत में लिए जाने के बाद वेनेजुएला में हुए सत्ता परिवर्तन पर बैठक में चर्चा हुई। टंडन ने कहा, हम सब जानते हैं कि वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन हुआ था। हम एक ऐसी सरकार के साथ काम कर रहे हैं, जो दोस्ताना रुख रखती है और भारत के साथ साझेदारी चाहती है। हम भी वैसा ही सहयोग देना चाहते हैं।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने ईरान के खिलाफ सैन्य कारवाई रोकने वाले अहम प्रस्ताव को दी मंजूरी

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने युद्ध संबंधी शक्तियों से जुड़े एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसके तहत ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्वाई को रोकने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान कुछ रिपब्लिकन सांसदों ने तीन महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में डेमोक्रेट्स का साथ दिया और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का विरोध किया।

युद्ध ने देश-विदेश की राजनीति को प्रभावित किया है। सदन के अध्यक्ष माइक जॉनसन ने दो सप्ताह पहले सदन की कार्यवाही अचानक स्थगित कर दी थी और इस प्रस्ताव को पारित होने से रोकने की कोशिश की थी।

सॉल्वर बने तो कुर्क होगी संपत्ति

लखनऊ। यूपी में 8 से 10 जून के बीच होने वाली सिपाही भर्ती परीक्षा में 32,679 पदों के लिए 28 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि परीक्षा में सॉल्वर बने तो संपत्ति कुर्क होगी। साथ ही एक करोड़ का जुमार्ना और उम्रकैद की भी सजा का प्रावधान है।

विदित हो कि यूपी में 32,679 आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 8, 9 एवं 10 जून को प्रदेश के सभी 75 जिलों के 1,183 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में संपन्न होगी।

प्रथम पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित होगी। भर्ती परीक्षा के लिए कुल 28,86,797 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने चेतावनी दी है कि अगर परीक्षा में सॉल्वर बने तो संपत्ति कुर्क होगी। उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 के प्रविधानों के तहत सजा दी जाएगी। साल्वर के पकड़े जाने पर पहली बार में अधिकतम सात वर्ष की सजा और 10 लाख रुपये का जुमार्ना और दूसरी बार पकड़े जाने पर आजीवन कारावास और 50 लाख से एक करोड़ रुपये तक जुमार्ने की सजा का प्रविधान है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K